[illegible] और अपराधी चरित्र को छुपाने के लिये, खासकर कुर्मी जाति के मझोले और धनी किसानों की समस्याओं पर भी भूमिसेना [illegible] करते रहे हैं। भूमि सेना का मुख्य इरादा कुर्मी जाति के लोगों की जातीय भावना का फायदा उठाना रहा है। [illegible] समर्थन मिलता रहा है। पटना जिले के [illegible] गांव में जिस तरह पुलिस कैम्प के ठीक सामने जो निर्दोष ग्रामीणों को दिन-दहाड़े [illegible] और बिहार पुलिस के बीच गठजोड़ की सच्चाई जाहिर होती है। पुलिस सुरक्षा में ही इसने औरंगाबाद जिले के [illegible] में 6 लोगों की हत्या [illegible] सन् 1984 तक के आंकड़ों के अनुसार केवल पटना और नालंदा जिले में भूमिसेना ने 200 सशस्त्र हमलों और हिंसक वारदातों में हिस्सा लिया था [illegible] भूमिसेना-पुलिस गठजोड़ के हाथों 116 व्यक्तियों की हत्या हो चुकी थी। अब यह संख्या 219 तक पहुंच चुकी है। [illegible] रपटों के मुताबिक [illegible] हथियारबंद दस्तों ने अब तक भूमिसेना के 80 सदस्यों का सफाया किया है। भूमिसेना पहले से काफी कमजोर पड़ गयी है।

ब्रह्मर्षि सेना [illegible] बिहार के भूमिहार भूस्वामियों, नेताओं, अपराधियों और ठेकेदारों की निजी सेना है। ब्रह्मर्षि सेना जहानाबाद, गया, नालंदा और पटना [illegible] सक्रिय है। [illegible] इस सेना के पास 550 से अधिक संगठित अपराधी कार्यकर्ता हैं। [illegible] नहीं की जानी चाहिये। इसका ढांचा काफी कुछ असंगठित स्वरूप लिये हुये है। [illegible] "[illegible]" [illegible] इसका कोई औपचारिक नेता या पदाधिकारी भी नहीं होता। एक गिरोह होने के नाते इसके [illegible] कांग्रेसी विधायकों को भी सेना का [illegible] भूमिहार भूस्वामी हितों के पोषक कुछ कांग्रेसी नेता भी हैं। एक निर्दलीय और [illegible] 303 के तहत अभी भी [illegible] इन विधायकों पर कई बार हत्या और हत्या के प्रयास के गंभीर मुकदमे भी [illegible] चल रहे हैं।

ब्रह्मर्षि सेना का गठन भूमिसेना के बाद हुआ था। इसका कारण यह था कि किसान आंदोलन का भूमिहार भूस्वामी बहुल इलाके के प्रवेश [illegible] किसान सभा और [illegible] के आंदोलन अपनी जड़ें जमा चुका था। जहानाबाद और गया के ग्रामीण क्षेत्रों में इस सेना ने [illegible] कार्यकर्ताओं की हत्या की। सी.पी.आई. लिबरेशन और पार्टीयूनिटी के हथियारबंद दस्तों से [illegible] भी मारे जा चुके हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री बिन्देश्वरी दुबे (सन् 1985 से फरवरी 88 तक) के शासनकाल में जातीय सेना का प्रभाव बढ़ता चला गया। [illegible] [illegible] कोई रोक-टोक नहीं रही। सत्ता के राजनीतिक कार्यकर्ताओं और जातीय जोड़-तोड़ को अनुकूल रखते हुए उन्होंने सेना [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] अंक सा बन गई थी। मुख्यमंत्री बिहार में भी इसकी चरम सीमा का भारी महत्व था। [illegible] बिहार में आई.जी., डी.आई.जी., [illegible] [illegible] एक के [illegible] "सेना" के [illegible] की [illegible] हो गये थे।

संदर्भ ग्रंथ-सूची

1. एस.एन.पी. श्रीवास्तव: बिहार का सच
2. [illegible], भोजपुर, [illegible], [illegible] इन इंडिया, 1983
3. प्रदीप गुप्ता, [illegible] [illegible] इन बिहार
4. ए.आर. देसाई, पीजेंट स्ट्रगल इन इंडिया
5. पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स की रिपोर्ट, सन् 1981
6. [illegible] [illegible] [illegible] रिपोर्ट [illegible] [illegible]
7. [illegible] [illegible]: द [illegible] ऑफ [illegible] [illegible]

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 11 अंक 5 सितंबर-अक्टूबर 2019

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की
मानक शोध पत्रिका



India's Leading Refereed Hindi Language Journal

कमलेश्वर की कहानियों में वर्णित मध्यवर्गीय जीवन मूल्य—रामचंद्र सिंह; डॉ० प्रमोद कुमार सिंह 927

रामचरित मानस में प्रख्यात और उत्पाद्य का वैशिष्ट्य—विशाल मिश्र 932

हिन्दी उपन्यास: समाज में स्त्री की जगह—हरिश्चन्द्र; डॉ० प्रमोद कुमार सिंह 935

मुंशी प्रेमचन्द के कथा-साहित्य में किसानों की राजनीतिक स्थिति—पंकज पाठक; डॉ० प्रमोद कुमार सिंह 938

समकालीन ... साहित्य : एक अवलोकन—डॉ० प्रेमचंद ... 942

मानसिक स्वास्थ्य में संगीत चिकित्सा की भूमिका—डॉ० ... 946

वर्तमान साहित्य की दशा और दिशा—डॉ० अनिल कुमार सिंह 949

अलवर और अजमेर जिले की अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग की भूमिका—डॉ० अंजु बाला; सुनील कुमार मीणा 953

डॉ० भीमराव अम्बेडकर का सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक दर्शन: एक विश्लेषण—डॉ० ... गौतम 956

कृष्णा सोबती की कहानियों में मूल्यबोध—डॉ० रेणु गुप्ता 959

माध्यमिक स्तर पर हिंदी सुलेखन कौशल के प्रोत्साहन की आवश्यकता एवं महत्त्व—अश्विनी कुमार पाठक 963

धार्मिक पाखंड के संदर्भ में भारतीय मनोविज्ञान की भूमिका—डॉ० रंजीत कुमार पाण्डेय 968

उपनिवेशवाद, पूँजीवाद और साम्राज्यवाद की पहचान करती कहानियां—डॉ० कृष्ण प्रताप सिंह 971

जिला बिलासपुर के माध्यमिक विद्यालयों के सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की आकांक्षा स्तर एवं शैक्षिक उपलब्धि के संबंध में तुलनात्मक अध्ययन—डॉ० विभा मिश्रा 974

बीसवीं सदी की पत्रकारिता का हिंदी भाषा विकास में योगदान—प्रा० अशोक मुरलीधर ... 978

सांस्कृतिक राजनैतिक पुनरुत्थान के संदर्भ में नरेश मेहता का काव्य—डॉ० संजीव श्रीवास्तव 982

भारत में पर्यटन स्थल का रोजगार व जीविका पर प्रभाव—किरण कुमारी 987

गांधी जी के अहिंसा का दर्शन एवं सत्याग्रह की परिकल्पना—प्रमिला यादव 991

... और कर्मव्यवहार—डॉ० दिनेश कुमार 995

बिहार में किसानों की स्थिति एवं समस्याएँ—डॉ० सीमा पटेल; मनोज कुमार यादव 1000

ब्रिटिश काल में परम्परागत अर्थव्यवस्था का पतन—राहुल पाण्डेय; डॉ० सीमा पटेल 1003

जौनसार-बावर में प्रचलित परम्परागत ... की न्याय व्यवस्था का ऐतिहासिक अध्ययन—वीरपाल सिंह; सतेन्द्र ... 1006

आंचलिकता की अवधारणा और 'मैला आँचल' का रूपगठन—अरविन्द कुमार अवस्थी 1014

पं० दीनदयाल उपाध्याय का शिक्षा दर्शन—डॉ० के०डी० तिवारी 1019

... और शिक्षा—डॉ० बृजेश कुमार पाण्डेय 1022

... जनजातीय स्वशासन परम्परा एवं सामाजिक संरचना के विविध आयाम—डॉ० नरेश सिंह 1025

माध्यमिक स्तर पर अध्यापकों एवं विद्यालय त्यागी विद्यार्थियों के अभिभावक सम्बन्ध का तुलनात्मक अध्ययन—राकेश कुमार 1030

स्त्री ... की ... यात्रा—डॉ० सुमित्रा महरौल 1037

स्मृतियों में वर्णित प्राचीन भारतीय समाज में दासियाँ—डॉ० प्रभात कुमार; अनीता देवी 1040

भारत में चुनाव सुधार-दशा और दिशा—डॉ० अर्चना गुप्ता 1044

नेपाल में लोकतंत्र की प्रमुख चुनौतियाँ: ... के विशेष संदर्भ में—डॉ० राजेश कुमार 1047

हिंदी कथा साहित्य के विकास में साहित्यिक पत्रिकाओं का योगदान—महेंद्र कुमार ...; डॉ० अभिलाषा कुमार ... 1050

हिन्दी कहानी में नारी-विमर्श: नारी लेखन के संदर्भ में—डॉ० सिन्धु सुमन 1053

ब्रिटिशि काल में परम्परागत अर्थव्यवस्था का पतन

राहुल पाण्डेय

शोधार्थी

डॉ० सीमा पटेल

शोध निर्देशिका, एसोसिएट प्रोफेसर, सह-आचार्य, इतिहास विभाग, क० क० पटेल महाविद्यालय, मधुआ

[illegible]

से अधिक लोगों का जीवनयापन होता है। यदि जनसंख्या बढ़ जाती है तो पुराने समुदाय की ही तरह जिस जमीन पर कब्जा न हो उसपर एक नए समुदाय की स्थापना कर दी जाती है। यह संपूर्ण प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से इन समुदायों के श्रमविभाजन को उद्घाटित करती है लेकिन उद्योगों में होने वाले श्रम में जैसा श्रम-विभाजन होता है, वैसा यहाँ असंभव है, क्योंकि सुनार, लोहार या बढ़ई आदि को एक अपरिवर्तनीय बाजार मिलता है और [illegible] गाँव के स्वरूप पर निर्भर करती है। समुदाय में श्रमविभाजन का नियंत्रण प्राकृतिक न्याय के अप्रतिरोध्य प्राधिकार से नियंत्रित होता है। इसके साथ ही प्रत्येक शिल्पकार, लोहार, बढ़ई आदि सभी अपनी कर्मशाला में अपनी जातियों के सभी कार्य स्वतंत्रतापूर्वक, परंपरागत रूप से संपन्न करते हैं। जिसमें उन पर कोई भी अधिकारी नियंत्रण नहीं करता। इन समुदायों के आत्मनिर्भर उत्पादन की सांगठनिक ढाँचे की सरलता यह है कि यह उसी रूप में निरंतर अपने को पुनरुत्पादित करता है और जब कभी दुर्घटनावश बर्बाद हो जाता है तो उसी स्थान पर उसी नाम से पुनः प्रस्थापित हो जाता है। यही स्वाभाविकता एशियाई समाज की अपरिवर्तनशीलता के रहस्य की कुंजी है। ऐसी अपरिवर्तनशीलता जो असाधारण विरोधाभास के साथ एशियाई राज्य के कभी भी समाप्त न होने वाले राजतंत्र के परिवर्तन के साथ विघटन और पुनर्स्थापना में मौजूद है। इस समाज के आर्थिक ढाँचे के तत्व, राजनीतिक बादलों की तूफानी गाज से बचे भी अक्षुण्ण बने रहते हैं। मार्क्स द्वारा की गई यह विवेचना बहुत सुंदर ढंग से प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज का सार प्रस्तुत करता है।

ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के औपनिवेशिक शासन और शोषण ने भारत की परंपरागत उत्पादन व्यवस्था और स्वावलंबी समाज व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। 1757 ई. में प्लासी का युद्ध जीतने के बाद ब्रिटिश सेना भारत के विभिन्न इलाकों पर कब्जा करती गई। ब्रिटिश सेना द्वारा अधिकृत इलाकों में पुरानी आर्थिक व्यवस्था और सामाजिक श्रमविभाजन को भी चकनाचूर कर दिया गया। इलाकों पर कब्जा करने के साथ ही उस इलाके का अतिरिक्त उत्पादन साम्राज्यवादियों को प्राप्त हो गया। साम्राज्यवादियों ने भारतीय संपदा को खुलकर लूटा और शोषण किया। लूटी गई भारतीय संपदा सीधे इंग्लैंड भेजी जाने लगी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के अंदर व्यापार करने पर भारी कर लगा दिया। कंपनी ने खुद कर्ज देने और सूदखोरी का काम शुरू कर दिया। इस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय जनता से अकूत धन निचोड़ लिया। इस प्रत्यक्ष लूट को मार्क्स ने 'नजराना' कहा। संपूर्ण 18वीं सदी में प्रत्यक्ष लूट के जरिए भारत से ब्रिटेन संपदा इंग्लैंड को भेजी गई वह व्यापार द्वारा अर्जित की गई विशाल संपदा से कई गुना अधिक थी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत से इंग्लैंड तक सोना ढोने वाली गाड़ी की तरह भूमिका निभाई। भारतीय जनता के खून-पसीने की कमाई कंपनी के रुपयों में बदल गई और यही धन ब्रिटेन की शुरुआती पूँजी एकत्र करने का मुख्य स्रोत था। ब्रिटिश उपनिवेशकों ने 1757 ई० से 1812 ई. तक 55 वर्षों में भारत से सीधे आमदनी के रूप में दस करोड़ पाउंड से कहीं अधिक धन एकत्र किया। षड्यंत्रकारी तरीके से सैनिक विजय और विजित क्षेत्रों में संपदा लूटने का सिलसिला कई दशकों तक जारी रहा। धीरे-धीरे उपनिवेशकों ने अनुभव किया कि ब्रिटिश शासन के स्थायी और संचित कर के लिए शोषण को नियंत्रित करना चाहिए और उसे कानूनी स्वरूप देना चाहिए। इसलिए ब्रिटिश औद्योगिक पूँजी के लिए साम्राज्यवादियों ने कुछ प्रशासनिक तरीके लागू किए और भूमि व्यवस्था में भी कुछ परिवर्तन किए। वायसराय लार्ड कार्नवालिस के शासनकाल में 1793 ई० में ब्रिटिश उपनिवेशकों ने भूमि के स्थायी बंदोबस्त अधिनियम को पारित कर नियमित रूप से ईस्ट इंडिया कंपनी के राजस्व कर की वसूली की व्यवस्था बनाई। 1793 ई० के अधिनियम और अन्य अधिनियमों के जरिए निश्चित कर दिया गया कि जमीन पर जमींदार का ही मालिकाना हक होगा और किसी का नहीं। ग्रामस्वामियों के उत्तराधिकार संबंधी अधिकार और छोटे भू-स्वामियों के अधिकारों की मान्यता समाप्त कर दी गई। इस कानून के तहत बंगाल प्रेसीडेंसी की जनता को जमीन पर उनके उत्तराधिकारी दावों से वंचित कर दिया गया और मालगुजारी टैक्स संग्रह करने वाले जमींदार को जमीन पर अधिकार सौंप दिया गया। जमीन पर एक तरह का मालिकाना हक होने के बावजूद जमींदार को औपनिवेशिक ब्रिटिश राजसत्ता को [illegible] गुना लगान देना पड़ता था। ऐसा न कर पाने पर राजसत्ता, जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को दे देती, जो यह धन राशि चुका देता था। इसलिए औपनिवेशिक शासकों की संतुष्टि के लिए और अपनी उन्नति के लिए जमींदार किसानों का और अधिक शोषण करते थे। धीरे-धीरे यह शोषण असहनीय होता चला जाता था। जमींदारों द्वारा ब्रिटिश शासन को निश्चित कर देना था। लेकिन वे किसानों पर किसी भी हद तक कर बढ़ा सकते थे। पुरानी भारतीय ग्रामीण व्यवस्था की श्रेष्ठता समाप्त हो गई और इस प्रक्रिया के जरिए जमींदारों का एक नया तबका सामने आया जिसमें सूदखोर, व्यवसायी और औपनिवेशिक अधिकारी शामिल थे। खेती करने वाले किसानों और जमींदारों के बीच में अनेक बिचौलिए पैदा हो गए। इनमें हर कोई किसान को चूस लेना चाहता था। इस प्रकार किसानों का शोषण हर प्रकार की सीमाएं पार कर गया। उपनिवेशकों ने किसानों का शोषण करने के लिए दक्षिण भारत में रैयतवारी व्यवस्था लागू की। किसान जमीन के एक टुकड़े का स्थायी काश्तकार बन गया। एक मेहनती किसान तमाम जिम्मेदारियों के साथ जमीन से बंध गया। वास्तव में वह भूमि दास में जकड़ गया।

इस प्रकार जमींदारी और रैयतवारी, किसानों का शोषण करने के लिए दो मुख्य परिवर्तित सामंती तरीके थे। यह नए सामंती तरीके किसानों को गुलाम बनाने वाले और उपनिवेशकों के लिए पूर्ण रूप से लाभकारी थे। अंग्रेजी पूँजीपतियों ने, इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति को सहायता देने के लिए भारत में लूट और शोषण का माल इंग्लैंड पहुँचाने के साथ-साथ भारत में इंग्लैंड के औद्योगिक माल के उत्पादन की आवश्यकता महसूस की। दूसरे शब्दों में, इस माल के साथ मुक्त व्यापार बढ़ सकता है। 1757 ई० के प्लासी युद्ध के समय से अब तक भारत के साथ एकाधिकारी रूप से ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा व्यापार संपूर्ण रूप से ब्रिटिश पूँजीपतियों की हित पूर्ति नहीं कर रहा था। एक नए बाजार की खोज से प्रेरित इंग्लिश पूँजीपति ने ईस्ट इंडिया कंपनी को मुनाफे को समाप्त करने का नया अभियान छेड़ दिया। सन् 1813 ई० में भारतीय व्यापार में ईस्ट इंडिया कंपनी का एकाधिकार समाप्त कर भारत के साथ मुक्त व्यापार का द्वार खोल दिया गया। यह वास्तव में भारत के आर्थिक शोषण के नए दौर की शुरुआत थी। ईस्ट इंडिया कंपनी अब तक भारतीय रेशम, सूती और अन्य विलासिता के सामान खरीद कर, इंग्लैंड को निर्यात कर मुनाफा कमा रही थी। लेकिन 1813 ई० के बाद भारतीय बाजार को ब्रिटिश औद्योगिक वस्तुओं के लिए खुला कर देने से भारत में ब्रिटिश माल तेजी से आयात होने लगा।

यह आयात सन् 1814 ई० में 160000 पाउंड की तुलना में सन् 1828 में 5800000 पाउंड तक बढ़ गया। यह संपूर्ण ब्रिटिश निर्यात का आठवाँ भाग था। सन् 1828 ई० में भारत के साथ व्यापार में लगे ब्रिटिश व्यापारी जहाजों ने करीब 110000 टन माल ढोया। सन् 1814 ई० में ब्रिटेन ने भारत को 21[illegible] गज सादा कपड़ा और 800000 गज रंगीन सूती कपड़ा भेजा। वर्ष 1828 ई० में यह क्रमशः 160 लाख और 200 लाख गज तक बढ़ गया। भारत में

का रेलों के विकास होने से बंदरगाहों का व्यापारिक केन्द्रों से सीधा संबंध जुड़ गया। इसलिए ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने निर्यात करने के प्रयास को और तेज कर दिया। एक तरफ ब्रिटिश व्यापारियों को भारत में माल लाने की पूरी छूट थी वहीं दूसरी तरफ इंग्लैंड में भारतीय रेशम और मलमल पर 70 से 80% आयात कर लगता था। इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था को दोनों तरफ से हानि उठानी पड़ी। उपनिवेशवादी की इस भेदभावपूर्ण व्यापार नीति के कारण भारतीय सूती हथकरघा उद्योग बरबाद हो गया। ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादन खास कर सूती उद्योग तेजी से विकसित हुआ। यह केवल तकनीकी उत्कृष्टता का मामला नहीं था। एक तरफ मुक्त व्यापार और इंग्लैंड में भारतीय आयात पर रोक की साम्राज्यवादी नीति ने भारत के देशी उद्योगों को नष्ट किया और अपने देश में औद्योगिक विकास को शक्ति प्रदान की। यह केवल भारतीय सूती उद्योग के साथ ही नहीं हुआ, भारत के अन्य उद्योगों के साथ भी यही हुआ। इसी प्रकार भारतीय धातु उद्योग को भी नष्ट किया गया।

ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादन और विकास के लिए भारतीय कच्चा माल अपरिहार्य था। इंग्लैंड में उत्पादित औद्योगिक माल से भारत के बाजार को पाट देना ब्रिटिश शासकों के हित में था और भारतीय कच्चा माल और कृषि उत्पादों को इंग्लैंड में आयात करना भी तात्कालिक आवश्यकता थी। साम्राज्यवादियों की इस भेदकारी व्यापारिक नीति ने भारत को पूंजीवादी ब्रिटेन के लिए कच्चा माल देने वाला सहायक बना दिया और साथ ही साथ सामंतवादी शोषण के तरीकों को बरकरार रख कर भारतीय जनता को फटे हाल कर दिया। औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत भारत को इंग्लैंड के कच्चा माल और कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने के स्रोत के रूप में बलपूर्वक रूपांतरण ने भारत के अंदर पारंपरिक श्रमविभाजन पर विनाशकारी प्रभाव डाला। पहले तो यह विभाजन कृषि और ग्राम उद्योगों में हुआ। इस प्रक्रिया ने भारतीय दस्तकारों, कारीगरों को अपने युगों पुराने व्यवसायों से निर्दयतापूर्वक उखाड़ फेंका। इन आपदाग्रस्त लोगों के पास पहले से ही अत्यधिक दबाव झेल रहे गाँवों में जाने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं रहा। परंपरागत भारतीय अर्थव्यवस्था के अनोखे तत्व जो उद्योग और कृषि उत्पाद में सामंजस्य कायम करते थे, समाप्त कर दिए गए। हजारों वर्षों की सभ्यता की जड़ें खोद दी गईं और भारतीय सामाजिक व्यवस्था का ढांचा छिन्न-भिन्न हो गया। इस परिघटना ने भारतीय मजदूर वर्ग की कठिनाइयों को और बढ़ा दिया। भारत को इंग्लैंड का कच्चा माल और कृषि उत्पादन के एक सहायक बनाने की प्रक्रिया बेहद भंजनाकारी और कठोर थी।

भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बेहद तोड़-फोड़ का भयानक असर पड़ा। उस समय की बरबादी की याद आज भी भारतीयों के दिमाग में कौंधती रहती है। इस सब का कारण ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा औपनिवेशिक भारत का शोषण करने की नीति ही थी।

भारतीय आधुनिक उद्योग का विकास, भारतीय मजदूर वर्ग की उत्पत्ति, इसके बाद का विकास और इससे जुड़ी समस्याओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में रखना और कृषि अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक दबाव की परिघटना के असर को अवश्य समझना चाहिए।

संदर्भ

1. कार्ल मार्क्स, दास कैपिटल, वाल्यूम 1, फॉरेन लैंग्वेज पब्लिशिंग हाउस, मास्को, 1954, पृ. 357-58
2. मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स द्वारा लिखी पुस्तक ऑन कॉलोनियलिज्म में कार्ल मार्क्स का लेख 'द ईस्ट इंडिया कंपनी : इट्स हिस्ट्री एण्ड रिजल्ट', फॉरेन लैंग्वेज पब्लिशिंग हाउस, मास्को, पृ. 51
3. कमेटी ऑफ कारस्पोंडेंस का खत, ईस्ट इंडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स को प्रस्तुत, 9 फरवरी, 1813, हंसार्ड्स पार्लियामेंटरी डिबेट, वाल्यूम 25, पृ. 28, कैपिटलिज्म इन इंडिया, बेसिक ट्रेंड्स इन इट्स डेवलपमेंट, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, लेखक ए.आई. लेवकोव्स्की, पृ. 10
4. ए.आई.लेवकोव्स्की, कैपिटलिज्म इन इंडिया: बेसिक ट्रेंड्स इन इट्स डेवलपमेंट, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृ. 19

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 12 अंक 5 सितंबर-अक्टूबर 2020

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की
मानक शोध पत्रिका



IMPACT FACTOR : 5.051

India's Leading Refereed Hindi Language Journal

इलाहाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में हो रहे पलायन से महिलाओं के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन पर प्रभाव का एक अध्ययन
–डॉ॰ राकेश सिंह सेंगर 896
साहित्य समाज एवं होली का त्यौहार–डॉ॰ संजय कुमार सिंह 904
साहित्य एवं मीडिया: वर्तमान समाज निर्माण के महत्त्वपूर्ण माध्यम- संस्कृत साहित्य के आलोक में–डॉ॰ तेज प्रकाश 907
महिला अधिकार : नीतियाँ एवं वास्तविकता–रजनी 911
भारतीय अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का योगदान–फरमूद हसन 914
रामदरश मिश्र के काव्य-साहित्य में आर्थिक चेतना–डॉ॰ विनोद शर्मा 917
महात्मा गाँधी के राष्ट्रवाद का केंद्रीय तत्व–स्वराज–डॉ॰ विपिन राजपूत; रंजन प्रसाद 921
मध्यकालीन बोध का अर्थ–डॉ॰ कृष्ण प्रताप सिंह 924
कृष्णा सोबती के उपन्यास '[illegible]' में नारी के जीवन संघर्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति–डॉ॰ शीतला प्रसाद जायसवाल; रणजीत सिंह 927
साहित्य एवं पत्रकारिता का अंतःसंबंध–अशोक मुरलीधर भोसले 931
अध्यापक एवं सूचना संप्रेषण एवं सूचना संचार प्रौद्योगिकी: बिलासपुर जिले के छात्राध्यापकों के संदर्भ में एक अध्ययन
–विद्याभूषण शर्मा; डॉ॰ संतोष कुमार साहू 934
जिला बिलासपुर के माध्यमिक विद्यालयों के सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की आकांक्षा स्तर का अध्ययन–डॉ॰ विनय मिश्रा 938
सांस्कृतिक अनुवाद (प्रतीकांतरण) : विश्लेषणात्मक अध्ययन–डॉ॰ हरप्रीत कौर 942
पंचवर्षीय योजनाओं के विकास में भारत की कृषि व्यवस्था–डॉ॰ अजय कुमार सिंह 947
हरियाणा संस्कृति में कलात्मक हवेलियाँ तथा बैठकें–डॉ॰ कविता 950
मध्यकालीन हरियाणा के धार्मिक पौराणिक भित्ति चित्र–डॉ॰ मीनाक्षी गुप्ता; मीनाक्षी 955
छायावाद में स्त्री विषयक चिंतन का रूप–शोभा सुधा कुमारी 959
प्रेमचंद की कहानियों के आलोक में मानवाधिकार–डॉ॰ सिन्धु सुमन 961
माध्यमिक शिक्षा और विश्व की रचना–डॉ॰ रितेश कुमार 965
बिहार में क्रांतिकारी किसान संघर्ष–डॉ॰ सीमा पटेल; मनोज कुमार यादव 969
सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का प्रभाव एवं चुनौतियाँ–डॉ॰ विक्रम सिंह 972
भारतीय मजदूर वर्ग का उद्भव एवं विकास : एक अध्ययन–राहुल पाण्डेय; डॉ॰ सीमा पटेल 976
माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के सामाजिक परिपक्वता का उनकी शैक्षिक निष्पत्ति पर प्रभाव का अध्ययन
–डॉ॰ प्रेमचन्द यादव; शिवकांत यादव 979
अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं की शैक्षिक समस्याओं का तुलनात्मक अध्ययन–शशि सिंह 983
महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में वर्णित योग का स्वरूप एवं अवधारणा–डॉ॰ श्याम सुन्दर 986
ग्रामीण दलित महिलाओं के सशक्तिकरण में कल्याणकारी योजनाओं का योगदान–रविन्द्र कुमार 990
माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत एवं विद्यालय त्यक्त विद्यार्थियों के मानसिक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन–राकेश कुमार 993
भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के मनोवैज्ञानिक पक्ष–मनीष पाल; डॉ॰ कुमारी ज्योति 997
बिलासपुर के झुग्गी बाहुल्य क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के आर्थिक स्थिति का अध्ययन–कु॰ आरती तिवारी; डॉ॰ ऋचा यादव 1002
अध्यापक की निर्देशिका एवं अभिभावक की संतानों का साक्ष्य: दृष्टान्त–डॉ॰ पूजा शर्मा 1005
भारत में पंचायती राज व 'ग्राम सभा' की भूमिका–बृजेन्द्र कुमार सिंह 1008
योग स्वास्थ्य शिक्षा की आवश्यकता–डॉ॰ मुकेश कुमार पाण्डेय 1011
आधुनिक विचारकों के नारीवादी विचारों का एक अध्ययन–डॉ॰ आर॰ एम॰ साहुके 1014

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में श्रम संघ की भूमिका

डॉ० सीमा पटेल

शोध निर्देशक, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

नीतू कुमारी

शोधकर्त्री

कोई आंदोलन यों ही नहीं उठ खड़ा होता। लोग जब चाहें तब कोई आंदोलन शुरू नहीं कर सकते। हर आंदोलन अपनी विशेष ऐतिहासिक स्थिति की उपज होता है। ऐतिहासिक स्थिति या ऐतिहासिक संदर्भ ही संबद्ध आंदोलन को जन्म देता है। इसीलिए मात्र व्यक्तिगत या राजनैतिक त्रुटियों के संदर्भ में किसी आंदोलन का अध्ययन करना गलत होगा। यदि हम सही ढंग से किसी आंदोलन का मूल्यांकन करना चाहते हैं तो हमें उस ऐतिहासिक स्थिति को सही संदर्भ से शुरुआत करनी होगी जिसके बीच वह आंदोलन उत्पन्न और विकसित होता है। साथ ही हमें उन शक्तियों को भी पहचानना होगा जो उसमें निहित रही हैं।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान ट्रेड यूनियन तथा किसान आंदोलन एवं संगठनों की भूमिका उतनी सीधी-सरल नहीं है जितनी की कोई लोग समझते हैं। वास्तव में, इस विषय में आज भी कई गलत धारणाएँ प्रचलित हैं। यह एक आम प्रथा हो गई है कि किसानों और मजदूरों को राष्ट्रीय आंदोलन से पृथक करके देखा जाता है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को उनकी स्वतंत्रता का अग्रदूत माना जाता है। इसका मूल कारण शायद यह आम प्रवृत्ति है कि हम चन्द नेताओं को ही जन-सामान्य समझ लेते हैं और जो आंदोलन नेताओं की महत्ता (या महत्त्वाकांक्षा) से शुरू होता है उसे गलती से जन आंदोलन मान बैठते हैं, भले ही उसका उद्देश्य कुछ भी क्यों न रहा हो। ऐसे उदाहरणों में सच पूछा जाए तो 'जन' शब्द की धारणा को ही एकदम विकृत कर दिया गया है। ऐसी विकृतियों से बचने के लिए यह बहुत जरूरी है कि हम भारत के राष्ट्रीय आंदोलन को सही ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में रखकर देखें और इसमें ट्रेड यूनियनों एवं किसानों की क्या भूमिका रही, इसपर नए सिरे से विचार करें। इस लेख में इस प्रकार की जाँच-पड़ताल की कोशिश की जाएगी।

यहाँ हम ट्रेड यूनियनों को लेते हैं। "भारत में श्रमिक आंदोलन की शुरुआत पचास वर्ष पहले हुई, किंतु एक संगठित आंदोलन के रूप में इसका क्रमबद्ध इतिहास प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद से शुरू होता है। 1850 से 1859 के बीच का दशक 'भारत की औद्योगिक क्रांति के चरण को प्रकट करता है। इस दशक के दौरान भारत में जो तब तक एक कृषि-प्रधान देश था-पहले तो रेल आई, फिर बंगाल तथा बंबई राज्यों में अन्य सहायक उद्योगों का आगमन हुआ, जैसे कोयला उत्खनन, जूट और सूती कपड़ा। भारत में जो उद्योगीकरण हो रहा था उसके पीछे औपनिवेशिक शक्ति का यह षड्यंत्र था कि वह देश के संसाधनों का अधिक-से-अधिक शोषण कर सके। इसके मूल में मानव-प्रेम या लोकोपकार की भावना नहीं थी जैसा कि कुछ लोग सोचते हैं। ब्रिटेन एक पूँजीवादी देश था और एक पूँजीवादी देश होने के नाते जैसा कि स्वाभाविक ही है, उसे अपनी अतिरिक्त मूल्य-आधारित (Surplus Value Oriented) उत्पादन-प्रक्रिया के लिए सस्ते कच्चे माल की जरूरत थी। भारत जैसे देश के संदर्भ में, जो कच्चे माल और तरह-तरह के संसाधनों की दृष्टि से काफी संपन्न था, यह बहुत जरूरी था कि कच्चे माल की अधिकता वाले केंद्रों को आपस में जोड़ा जाए। इसी वजह से रेलें चलाई गईं और कोयला-खनन उद्योग का विकास किया गया। अतः उद्योगीकरण की पहली लहर के साथ जो उद्योग आए उनकी स्थापना हमारे देशवासियों ने नहीं की थी। वास्तव में इस समय का भारत मूलतः एक ग्राम-आधारित तथा कृषि प्रधान समाज था, अतः अब तक उसका अपना पूँजीपति वर्ग विकसित नहीं हो पाया था। औपनिवेशिक शासन के दबाव से प्राचीन परंपरागत ग्राम-आधारित प्रणाली धीरे-धीरे टूट रही थी और नवीन सामाजिक प्रणाली (जो आज भी जारी है) अभी अस्तित्व में नहीं आई थी। हमारे यहाँ व्यापारी और साहूकार तो थे किंतु पूँजीपति नहीं। इसी वजह से भारत में मजदूर वर्ग जैसी कोई चीज नहीं थी (क्योंकि उद्योग नहीं थे), किंतु उद्योगीकरण की दिशा में जो औपनिवेशिक प्रयास हुए उसी की प्रक्रिया में विविध उद्योगों (जिनका हम पहले उल्लेख कर चुके हैं) का उदय हुआ और उनके साथ ही, जैसा कि स्वाभाविक है, औद्योगिक श्रमिक शक्ति (Working Force) भी विकसित हुई। लगभग 60 वर्षों तक उद्योगीकरण कुछ प्रमुख क्षेत्रों तक ही सीमित रहा, जैसे रेलवे, कोयला-खनन, जूट, कपड़ा इत्यादि। किंतु इस सीमित क्षेत्र में उद्योगों का जो विकास हुआ वह उल्लेखनीय था। उद्योगों के विकास के साथ-साथ श्रमिक-संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई किंतु भारत की कुल जनसंख्या के सामने इस संख्या का विशेष महत्त्व नहीं था। वास्तव प्रथम विश्वयुद्ध के अंत होने से पहले तक भारतीय जनता का कोई उल्लेखनीय प्रतिशत मजदूर वर्ग के अंतर्गत नहीं आ पाया था। बहरहाल, संख्या की दृष्टि से मजदूर वर्ग की इस नगण्यता के बावजूद, उनका उदय ही अपने आप में एक सामाजिक क्रांति थी। पहली बार अनेक व्यक्ति एक ही छत के नीचे इकट्ठे हुए, अनेक हाथ एक ही मशीन को चलाने के लिए प्रवृत्त हुए। इसी प्रकार एक बात और हुई जो अब तक अनजान थे और वह यह कि लोग एक ही तरह के अनुभव-अर्जन में सहभागी हुए। 'मेरी भूमि-मेरा बटाईदार' (My land-My tenant) का जमाना अब बीत रहा था। अब एकाकी किसान का युग बीत रहा था और उसके

[illegible] 'सामुदायिक अनुराग के अभाव' [illegible]

[illegible]

[illegible] संपत्ति (Property) और पूँजी (Capital) [illegible] पुनरुत्पादन (reproduction) [illegible] अधिशेष (surplus) [illegible] बेशी उत्पादन (Surplus generation) [illegible] बेशी (surplus) [illegible]

भारत में मजदूर वर्ग के असंतोष के प्रारंभिक संकेत:-

ट्रेड यूनियन आंदोलन के अंतर्गत मजदूर वर्ग के असंतोष के पहले चिह्न 1870 में शुरू होने वाले दशक के मध्य में दिखाई दिए। अपने नियोक्ताओं (employers) के खिलाफ हड़ताल के रूप में मजदूरों की कार्रवाई का पहला उल्लेख 1877 में मिलता है जब उन्होंने नागपुर की एम्प्रेस मिल में हड़ताल की। केवल 1882 और 1890 के बीच मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसियों में 25 हड़तालें दर्ज की गईं। बहरहाल, ये सभी हड़तालें स्वतःस्फूर्त ही हुई थीं। दूसरे शब्दों में उनके पीछे कोई व्यवस्थित योजना नहीं थी क्योंकि "मजदूर [illegible] और असंगठित थे। ज्यादातर गाँव से आए थे और कुछ समय के लिए [illegible] उन्होंने अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश की थी। और यदि स्थिति ज्यादा बिगड़ गई तो संबद्ध मजदूर इसका उपचार हड़ताल से नहीं करते थे, बल्कि वे संबद्ध मिल या उद्योग को ही छोड़कर चले जाते थे।

ये हड़तालें इसलिए भी असंगठित थीं कि मजदूर अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि के कारण अपने साथ बहुत-से धार्मिक निषेध तथा वर्जनाएं (taboosAnd [illegible]) भी लाए थे, जिसकी वजह से वे अपने-आप को संगठित करने में असमर्थ थे। पूर्ण एकता की भावना के अभाव में संगठन असंभव है किंतु इस भावना का [illegible] नहीं था। [illegible] सामाजिक फूट के साथ-साथ अनेक परंपरागत बाधाएँ इस कार्य को और भी ज्यादा कठिन बना रही थीं।

भारत में श्रमिक संघों का उदय:-

[illegible] है कि भारत में मजदूरों के संगठन की शुरुआत एक बाहर के मानव-प्रेमी (Philanthropist) एन.एम. लोखंडे (N.M. Lokhandy) के हाथों से हुई। [illegible] 1884 में लोखंडे ने काम करने की परिस्थितियों के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए बंबई की कपड़ा मिलों में काम करने वाले मजदूरों की एक सभा की। पाँच हजार मजदूरों ने एक याचिका या पिटीशन (जिसे लोखंडे ने काम करने की परिस्थितियों के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए [illegible]) [illegible] फैक्ट्री कमीशन के प्रेसीडेंट को दे दिया गया। इस आयोग की नियुक्ति फैक्ट्री अधिनियम (FactoriesAct) की जाँच के लिए की गई थी। लोखंडे ने अपने आपको बंबई मिल-मजदूर संघ का अध्यक्ष (President) बनाया था। इस संघ का प्रायः भारत के [illegible] मजदूर [illegible] के रूप में उल्लेख किया जाता है। बहरहाल, यह एक अतिशयोक्ति है क्योंकि लोखंडे द्वारा गठित संघ, मजदूर संघ के बजाय, मजदूर [illegible] मजदूरों के लिए कुछ [illegible] था। वास्तव में इसमें ट्रेड यूनियन गतिविधियाँ प्रायः नगण्य थीं। इसका मुख्य उद्देश्य था सरकार के [illegible]। रजनी पाम दत्त ने ठीक ही कहा है, "लोखंडे श्रम विधान (labour legislation) और मजदूर कल्याण [illegible] मजदूर संगठन या मजदूर संघर्ष के पथप्रदर्शक नहीं। इसके बाद इस तरह की अनेक श्रमिक यूनियनें बनीं, जैसे 'अमलगमेटिड सोसायटी ऑफ रेलवे सर्वेंट्स ऑफ इंडिया एंड बर्मा' (Amalgamated Society of Railway Servants of IndiaAnd Burma), जिसमें प्रमुखतः एंग्लो-इंडियन तथा यूरोपीय कर्मचारी [illegible] शामिल थे, 1905 में कोलकाता की 'प्रिंटर्स यूनियन', 1907 में बंबई की 'पोस्टल यूनियन' आदि। इनमें से किसी यूनियन ने, [illegible] भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 [illegible] से पहले की किसी भी यूनियन ने, मजदूरों के संघर्ष को [illegible] नहीं किया [illegible] मजदूरों [illegible] हुई। किंतु इस संगठन ने, जो तीन दशक बाद अपनी सभी [illegible] में अपने आपको सर्वसाधारण का प्रतिनिधि [illegible] की गई थी। अतः इसकी [illegible] संघर्ष की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस की स्थापना मूलतः शिक्षित मध्य वर्ग को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से [illegible] दिलचस्पी का केंद्र मध्य वर्ग का हित था, मजदूर वर्ग का हित नहीं।

जो स्वाभाविक प्रतीत होती है के बाद से एकता की [illegible] नहीं तथा आर्थिक वर्गों की जड़ता- "

बहरहाल, संगठन की इस कमी के बावजूद मजदूर [illegible] नहीं रहा। [illegible], जिसकी वजह से मिल लगभग एक सप्ताह के लिए बंद हो गई थी। उदाहरण के लिए, 1895 की बजबज जूट मिल की हड़ताल, [illegible] अहमदाबाद मिल ओनर्स एसोसिएशन (Ahmedabad Mill Owner's Association) के खिलाफ अहमदाबाद के 8,000 बुनकरों की हड़ताल [illegible] हो गई थी, और उसी वर्ष अहमदाबाद मिल मालिक संघ [illegible] बुनियादी योजना का विरोध हो रहा था। डी. एच. बुकानन के अनुसार आंदोलनों के [illegible] हड़ताल से स्पष्ट प्रकट होता है कि मजदूरों की कार्रवाई में एकता तथा बुनियादी [illegible] के बीच वास्तविक यूनियनों का अस्तित्व नहीं था, वहां लोगों का एक बहुत [illegible] बावजूद 1880 और 1908 के बीच [illegible] कार्रवाई करते थे और एक समूह के रूप में वे एकदम स्वतंत्र थे। मि. [illegible] (जो कि किसी खास मिल में मजदूर प्रायः एकता की भावना से प्रेरित होकर [illegible] के शब्दों में "मजदूर अपने मालिकों के विरुद्ध काफी [illegible] थे", और "लगभग एक मजदूर [illegible] बाद तक बंबई [illegible] के उद्योग [illegible] थे) [illegible] इन कथनों में थोड़ी अतिशयोक्ति दिखाई दे तो बंबई के [illegible] ने जो तथ्य [illegible] में हालांकि उनकी कोई ट्रेड यूनियन नहीं थी।" यदि इन [illegible] मजदूर स्थिति के मालिक थे, और मिल मालिकों की सुरक्षा की जितनी जरूरत थी उतनी मजदूरों को [illegible] ऊपर के सभी कथनों को [illegible] हैं, "मजदूर [illegible] नहीं।

ऊपर के कथन से यह संकेत नहीं ग्रहण करना चाहिए कि मजदूरों में बड़ी तेजी से चेतना का विकास हो रहा था। वास्तव में, मजदूरों की स्थिति का अधिक [illegible] मूल्यांकन यह होगा कि उनकी स्थिति कार्यक्षेत्र एक प्रकार की "उपेक्षित भीड़ जैसी थी किंतु यह जरूरी नहीं है कि कार्रवाई में एकता [illegible] लिए [illegible] होनी चाहिए। कार्रवाई में एकरूपता के लिए सोच में एकरूपता होनी चाहिए। और करने की आवश्यकता नहीं को सोच में [illegible] एकरूपता थी। इसमें संदेह नहीं कि स्थिति काफी गंभीर थी, किंतु इसे [illegible] स्थिति नहीं माना जा सकता। बहरहाल, मजदूर-विरोध का [illegible] बड़ा। अंग्रेजों के लिए यह कोई सुखद [illegible] ही नहीं थी क्योंकि उद्योगीकरण में संलग्न किसी समाज में औद्योगिक श्रम-शक्ति की बड़ी ही महत्वपूर्ण स्थिति होती है। महत्वपूर्ण इसलिए कि यह श्रम-शक्ति हड़ताल आदि के जरिए उद्योगीकरण की प्रक्रिया को ठप कर सकती है। इसलिए बुकानन (Buchanan) के कथन में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे मिथ्या या कल्पित बताकर उपेक्षित कर दिया जाए।

हड़तालों का जुझारू तेवर:-

अब तक जिन हड़तालों की चर्चा की गई है, उनमें उतने जुझारूपन की प्रवृत्ति नहीं थी। 1905 के पहले तक भारतीय मजदूर में लड़ाई का [illegible] की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर नहीं होती। 1905-1906 के दौरान स्थिति बदल गई। राष्ट्रीय आंदोलन लड़ाई के मार्ग की ओर अग्रसर होता जा रहा था। अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन जैसी कार्रवाइयों से मध्यवर्गीय संगठन कांग्रेस को अपना विरोधी बना दिया था। [illegible] के नेतृत्व में साम्राज्यवाद को भारतीयों के शत्रु के रूप में पेश किया जा रहा था। भारतीय मजदूरों में भी इस उत्पात की प्रतिध्वनि हुई। बंबई की कपड़ा मिलों में (काम के घंटे बढ़ाने के खिलाफ), रेलवे में, विशेष रूप से पूर्वी बंगाल राज्य रेलवे (Eastern Bangal State Railway) में और कलकत्ता के गवर्नमेंट प्रेस में गंभीर हड़तालें हुईं। इनका [illegible] तब आया जब 1908 में तिलक को छह वर्ष की कारावास की सजा के विरोध में छह दिन की राजनीतिक जन-हड़ताल हुई। प्रथम विश्वयुद्ध शुरू होने तक [illegible] सूती मिलों तथा जूट उद्योगों का दूर-दूर तक विस्तार हो चुका था और उसमें आरंभ में जितने लोग काम करते थे उससे कई गुने लोग काम पर लग चुके थे। 1914 में भारत के अंदर 264 कपड़ा मिलें कार्यरत थीं जिनमें लगभग 2,60,000 कर्मचारी नियोजित थे। बंगाल में जूट उद्योग का भी विकास हुआ जिससे 1912 तक वहाँ 60 मिलें थीं जिनमें 2,00,000 मजदूर काम करते थे। 1914 तक रेलवे में लगभग 6,00,000 लोग काम पर लगे हुए थे। टाटा का लोहा तथा स्टील (इस्पात) उद्योग 1911 में स्थापित हो गया था, हालांकि आरंभिक वर्षों में उसमें नियोजित मजदूरों की संख्या अधिक नहीं थी। इसलिए प्रथम विश्वयुद्ध तक जो उद्योग ट्रेड यूनियन संगठन के लिए जिम्मेदार रहे वे थे जूट व कपड़ा उद्योग और रेलवे"। अतः प्रथम विश्वयुद्ध के बाद से उद्योग अतिरिक्त महत्वपूर्ण और व्यापक हड़ताल आंदोलन के [illegible] बनने वाले थे।

प्रथम विश्वयुद्ध का प्रभाव:-

प्रथम विश्वयुद्ध के बाद भारत में राजनीतिक तथा आर्थिक हालातों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए। राजनीतिक दृष्टि से साम्राज्यवादियों ने भारतीय पूंजीपति वर्ग के साथ विश्वासघात किया था। इस पूंजीपति वर्ग का राजनीतिक संगठन (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) सरकार से वे छूटें प्राप्त करने में असमर्थ रहा जिनकी उसने युद्ध के दौरान सहायता के बदले प्राप्त करने की आशा की थी। और भी खराब बात यह थी कि देशी पूंजीपतियों को युद्ध के दौरान अर्थव्यवस्था के विविधीकरण में थोड़ा-सा हिस्सा देने के बाद सरकार फिर असंतुलन की उसी पूर्ववर्ती स्थिति में लौट आई थी। वर्साई (Versailles) में मित्र देशों के हाथों तुर्की का जो अपमान हुआ था उससे मुसलमान क्षुब्ध थे। असंतोष की इन विभिन्न धाराओं ने मिलकर कांग्रेस और लीग के पुनर्मिलन का वातावरण तैयार किया जो तत्काल स्वशासन के कार्यक्रम पर आधारित था।

राजनीतिक क्षेत्र में जहाँ जनसाधारण अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा था, वहीं आर्थिक मोर्चे पर युद्ध से मजदूर वर्ग को सबसे ज्यादा आघात पहुँचा। युद्ध के दौरान वस्तुओं की कीमतें दुगुनी हो गईं, किंतु इस महँगाई के अनुरूप मजदूरों के वेतन में वृद्धि नहीं हुई। इसके विपरीत नियोक्ता (employers) [illegible] मुनाफा कमा रहे थे। इस महँगाई की वजह से औद्योगिक कामगार को सबसे ज्यादा कष्ट भोगना पड़ा। मध्य वर्ग ने इस असंतुष्ट और [illegible] हुए मजदूर वर्ग का बड़ी चतुराई से अपने राजनीतिक एवं आर्थिक स्वार्थों के लिए उपयोग करने की कोशिश की। इसके परिणामस्वरूप एक भारी हड़ताल आंदोलन चलाया गया जिसने अपनी गतिविधि के दौरान भारतीय श्रमिक आंदोलन की शक्ल ही बदल दी। पिछले कई दशकों से श्रमिक-असंतोष की जो भावना इकट्ठी होती चली आ रही थी उसे पहली बार नियोजित तथा व्यवस्थित रूप में व्यक्त होने का मौका मिला। ट्रेड यूनियन आंदोलन अब एक निश्चित आकार प्रहण करता जा रहा था। किंतु यह स्थिति एक अन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण थी। इसने भारतीय ट्रेड यूनियनों पर मध्य वर्ग के जबरदस्त प्रभाव की शुरुआत का सूत्रपात किया, एक ऐसा प्रभाव जिसे अभी तक खत्म नहीं किया जा सका है। यह प्रभाव ही वस्तुतः भारतीय मजदूर वर्ग की आर्थिक दुर्दशा का प्रतीक था क्योंकि इस महत्वपूर्ण बिंदु पर जो लोग उनका नेतृत्व करने आए और आगे तक नेतृत्व करते रहे, उनमें से कुछ का मजदूर वर्ग से कोई खास सरोकार

जों का इसके लिए वे यह वर्ग अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति का साधन पा सका। "1918 में जो हड़तालों का दौर शुरू हुआ और लगभग तीन वर्ष तक चलता रहा उसका क्षेत्र बहुत व्यापक था और उसकी तीव्रता को दबाया नहीं जा सकता था। 1918 के अंत में पहली बड़ी हड़ताल हुई जिसने कपड़ा मिलों के एक प्रमुख केंद्र बंबई में पूरे-के-पूरे उद्योग को प्रभावित किया। जनवरी 1919 तक सभी मिलों में लगभग 1,25,000 मजदूर हड़ताल पर थे। 1919 के अंत में रौलेट एक्ट के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल के प्रतिक्रियास्वरूप मजदूरों ने जगह-जगह हड़तालें कीं। शीघ्र ही हड़तालों की यह लहर अपने शिखर पर पहुँच गई। केवल छह महीने की अवधि में लगभग 200 हड़तालें हुईं जिनमें लगभग 25 लाख मजदूर शामिल हुए। निम्नलिखित आँकड़ों से इस आंदोलन की व्यापकता और तीव्रता का कुछ अंदाज लगाया जा सकता है।

"4 नवंबर से 2 दिसंबर तक, ऊनी कपड़ा मिल, कानपुर के 17,000 लोग हड़ताल पर; 17 दिसंबर, 1919 से 9 जनवरी, 1920 तक, जूट मिल, कलकत्ता के 35,000 लोग हड़ताल पर; 31 जनवरी को ब्रिटिश इंडिया नेविगेशन कंपनी के 10,000 लोग हड़ताल पर; 24 जनवरी से 20 मार्च तक, टाटा आयरन एंड स्टील वर्क्स के 40,000 लोग हड़ताल पर; 9 मार्च को मिल ओनर्स, बंबई के 60,000 लोग हड़ताल पर; 20-26 मार्च, मिल मजदूर, मद्रास के 17,000 लोग हड़ताल पर; मिल मजदूर, अहमदाबाद के 25,000 लोग हड़ताल पर।"

संदर्भ सूची

1. R.P. Dutt, India Today.
2. Bulletin of the Department of IndustriesAnd Labour, quoted by V.B. Karnik, Indian Trade Unions :A Survey (1960).
3. R.P. Dutt, India Today.
4. D.H. Buchanan, The Development of Capitalist Enterprise in India, quoted in Harold Crouch, Trade UnionsAnd Politics in India.
5. डी.मौरिस ने 1920 से पहले बंबई कपड़ा उद्योग में श्रमिक शक्ति को चित्रित किया है। देखिए .D. Morris, Labour Discipline in Trade Unions.
6. Harold Crouch, Trade UnionsAnd Politics in India.
7. R.P. Dutt, India Today.
8. R.K. Das, The Labour Movement in India, pp. 36-37.
9. Harold Crouch, op. cit.
10. V.B. Karnik, op. cit.

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 11 अंक 4 जुलाई-अगस्त 2019

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

India's Leading Refereed Hindi Language Journal

IMPACT FACTOR : 5.051

दृष्टिकोण

उत्तरआधुनिकता और उपभोक्तावाद: मृगतृष्णा या वास्तविक सुख की तलाश–डॉ० रमेश कुमार बर्णवाल 125
अर्वाचीन कवियित्री पंडिता क्षमाराव का संस्कृत साहित्य में योगदान–डॉ० मीना गुप्ता 130
धूमिल का काव्य संग्रह 'संसद से सड़क तक' : व्यवस्था विरोध का जीवंत दस्तावेज–डॉ० मलकीयत सिंह 132
पटना जिला में अनुसूचित जाति की साक्षरता: एक भौगोलिक मूल्यांकन–डॉ० मनोज कुमार सिन्हा 138
उच्च शिक्षा के खिलाड़ी विद्यार्थियों में सामाजिक कौशल का विकास: एक अध्ययन–श्रीमती चेतना योगी; प्रो० वंदना गोस्वामी; डॉ० सपना शर्मा 145
गुरु ग्रन्थ साहब में कबीर (भक्ति आन्दोलन के सन्दर्भ में)–डॉ० कुलदीप कौर पाहवा 150
नाट्य साहित्य में डॉ. सिद्धनाथ कुमार का योगदान–रोशन कुमार 153
भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम–डॉ० जया भारती 156
बिहार में सुशासन और जल जीवन हरियाली: एक समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० तेलानी मीना होरो 159
वैदिक संस्कृति व धर्म के पुनरुत्थान में गुप्त शासकों का योगदान–डॉ० ईशा शर्मा 162
पारंपरिक और आधुनिक योग का स्वरूप: एक दार्शनिक विश्लेषण–प्रिया कुमारी तिवारी 166
दूरस्थ शिक्षा के अन्तर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों का एम० लर्निंग के प्रति अभिमत का अध्ययन–प्रियंका रावत 169
भारतीय अमूर्त चित्रकला के अग्रदूत डॉ० गगनेन्द्रनाथ ठाकुर (पाश्चात्य घनवादी कला के परिप्रेक्ष्य में)–डॉ० मंजू सिंह 174
कला शिक्षा के कुछ मूलभूत प्रश्न–आकांक्षा वर्मा; डॉ० शकुन्तला मिश्र 177
साहित्य में दलित चिंतन का स्वर–डॉ० मनीषा सिंह 179
संस्थानों में विकलांग व्यक्तियों को 'समावेश' के संचार में बाधाएं : एक सामान्य परिप्रेक्ष्य–शिवानी 182
विश्व भाषा हिन्दी के विविध आयाम–डॉ० अनु शर्मा 186
कुमाऊं वाणी सामुदायिक रेडियो का ग्रामीणों पर प्रभाव–हर्षवर्धन पाण्डे 189
हिंदी के विकास में बुन्देलखंडी साहित्य का योगदान–क्रमांक शुक्ला 195
डॉ० सतीश कुमार त्रिवेदी की लघु कथाओं का सौंदर्य–अंजना गुप्ता; विनोद कुमार जायसवाल 199
1818 की ब्रिटिश संधि व बीकानेर रियासत–पार्वती गोयल 205
आधुनिक चित्रकला में कोलाज चित्रण–डॉ० ईश्वर चन्द गुप्ता 207
ग्रामीण विकास में स्वयं सहायता समूह माइक्रोफाइनेंस : महिला सशक्तिकरण की सर्वोच्च विधि–डॉ० शाहिद ईमान 211
साहित्य की जनवादी धारा और मुक्तिबोध–डॉ० अंबुजा एन् मलखेडकर 213
आधुनिक संदर्भ में वाल्मीकीय रामायण एवं श्रीराम के आदर्शों की प्रासंगिकता–डॉ० श्रीधर हेगडे 216
हिन्दी पत्र के प्रगति का काल (1924 से 1939 तक)–डॉ० सीमा पटेल; नीतू कुमारी 219
पहाड़ी लघु चित्रों में सांस्कृतिक प्रभाव–डॉ० पुनीता शर्मा 225
भारत में केन्द्र-राज्य सम्बन्ध: एक अध्ययन–डॉ० अकलाम आलम 226
भारतीय विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता: एक अवलोकन–प्रो० (डॉ०) पूनम 230
भारत में सामाजिक कल्याण कार्यक्रम: बदलते परिदृश्य, उभरती समस्याएं और लक्षित समूह–अम्बुज मिश्र 233
निराला के काव्य में प्रगति चेतना का समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० नगीना बानो 235
हिंदी के विकास में पत्र-पत्रिकाओं का योगदान–डॉ० ज्योत्सना यादव 242
वैश्वीकरण के दौर में परम्परागत लोक कलाओं का बदलता स्वरूप: एक अध्ययन–डॉ० रश्मि शर्मा 244
ब्रिटिश आर्थिक नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव–राजेश कुमार 249

श्रम संघ के प्रगति का काल (1924 से 1939 तक)

डॉ० सीमा पटेल

[illegible], एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

नीतू कुमारी

शोधकर्ता, इतिहास विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

भारतीय मजदूर वर्ग के आंदोलन में सन् 1926 से 1929 समय बहुत महत्वपूर्ण है।

पूरे देश के राजनीतिक और आर्थिक जीवन में एक प्रभावशाली उथल-पुथल आसन्न था। भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन ने मजदूर वर्ग संगठन और [illegible] इसलिए इस दौर के मजदूर आंदोलन पर कम्युनिस्ट विचार का काफी दृढ़ प्रभाव दिखाई पड़ता है। इन वर्षों के दौरान जहां-जहां हड़तालें हुई यद्यपि सरकार ने इन संघर्षों पर 'कम्युनिस्ट षड्यंत्र' का आरोप लगाने का प्रयास किया लेकिन कम्युनिस्टों के नेतृत्व में हुई बहुत सी हड़तालें, मजदूर वर्ग की समस्याओं का दमन करने और उनके अंदर सुलग रहे असंतोष की तीखी अभिव्यक्ति थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गतिविधियों और संघर्षों के बढ़ते स्तर के साथ-साथ संघर्ष के दौरान मजदूर वर्ग का वर्गीय दृष्टिकोण भी विकसित हुआ।

सन् 1929 में सरकार ने 'कम्युनिस्टों से खतरे' का हौवा खड़ा करके मजदूर वर्ग के जुझारू संघर्षों पर क्रूर दमन कर उनको उखाड़ फेंकने का प्रयास किया सरकार ने इनके खिलाफ जनता को भड़काने की भी कार्यनीति अपनाई। तेजी से बढ़ रहे मजदूर वर्ग आंदोलन को [illegible] नियंत्रण में रखने के लिए एक तरफ सरकार ने 'इंडियन ट्रेड यूनियन ऐक्ट, 1926 (भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926) लागू किया तो दूसरी तरफ 'ट्रेड डिस्प्यूट ऐक्ट' (औद्योगिक विवाद अधिनियम) और 'पब्लिक सेफ्टी ऐक्ट' (जन सुरक्षा अधिनियम) के जरिए अपने दमनकारी इरादों को अंजाम दिया। इन कानूनों के सुनियोजित समायोजन से मजदूर वर्ग और जनता के जुझारू संघर्षों को समाप्त करने के लिए सरकार ने बड़ी सावधानी से कुचक्र चुना और 'कम्युनिस्ट खतरे' को समाप्त करने, इस बात को पुष्ट करने के लिए 'मेरठ षड्यंत्र केस' शुरू किया।

राजनीतिक संघर्ष में नया विश्वास

पिछले कई वर्षों से संघर्ष न करने की जो नीति अपनाई जा रही थी उसके परिणामस्वरूप साम्राज्यवाद विरोधी शक्तियों में विघटन, बिखराव और व्यापक निराशा व्याप्त हो गई। इसके अतिरिक्त साम्प्रदायिक हिंसा के अंकुरण से इन शक्तियों का और भी पतन हुआ। साम्राज्यवादियों ने राष्ट्रीय आंदोलन की इन कमजोरियों पर बड़ी तेजी से [illegible] की और बहुत शीघ्र अपनी आर्थिक और प्रशासनिक नीतियों को पुनर्सुदृढ़ किया। अपनी दमनकारी नीतियों को [illegible] बंधे हुए तरीके से लागू किया।

सन् 1927 का मुद्रा बिल (करेंसी बिल) भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए करारा झटका था। हिल्टन यंग करेंसी कमीशन 1925-26 ने रुपए के अवमूल्यन की सिफारिश की और एक रुपया की कीमत 1 शिलिंग 6 पेंस के बराबर निर्धारित की। इंडियन स्टील प्रोटेक्शन बिल 1924 के संशोधन के द्वारा 1927 में सरकार ने ब्रिटिश स्टील के लिए लाभकारी दरें तय की। इस प्रकार सरकार की राजकोषीय नीति का इस प्रकार परिवर्तन किया गया [illegible] देश में औद्योगिकरण के लिए स्वीकृत शुल्क व्यवस्था को बदल दिया गया और फिर साम्राज्यवाद की प्राथमिकता [illegible] इन आर्थिक हमलों से सामंजस्य स्थापित कर नवंबर 1927 में ब्रिटिश मंत्रिमंडल ने लंदन में साइमन कमीशन की नियुक्ति की घोषणा की। इस कमीशन को संसदीय लोकतंत्र के लिए भारतीयों की योग्यता की जाँच और कुछ प्रशासनिक सुधारों की सिफारिश करनी थी। ब्रिटिश सरकार, जॉन साइमन के नेतृत्व वाले इस कमीशन में कोई भी भारतीय प्रतिनिधि नहीं था।

साम्राज्यवादियों की आशा के विपरीत, इस घोषणा ने राष्ट्रीय आंदोलन को नई गति प्रदान कर दी और साम्राज्यवाद विरोधी शक्तियों को पुनः एकजुट करने का अवसर दी। कुछ समय के लिए भारतीय पूँजीपति वर्ग ने साम्राज्यवादियों के साथ किसी भी प्रकार के तालमेल की आशा छोड़ दी और जनआंदोलन की शक्ति को साथ ले चलने के लिए बाध्य हुआ। लेकिन मजदूर वर्ग और जनता में विकसित हुई नई चेतना और साम्राज्यवादियों से साथ-साथ भारतीय

शोषकों के खिलाफ एक स्वतंत्र राजनीतिक संघर्ष संचालित करने की तैयारी ने भारतीय पूँजीपतियों के लिए स्थिति कुछ ज्यादा कठिन की। जनता के बढ़ते असंतोष और संघर्ष के नए चरित्र ने उदारवादी पूँजीवादी नेतृत्व में दरार पैदा कर दी और बाद के राजनीतिक आंदोलन में इस दृष्टिकोण ने काफी भूमिका खड़ी कर दी।

कांग्रेस ने कमीशन (आयोग) को खारिज कर दिया और इसकी कार्रवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। सन् 1927 के मद्रास अधिवेशन में प्रस्ताव स्वीकार कर कांग्रेस ने स्वराज के भावी भारतीयों की योग्यता का परीक्षण करने वाले कमीशन (आयोग) का हिस्सा बनने से इंकार कर दिया जिसमें कोई भारतीयों का प्रतिनिधि भी नहीं था। कांग्रेस ने इस घटना को राष्ट्रीय अपमान कहा। लिबरल फेडरेशन और मुस्लिम लीग ने भी कमीशन (आयोग) का बहिष्कार किया।

पूरे देश भर में साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन हुए और 3 फरवरी 1928 को जब साइमन कमीशन ने मुंबई में भारतभूमि पर पैर रखा, 'साइमन वापस जाओ' के नारों के साथ हजारों जनता ने आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया।

जनता की यह एकता किसी राजनीतिक कार्यक्रम पर आधारित नहीं थी बल्कि इस साझा साम्राज्यवाद विरोधी नारे ने जनता को एकजुट कर दिया। इस राष्ट्रीय राजनीतिक संघर्ष की लहर में भारी संख्या में मजदूर वर्ग की भागीदारी एक महत्वपूर्ण विकास था। स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में मजदूर वर्ग के उदय से भारत के राष्ट्रीय संघर्ष में एक नई गतिशीलता को बढ़ावा मिला। अभी तक मजदूर वर्ग राजनीतिक संघर्ष में नेतृत्वकारी भूमिका में कोई योग नहीं था। लेकिन राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी सार्थक भागीदारी, अनेक आर्थिक संघर्षों का संचालन, और जुझारू ट्रेड यूनियनों ने मजदूर वर्ग को अपना राष्ट्रीय नेतृत्व विकसित करने का अवसर दिया। मजदूर वर्ग की इस राजनीतिक पहलकदमी ने समाजवाद को मजदूर वर्ग का दर्शन और उसे भारत की एक राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

इन क्रांतिकारी और वामपंथी शक्तियों की पहलकदमी का प्रभाव कांग्रेस पर भी पड़ा। कांग्रेस के मद्रास अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तावित और सुभाषचंद्र बोस के समर्थकों द्वारा समर्थित की 'राष्ट्रीय आंदोलन का लक्ष्य पूर्ण स्वतंत्रता' का प्रस्ताव अप्रत्याशित रूप से निर्विरोध स्वीकार हो गया। गांधी में यह प्रस्ताव गांधीजी की अनुपस्थिति में पारित हुआ। जिन्होंने बाद में इसका खंडन किया और 'जल्दबाजी में स्वीकृत और विचारहीनता में पारित' प्रस्ताव कहा। 'इस अधिवेशन को कांग्रेस ने, हाल ही में स्थापित इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट इंपीरियलिज्म (साम्राज्यवाद विरोधी अंतर्राष्ट्रीय लीग) से संबंध करने का भी निर्णय लिया। इस अधिवेशन ने जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस दोनों को कांग्रेस का महासचिव चुना। यह दोनों युवकों और वामपंथ के नेता थे।

1928 की घटनाओं ने इसकी पुष्टि की कि कांग्रेस में वामपंथ की विजय वास्तव से ज्यादा दिखावटी थी। मजदूर वर्ग द्वारा जुझारू हड़तालें से उत्पन्न जुझारू स्थिति, साइमन कमीशन के खिलाफ जनता के प्रदर्शनों, युवकों और छात्रों के जुझारू आंदोलनों ने कांग्रेस के बुजुर्ग नेताओं के छक्के छुड़ा दिए। इसलिए पूर्ण स्वतंत्रता की माँग को दरकिनार कर कांग्रेस द्वारा सर्वदलीय सम्मेलन और लिबरल फेडरेशन और मुस्लिम लीग की बैठक लखनऊ में अगस्त 1928 को हुई इसमें मोतीलाल नेहरू के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया। इस समिति को 'एक जिम्मेदार सरकार बनाने के लिए मसौदा संविधान लिखने की जिम्मेदारी दी गई।

अनुभवी कांग्रेसियों, नरमपंथियों और बाहर के प्रतिक्रियावादियों से समझौते के बाद बनी यह कमेटी, युवकों की पूर्ण स्वतंत्रता की माँग को पूर्णतः नकार नहीं सकी। इसलिए बड़ी चालाकी से रिपोर्ट में पूर्ण स्वतंत्रता को 'साम्राज्य के अधीन स्वतंत्र राज्य' के रूप में व्याख्यायित किया गया।

इस रिपोर्ट की संकीर्णता और आंतरिक विसंगतियों के कारण शीघ्र ही सर्वदलीय कमेटी का खुद ही पतन हो गया। सर्वदलीय कमेटी की रिपोर्ट पर बात करने के लिए दिसंबर 1928 को कोलकाता में हुई बैठक में हिंदू, मुस्लिम और सिख सांप्रदायिकतावादियों के बीच खुलकर संघर्ष हुआ। जिन्ना के नेतृत्व में मुस्लिम सांप्रदायिकतावादी और सिख सांप्रदायिकतावादियों ने बैठक का बहिष्कार किया।

भयावह संकट उत्पन्न हो गया था। 'साम्राज्य के अधीन स्वतंत्र राज्य (डोमिनियन स्टेट्स) की बात पर तीखा विरोध हुआ। कांग्रेस के अंदर नेहरू वामपंथियों ने मद्रास अधिवेशन में स्वीकृत पूर्ण स्वतंत्रता' के नारे को लागू करने पर दबाव बनाया। इस अवसर पर इन दोनों को राजनीतिक चिकित्सा में गांधीजी फिर कांग्रेस को गंभीर संकट और आंतरिक कलह से उबारने के लिए सामने आए। (रजनी पाम दत्त के शब्दों में, 'पूँजीपतियों को सफल आर्थिक ... लोग इन्हें साम्राज्यवादियों की आशा भी कह सकते हैं।) गांधीजी पर टिकी थी। गांधीजी जनआंदोलनों की लहरों पर सवार होकर उन्हें एक सफलतापूर्वक कार्यक्रम तक ले जा सकते थे और दूसरी तरफ भारत को क्रांति से बचा सकते थे।

गांधीजी ने दिसंबर 1928 में कांग्रेस के कोलकाता सम्मेलन में भागीदारी की और उसकी रिपोर्ट को पारित करवाने के लिए कठोर परिश्रम किया था। रिपोर्ट अल्प बहुमत से इस आश्वासन के साथ पारित हुई कि 31 दिसंबर 1929 तक सरकार द्वारा यह रिपोर्ट स्वीकार न की गई तो कांग्रेस अपने असहयोग आंदोलन के फैसले को लागू करेगी और इस बार जनता से कर न अदा करने का आह्वान किया जाएगा।

इस प्रकार उन्होंने पुन: एक वर्ष बरबाद कर दिया और निर्णय तय किया जब जनता का व्यापक असंतोष पूरे उभार पर था।

एक वर्ष बाद दिसंबर 1929 में कांग्रेस की बैठक लाहौर में हुई। ऐसी परिस्थिति में जब जनता में व्यापक असंतोष सुलग रहा था। लाहौर अधिवेशन ने कांग्रेस के ध्येय स्वर के रूप में पूर्ण स्वतंत्रता की घोषणा की और कांग्रेस कमेटी को नागरिक अवज्ञा कार्यक्रम की शुरुआत करने और जहाँ उचित समझे कर न अदा करने का कार्यक्रम भी लागू करने को कहा।

गांधीजी ने शक्ति संतुलन को समझा और पहला परिवर्तन को आत्मसात किया। इसलिए उन्होंने कांग्रेस का अध्यक्ष बनने से मना कर दिया और इस सम्मानजनक पद के लिए जवाहरलाल नेहरू को मनोनीत कर दिया।

31 दिसंबर 1929 की मध्यरात्रि, जब नया वर्ष प्रारंभ हो रहा था, नेहरू ने भारतीय स्वाधीनता का झंडा फहराया और 26 जनवरी 1930 को जब पूरे देश में स्वाधीनता दिवस मनाया गया था तब पूर्ण स्वतंत्रता के लिए शपथ की घोषणा की गई ' [illegible] जनता और सरकार के खिलाफ अपराध होगा।

नई आशाएँ और अभिलाषाएँ उछाल मार रही थीं। जनता पूर्ण स्वतंत्रता के लिए दृढ़ संकल्पित थी।

भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 (इंडियन ट्रेड यूनियन ऐक्ट 1926)

साम्राज्यवादी शासक ट्रेड यूनियन गतिविधियों को प्रोत्साहन देने और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं की रक्षा करने के लिए किसी कानून को बनाने और इसको वैधानिक मान्यता देने की आवश्यकता नहीं महसूस करते थे। यद्यपि विश्व युद्ध की समाप्ति के ठीक बाद ही भारत में संगठित ट्रेड यूनियन आंदोलन ने आकार ग्रहण कर लिया था फिर भी भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 में ही पारित हुआ। लेकिन यह अधिनियम इस प्रकार से बनाया गया कि ट्रेड यूनियनों की कुछ हद तक रक्षा करनी पड़ी। यद्यपि भारतीय दंड संहिता 1913 में संशोधन कर ट्रेड यूनियनों को वस्तुतः गैरकानूनी संगठन के रूप में परिभाषित कर दिया गया था सन् 1921 में बी. पी. वाडिया के कानूनी अभियोजन के समय से ही ट्रेड यूनियनों के संबंध में कानून बनाने की माँग उठ रही थी। उस समय तक ट्रेड यूनियन कार्रवाइयों के बारे में ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं की रक्षा के लिए कोई कानून नहीं था। बी.पी. वाडिया के अभियोजन के बाद ए.आई.टी.यू.सी. ने लंदन की [illegible] के माध्यम से ब्रिटिश सरकार से उस विषय पर विचार विमर्श का प्रयास किया। तदनुसार ब्रिटिश ट्रेड यूनियन कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल [illegible] की नेतृत्व में भारत राज्य के सचिव मि. मांटेग्यू से 22 मार्च 1921 को मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मि. मांटेग्यू को यह समझाने का प्रयास किया कि भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन के शैशव काल में सरकार को उन लोगों की मदद करनी चाहिए जो लोग मजदूरों को संगठित करने के लिए समर्पित होने का कानूनी अधिकार है और उनके इस अधिकार को सरकारी शक्ति और प्रभाव से सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

भारत सरकार ने सन् 1921 में एक सर्कुलर जारी कर इस बारे में अपना रूख स्पष्ट किया। सर्कुलर में ट्रेड यूनियन के उद्देश्य और अधिकार तय करने की आवश्यकता बताई गई, वहीं ट्रेड यूनियन आंदोलन को 'सही' और 'विवेकपूर्ण' दिशा में चलाने पर बल दिया गया। लेकिन 1921-22 के दौरान आंदोलन की वापसी हो जाने से सरकार ने इस मामले को आगे बढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई।

सन् 1921 में लेजिस्लेटिव असेंबली के नामित सदस्य एन.एम. जोशी ने विधानसभा (असेंबली) में ट्रेड यूनियनों के पंजीकरण और वास्तविक ट्रेड यूनियन गतिविधियों के लिए ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों को नागरिक और आपराधिक मामलों के दायित्वों से सुरक्षा संबंधी प्रस्ताव पेश किया। साम्राज्यवादी सरकार ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया क्योंकि उनके लिए ट्रेड यूनियन गतिविधियों का मतलब कानून और व्यवस्था से अधिक कुछ नहीं था। उनका कहना था कि मिस्टर जोशी हिंसक गतिविधियों के लिए सुरक्षा पाने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए यह प्रस्ताव एक खतरनाक कदम है।

इसके बाद सर थॉमस हालैंड ने केवल ट्रेड यूनियनों का पंजीकरण करने और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं को कोई कानूनी सुरक्षा न प्रदान करने वाला संशोधित प्रस्ताव पेश किया। विधानसभा ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस बुनियादी संशोधन से जोशी के प्रस्ताव के मूल उद्देश्य [illegible]।

भारतीय ट्रेड यूनियन ऐक्ट 1926 के नियमानुसार यूनियनों का पंजीकरण, उसका संविधान और लेखा परीक्षक द्वारा जाँचे हुए खाता अनिवार्य थे। इस ऐक्ट के नियमानुसार ट्रेड यूनियन की कार्यकारिणी के 50 प्रतिशत सदस्य उसी उद्योग में कार्यरत होने चाहिए और बाहर के सदस्यों का प्रतिशत पचास से अधिक नहीं होना चाहिए। इस ऐक्ट ने यूनियन कोष के खर्च को सख्ती से वैध उद्देश्यों तक सीमित कर दिया और नागरिक और राजनीतिक कार्यों के लिए कोष के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी।

भारतीय ट्रेड यूनियन ऐक्ट 1926 और उसी दौरान इंग्लैंड में प्रचलित ट्रेड यूनियन ऐक्ट में बहुत अंतर था। भारत का ऐक्ट पंजीकृत और गैर पंजीकृत यूनियनों में फर्क करता था पर ग्रेट ब्रिटेन में इस प्रकार का अंतर नहीं था। ट्रेड यूनियन गतिविधियों पर कठोर प्रतिबंध लगाना, उनके कोष पर आपत्ति उठाना और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं को यूनियन गतिविधियों के लिए नागरिक और अपराधमूलक जिम्मेदारी से सुरक्षा प्रदान करने से इनकार करना सरकार द्वारा भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन के प्रति औपनिवेशिक रूख का परिचायक है। पंजीकृत ट्रेड यूनियन के कोष के संबंध में इन औपनिवेशिक प्रतिबंधों के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी का लागू करना वास्तव में गैर पंजीकृत यूनियनों की सामूहिक कार्रवाईयों को गैर कानूनी घोषित करना था। [illegible]' द्वारा, 'गैर पंजीकृत यूनियनों के सदस्यों और पदाधिकारियों पर सरकार द्वारा कानूनी कार्रवाइयों के अनेक मामले दर्ज किए गए।

इस ऐक्ट के आपत्तिजनक तत्वों के खिलाफ भारतीय ट्रेड यूनियनों ने भारी प्रतिरोध की आवाज बुलंद की।

सन् 1927 में ए.आई.टी.यू.सी. के सातवें दिल्ली अधिवेशन में इस ऐक्ट का कड़ा विरोध हुआ। विशेष रूप से यूनियन फंड के प्रयोग पर लगाए गए प्रतिबंधों का विरोध हुआ। अधिवेशन में, इंग्लैंड की तरह भारतीय ट्रेड यूनियनों के फंड पर से सरकारी प्रतिबंधों को समाप्त करने की माँग की गई।

सन् 1928 में एन.एम.जोशी ने लेजिस्लेटिव असेंबली में गैर पंजीकृत यूनियनों को कानूनी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एक बिल पेश किया लेकिन बिल पारित नहीं हो सका। इसके साथ ही साथ उद्योग मंत्री सर थॉमस हालैंड ने ऐक्ट के बारे में उठी आपत्तियों की सरकारी व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस ऐक्ट का उद्देश्य ट्रेड यूनियनों को 'स्वस्थ दिशा' में विकसित करना है।

ऐक्ट के नियमों और सरकारी प्रवक्ता की अभिव्यक्ति से यह बिलकुल साफ हो गया कि सरकार ट्रेड यूनियनों को सरकारी निर्धारित ढाँचे के अनुरूप विकसित करना चाहती थी। इस ऐक्ट के तीन वर्ष बाद ट्रेड डिस्प्यूट ऐक्ट पारित होने पर सरकार द्वारा ट्रेड यूनियनों पर कठोर नियंत्रण कायम करने की मंशा स्पष्ट रूप से सामने आ गई।

दृष्टिकोण

तत्कालीन मजदूर नेता, पंजीकृत और गैर पंजीकृत ट्रेड यूनियनों के बीच विभेदीकरण और खास तौर पर गैर पंजीकृत यूनियनों को वस्तुतः गैर कानूनी करार देने के सख्त खिलाफ थे। उनकी भावना थी कि भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन की आरंभिक अवस्था में गैर पंजीकृत यूनियनों का होना स्वाभाविक था और इसलिए ऐसी यूनियनों को भी कानूनी सुरक्षा प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है। दो मजदूर नेताओं (एन.एम.जोशी और लाला लाजपत राय) ने संगठित अभियानों में इसका प्रबलतापूर्वक समर्थन किया।

रायल कमीशन आन लेबर इन इंडिया 1931 ने भी अपनी रिपोर्ट में सरकार द्वारा ट्रेड यूनियन गतिविधियों को 'सही' और 'विवाद पूर्ण' ठहराए जाने के लिए, इस नीति को सही ठहराया और आगे कहा कि ट्रेड यूनियन आंदोलन के हित में ऐसा ऐक्ट बहुत पहले ही लागू होना चाहिए था।

भारत में जब ट्रेड यूनियनों का गठन प्रारंभ हुआ और देश के विभिन्न भागों में आंदोलन फूट पड़ा तब घबराहट और दुविधा में घिरी साम्राज्यवादी सरकार ने ट्रेड यूनियन आंदोलन को अर्थवाद की सीमाओं में बांधकर रखने और इसे राजनीतिक स्वरूप ग्रहण करने से रोकने के लिए चारों तरफ से घेरा डालने और शिकंजा कसने की कार्यनीति अपनाई। आखिरकार साम्राज्यवादी इस कोशिश में थे कि मजदूर वर्ग राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में किसी भी प्रकार शामिल न हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार ने ट्रेड यूनियन ऐक्ट में अनेक प्रतिबंधों के साथ, खास तौर पर यूनियन कोष को राजनीतिक इस्तेमाल से रोकने के लिए नियम बनाए। इन प्रावधानों के लागू करने से भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन के स्वतंत्र विकास में साम्राज्यवाद का नंगा हस्तक्षेप दिखाई दिया।

संदर्भ सूची:

1. आर.पी. दत्त, इंडिया टुडे, पृ. 265
2. बाम्बे लेबर गजट, फरवरी 1922, पृ. 40-44
3. रिपोर्ट ऑफ दि रॉयल कमीशन आन लेबर इन इंडिया, 1931, पृ. 156
4. वही, पृ. 203
5. आर.के. मुखर्जी, द इंडियन वर्किंग क्लास, पृ. 144-45

ISSN 0972-1894

VOLUME-78 NUMBER-85 Oct-Dece., 2018

The Hindustan Review

An International Research Journal of BCARDS

A Quarterly Refereed Research Journal of Buddist Centre for Action Research and Development Studies

CONTENTS

SL. No.	ARTICLES	AUTHORS	PAGE No.
	FROM THE EDITOR		
17.	बंगाल से बिहार विभाजन का कारण	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह अनु कुमारी	97-99
18.	द्वितीय विश्वयुद्ध और भारतीय राष्ट्रीयता का विकास	डॉ० हरि कृष्णा सिंह छोटन कुमार	100-105
19.	1857 के स्वाधीनता संग्राम में झलकारी बाई का योगदान	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह दुर्गेश कुमार सिंह	106-109
20.	मध्ययुगीन हिन्दु समाज में नारी की सामाजिक स्थिति	डॉ० ब्रज किशोर सिंह किरन कुमारी	110-113
21.	भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के युवाओं की भूमिका	डॉ० सीमा पटेल लव कुमार	114-116
22.	दलित समस्या और महात्मा फूले	डॉ० विजय कुमार सिंह नीतू	117-120
23.	भारत में ब्रिटिश शिक्षा का विकास	डॉ० राजीव कुमार प्रीति सुमन	121-128
24.	बिहार की राजनीति में अनुसूचित जाति की महिलाओं की भूमिका	डॉ० रामलगन सिंह सुमन कुमारी पाण्डेय	129-133
25.	भारतीय पुनर्जागरण और नारी मुक्ति संघर्ष	डॉ० हीरा प्रसाद सिंह स्वास्ति कुमारी	134-140
26.	भारतीय मुसलमानों में राष्ट्रीय जागरण	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह विनोद कुमार	141-146
27.	रैदास का जीवन वृत्त और उनकी शिक्षा	डॉ० सुशीला सिंह महेश कुमार	147-152
28.	भारत में पुलिस प्रशासन का इतिहास	डॉ० उमेश कुमार धर्मराज मिश्रा	153-157
29.	Origins of Gurushishya Parampasra In Ancient India	Hira Singh	158-161
30.	خانقاہ شاہ ارزانی: ایک تعارف	[illegible]	162-165

■■■■■

भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के युवाओं की भूमिका

डॉ० सीमा पटेल
एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग
एम०वी०भी०पी० कॉलेज, भभुआ
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

लव कुमार
शोध छात्र
इतिहास विभाग,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान महान क्रांति के दिनों में बिहार ने दृढ़ संकल्प व अदम्य उत्साह के साथ-साथ अपने शौर्य का परिचय दिया। गाँधीजी द्वारा सत्याग्रह का चंपारण में सफल प्रयोग के बाद सभी आंदोलनों में बिहार के युवाओं ने समुचित योगदान दिया। किन्तु जिस आंदोलन में बिहार के युवाओं ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया वह था अगस्त 1942 का आन्दोलन।

द्वितीय विश्वयुद्ध की प्रगति और उससे उत्पन्न गंभीर परिस्थिति के मद्देनजर मार्च 1942 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने युद्धोपरांत भारत को औपनिवेशिक स्वराज्य प्रदान करने की घोषणा की। इस व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत करने हेतु 22 मार्च, 1942 को स्टेटफोर्ड क्रिप्स भारत आये। परन्तु उनके प्रस्ताव राष्ट्रवादियों के लिए अपर्याप्त एवं असंतोषजनक थे। अतः अगस्त 1942 में कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया।

9 अगस्त 1942 को कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेता गिरफ्तार कर लिए गये। कांग्रेस को अवैध घोषित कर दिया गया। इसी दिन राजेन्द्र प्रसाद, फूलन प्रसाद वर्मा, मथुरा प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। 10 अगस्त को श्रीकृष्ण सिंह 11 अगस्त को अनुग्रह सिंह गिरफ्तार किये गये। इन नेताओं की गिरफ्तारी के साथ ही आंदोलन अनियंत्रित हो गया तथा इसने संपूर्ण बिहार को अपने आगोश में ले लिया।

11 अगस्त को पटना में एक लोमहर्षक घटना घटी। इस दिन छात्रों के एक जुलुस ने सचिवालय भवन के सामने विधायिका की इमारत पर राष्ट्रीय झण्डा लहराने की कोशिश के क्रम में पुलिसिया बर्बरता के शिकार बने और शहादत दी। ये शहीद थे-उमाकांत सिंह, रामानंद सिंह, सतीश प्रसाद झा, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह, रामगोविन्द सिंह और जगपति कुमार। 12 अगस्त को इस गोलीकांड के विरोध में पटना में पूर्ण हड़ताल रही। उसी दिन शाम में कांग्रेस मैदान में आयोजित सभा में जगतनारायण लाल की अध्यक्षता में एक प्रस्ताव पारित हुआ कि संचार सुविधाओं को ठप्प कर दिया जाए। फलतः पूरे बिहार में रेल पटरियाँ उखाड़ी गई, तार व टेलीफोन की लाइनें काट दी गई, डाकघर-रेलवे स्टेशनों, थानों अन्य

सरकारी इमारतों को जलाया गया और पुलिस पर भी आक्रमण किये गये। आंदोलन का व्यापक प्रसार बिहार के अन्य भागों में भी हुआ।

सीवान थाने पर राष्ट्रीय झण्डा लहराने की कोशिश में फूलेना प्रसाद श्रीवास्तव पुलिस की गोली के शिकार बने। सारण में जगलाल चौधरी ने पुलिस थाने को जला दिया। सियाराम सिंह के नेतृत्व में उत्तरी भागलपुर में राष्ट्रीय सरकार की स्थापना की गई। गया के कुर्था थाने पर झण्डा लहराने के क्रम में ध्रुव कुमार ने शहादत दी। मुंगेर में ऐसे ही प्रयास में कपिल मुनि ने शहादत दी। दरभंगा में कुलानंद वैदिक और दीघवारा में कर्पूरी ठाकुर ने संचार व्यवस्था को ठप्प करने का कार्य किया।

सारण जिला के रघुनाथपुर, सीवान, परसा, मांझी, एकमा, दीघवारा, दरौली, वैकुंठपुर आदि में ब्रिटिश प्रशासन धराशायी हो गई एवं वहाँ स्थानीय लोगों ने स्वतंत्र मण्डल नाम से अपनी प्रशासनिक व्यवस्था लागू कर दी। हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और दरभंगा के क्षेत्रों में ऐसे कई स्थानों पर क्रांतिकारी सरकारें संगठित कर ली गई। गाँवों में पंचायतों व रक्षा दलों की स्थापना की जाने लगी और राष्ट्रवादियों ने वस्तुतः सरकार की स्थापना कर ली।

आन्दोलन में तीव्रता लाने के उद्देश्य से जयप्रकाश नारायण ने नेपाल में 'आजाद दस्ता' का गठन किया। वे 9 नवम्बर 1942 को हजारीबाग जेल से रामानंद मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, सुरज नारायण सिंह, शालिग्राम सिंह के साथ भागकर नेपाल चले गये। वहीं से 'आजाद दस्ता' द्वारा युवकों को तोड़-फोड़ की कार्यवायी के लिए प्रशिक्षण देने का कार्य उन्होंने किया। आजाद दस्ता से प्रभावित होकर बिहार में भागलपुर एवं पूर्णिया में भी इसी तरह का संगठन बनाया गया। पहाड़ पर रेडियो स्टेशन बनाने का निर्णय हुआ एवं राममनोहर लोहिया को रेडियो एवं प्रचार विभाग का अध्यक्ष बनाया गया। एक बिहार प्रान्तीय आजाद परिषद् का गठन किया गया जिसका संयोजक सूरज नारायण सिंह को बनाया गया। कोसी नदी के किनारे 'बकरों का टापू' नामक स्थान से आजाद दस्ता का संचालन किया जाता था। 1943 के अंत तक आजाद दस्ता सक्रिय रहा। परन्तु भारत सरकार के दबाव में नेपाल सरकार द्वारा मई 1943ई० जय प्रकाश नारायण एवं राम मनोहर लोहिया समेत कई प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी के कारण यह प्रयास शनै-शनै शिथिल पड़ गया।

भारत छोड़ो आन्दोलन के दरम्यान बिहार की कई वीरांगनाओं ने अपनी जान हथेली पर रखकर संपूर्ण महिला समाज को सक्रिय भागीदारी हेतु उत्प्रेरित किया। 9 अगस्त को महिलाओं का विराट जुलुस पटना से निकाला गया, जिसका नेतृत्व डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की बहन श्रीमती भगवती देवी कर रही थी। गोविन्दपुर के श्री नरसिंह गोप की पत्नी जिरियावती देवी ने अंग्रेज सिपाही को गोली मार दी। छपरा में शांति देवी ने एक विशाल जनसभा की अध्यक्षता की। दिघवारा प्रखण्ड पर तिरंगा फहराने के जुर्म में दो

सगी बहनों शारदा एवं सरस्वती को 14 एवं 11 वर्ष की सजा दी गई। गया जिले की प्यारी देवी को कैम्प जेल भेज दिया गया जहाँ उनकी मौत हो गई। वैशाली में सुनीति देवी एवं राधिका देवी ने पुरुष वेश में साईकिल यात्रा द्वारा जन जागरण पैदा किया। सितम्बर 1942 में चौथम थाने के सहियार गाँव में पुलिस की गोली से कई महिलाएँ मारी गईं।

आन्दोलन के दौरान पुलिस बल में भी प्रतिक्रिया हुई। श्री रामानंद तिवारी के नेतृत्व में पुलिस संघ के तत्वाधान में 500 पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तारी दी तथा पुलिसिया जुल्म के विरोध में उपवास रखा। छात्रों के संगठित प्रयास द्वारा कुछ रेलगाड़ियों पर कब्जा कर लिया गया और इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलाकर आंदोलन का प्रचार किया गया। इस ट्रेन को 'स्वराज ट्रेन' नाम दिया गया।

भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के युवाओं का महत्ती योगदान रहा। यह इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि बिहार में 15 हजार से अधिक लोग बंदी बनाये गये। 8783 व्यक्ति को सजा हुई और 134 व्यक्ति मारे गये। इस प्रकार स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी उच्च स्तर पर पहुँच चुकी थी। स्वातंत्र्योत्तर भारत में भी यह प्रवृत्ति जारी रही। 1950 के दशक तथा उसके पश्चात् भी युवाओं ने महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जुड़कर राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाई।

<u>संदर्भ ग्रंथ-सूची :-</u>

1. के०के० दत्त: बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, पटना।
2. बलदेव नारायण: अगस्त क्रांति, पटना।
3. इम्तियाज अहमद: बिहार का परिचय, पटना, 2008।
4. विवेकानंद शुक्ल: द नाइनटीन फोर्टी टू दि रिबेलियन विद स्पेशल रेफरेंस टू तिरहुत, पी०एच०डी० थीसिस, पटना विश्वविद्यालय।
5. कुमार अमरेन्द्र: स्वतंत्रता आंदोलन में बिहार की महिलाओं का योगदान, पटना, 1958।
6. शिवपूजन सहाय: बिहार की महिलाएँ, पटना।

■■■■■

ISSN 0972-1894

VOLUME-75 NUMBER-83 Jan-Mar, 2018

The Hindustan Review

An International Research Journal of BCARDS

A Quarterly Referred Research Journal of Buddist Centre for Action Research and Development Studies

UGC Approved Journal No - 62908; Social Science : Arts and Humanities, Serial No- 278

CONTENTS

SL. No.	ARTICLES FROM THE EDITOR	AUTHORS	PAGE No.
29.	आरक्षण और सामाजिक न्याय	डॉ० बेचू प्रसाद अंजय कुमार रेड्डी	184-188
30.	सामाजिक न्याय, मानवाधिकार और पुलिस	डॉ० उमेश कुमार धर्मराज मिश्रा	189-196
31.	भारत छोड़ो आन्दोलन में युवाओं की भूमिका: बिहार के विशेष संदर्भ में	डॉ० सीमा पटेल जय कुमार	197-200
32.	ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत भारतीय शिक्षा	डॉ० राजीव कुमार प्रीति सुमन	201-206
33.	बिहार की अनुसूचित जाति की महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन	डॉ० रामलगन सिंह सुमन कुमारी पाण्डेय	207-211
34.	आरक्षण और सामाजिक न्याय	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह विनोद कुमार	212-218

❖❖❖❖

भारत छोड़ो आन्दोलन में युवाओं की भूमिका: बिहार के विशेष संदर्भ में

डॉ० सीमा पटेल
एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग,
एम०बी०भी०पी० कॉलेज, भभुआ
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

लव कुमार
इतिहास विभाग,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

भारत छोड़ो आन्दोल जिसे अगस्त क्रांति भी कहा जाता है भारतीय जनता की वीरता और देशभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। 1942 के क्रिप्स मिशन की विफलता एवं ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत के इच्छा के विरुद्ध उसे विश्व युद्ध में साझेदारी बरकरार रखने एवं किसी सम्मानजनक समझौते के लिए तैयार न होने से यह आन्दोलन अब संभावी हो गया। इसके साथ साथ बढ़ती कीमतों एवं जरूरी वस्तुओं के अभाव ने भी जन साधारण के मन में असंतोष भर दिया।

कांग्रेस के कुछ लोग विश्व युद्ध को एक मौका मान रहे थे जो यह चाहते थे कि जिस तरह से प्रथम विश्व युद्ध में भारत द्वारा ब्रिटेन का समर्थन किया गया था, किन्तु उसके बाद भारतीयों को कुछ प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मौके में एक बड़ा आन्दोलन खड़ा कर अंग्रेजों को समझौते करने पर मजबूर किया जाए। लेकिन नेहरू एवं गांधीजी जैसे लोग भी फासिस्ट विरोधी युद्ध को कमजोर नहीं करना चाहते थे। किन्तु बाद में इस निष्कर्ष पर पहुँच गया कि अधिक चुप रहने से यह स्वीकार कर लेना होगा कि अंग्रेजों को भारतीयों का भाग्य तय करने का अधिकार है। अंततः 8 अगस्त को बंबई में हुई बैठक में कांग्रेस ने भारत छोड़ो का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया एवं गांधीजी के नेतृत्व में अहिंसक जनसंघर्ष चलाने का फैसला लिया गया। यहीं पर जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए गांधीजी ने "करो या मरो" का नारा दिया। 9 अगस्त को सुबह 'आपरेशन जीरो आवर' के तहत कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

भारत छोड़ो आंदोलन को तीन चरण में बांटा जा सकता है। पहला चरण जो भारी और हिंसक था जिसे शीघ्र ही कुचल दिया गया था। इसमें हड़तालें एवं अधिकांश शहरों में सेना और पुलिस के साथ झड़पें सम्मिलित थीं। दूसरे चरण में ग्रामीण इलाकों में एवं जुझारू विद्यार्थियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस चरण में देश के कई स्थानों पर राष्ट्रीय सरकारों की स्थापना हुई, जिनमें तामलुक, सतारा एवं

तलचर की राष्ट्रीय सरकारें प्रमुख थीं। अगले चरण में यह आंदोलन अमानवीय दमन से कमजोर पड़ा इस चरण में आंदोलन कम उग्र एवं लंबा रहा। 1943 तक हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें बिहार में 16 हजार से अधिक लोगों की गिरफ्तारियां उल्लेखनीय रही।

बिहार का इस आंदोलन में भी निर्णायक योगदान रहा। 31 जुलाई को ही राजेन्द्र प्रसाद ने बिहार कांग्रेस कमिटी की एक विशेष बैठक बुलाकर कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं को भावी संघर्ष के लिए संगठित होने का आदेश दिया। उसी दिन अंजुमन इस्लामिया हॉल में आयोजित सभा में छात्रों और युवकों ने कांग्रेस के कार्यक्रम को समर्थन देने की योजना बनाई। आंदोलन शुरू होते ही बिहार प्रांतीय कांग्रेस कमिटी को गैर कानूनी घोषित कर दिया गया। पुलिस ने सदाकत आश्रम जिला कांग्रेस कार्यालय को भी जब्त कर लिया गया।

सरकार के दमनात्मक नीति के विरोध में जनता में विक्षोभ की लहर व्याप्त हो गयी। लगभग प्रदेश के सभी जगहों पर राष्ट्रीय झण्डा फहराया जाने लगा। उन दिनों विद्यार्थियों के एक जुलुस ने सचिवालय भवन के सामने विधायिका की इमारत पर राष्ट्रीय झण्डा फहराने की कोशिश की। किन्तु पटना के जिलाधी W.G. आर्चर के आदेश पर उन पर गोली चलाई गई जिसमें सात छात्र मारे गये जिनमें उमाकांत प्रसाद सिन्हा, रामानंद सिंह, सतीश प्रसाद झा, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह, रामगोविन्द सिंह एवं जगपति कुमार थे।

भारत छोड़ो आंदोलन को सरकार द्वारा बलपूर्वक दबाने से क्रांतिकारियों को गुप्त रूप से काम होना पड़ा। गुप्त गतिविधियों में 'आजाद दस्ता' का महत्वपूर्ण स्थान है। आंदोलन के शुरू में ही जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जहाँ से वे दिपावली की रात 9 नवम्बर 1942 को रामानंद मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, सूरज नारायण सिंह, गुलाब चन्द्र गुप्त और शालिग्राम के साथ हजारीबाग जेल से फरार हो गये एवं नेपाल के जंगल में भूमिगत हो गये। वहीं पर जयप्रकाश नारायण ने अपने सहयोगियों के साथ आजाद दस्ता का गठन किया। इस दस्ते में कई युवा लोग शामिल हुए। 1943 में आजाद दस्ता के पहले प्रशिक्षण शिविर में बिहार के 25 युवकों को सरदार नित्यानंद सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया। किंतु बाद में बड़े नेताओं के गिरफ्तारी से आजाद दस्ते का कार्य शिथिल हो गया।

इस आंदोलन की एक विशेष घटना यह थी कि कुछ युवा छात्रों ने कुछ रेलगाड़ियों पर कब्जा कर लिया और इस ट्रेन को अपने नियंत्रण में एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलाकर आंदोलन को

प्रचार-प्रसार किया। इस ट्रेन का नाम 'स्वराज ट्रेन' रखा गया। बनारस हिन्दू वि. वविद्यालय में पढ़ने वाले बिहारी छात्रों ने इस आंदोलन के प्रसार के लिए गांव-गांव का दौरा किया।

1942 में राजेन्द्र प्रसाद के गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही बी.एन कॉलेज के युवा छात्रों ने वृहद जुलूस निकाला तथा इंजीनियरिंग कॉलेज पटना ट्रेनिंग कॉलेज, साइंस कॉलेज आदि संस्थानों के भवनों एवं छात्रावासों पर झण्डे फहराये गये। इसके साथ-साथ छात्राओं ने बिहार केन्द्रीय छात्र परिषद नामक एवं गुप्त संगठन भी बनाया था।

गाँवों में पंचायतों और रक्षा दलों की भी स्थापना की जाने लगी। इस आंदोलन के क्रम में हिंसा और पुलिस दमन के कई उदाहरण सामने आये। सीवान थाने में झण्डा फहराने की कोशिश में फुलेना प्रसाद श्रीवास्तव मारे गये। वहीं सारण में जगलाल चौधरी, दरभंगा में कुलानंद वैदिक और सिंघवारा में कर्पूरी ठाकुर ने संचार व्यवस्था को ठप्प कर दिया।

तीव्रता और विस्तार दोनों दृष्टि में बिहार अग्रणी था। इस आंदोलन में आदिवासियों की पर्याप्त भागीदारी रही थी क्योंकि एक कांग्रेसी सूत्र के अनुसार मारे जाने वालों में सबसे अधिक लोग हजारीबाग जिले के ही थे। ताना भगत आंदोलनकारियों ने भी अपने क्षेत्र में ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी थी। जमशेदपुर के टिस्को के मजदूरों ने भी हड़ताल कर दी थी।

जनता द्वारा पुलिस थानों पर धावा बोलने की सबसे अधिक घटना बिहार में ही घटी थी। 15 अगस्त को लिनलिथगो ने पटना के आसपास संचार साधनों का अस्त-व्यस्त कर रही भीड़ पर आसमान से मशीनगनों द्वारा गोलियाँ बरसाने का आदेश दिया था। इसके साथ-साथ भागलपुर एवं मुंगेर में आंदोलन दबाने के लिए वायुयानों का प्रयोग किया गया था। दरभंगा के राजा ने न केवल सरकार को अपने सशस्त्र सेवायें देने से मना कर दिया बल्कि गिरफ्तार लोगों की मदद भी की।

बिहार में इस आंदोलन को जिसने प्रचण्ड बनाया, उनमें किसानों का भारी विद्रोह एवं महिलाओं के योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका थी। पटना में जहाँ इस आंदोलन का नेतृत्व श्रीमती भगवती देवी ने की तो हजारीबाग में श्रीमती सरस्वती देवी ने वहीं भागलपुर में श्रीमती माया देवी ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाया।

अन्तर्राष्ट्रीय दबाव एवं गांधीजी के उपवास के बावजूद सरकार ने इस आंदोलन को कुचलने के लिए सबकुछ किया उसके दमन की कोई सीमा नहीं रही। 1857 के बाद से भारत में इतना निर्मम दमन

कभी नहीं देखने को मिला था। आंदोलन की एक विशेषता तो यह रही थी कि निजी सम्पत्तियों पर आक्रमण नहीं किया गया था। इसके साथ इस आन्दोलन के अन्य विशेषता आजादी की मांग राष्ट्रीय आन्दोलन की पहली मांग बन गई। सरकार अन्ततः आंदोलन को कुचलने में सफल रही। 1942 का यह आंदोलन यद्यपि काफी संक्षिप्त रहा, किन्तु इसका महत्व इस बात से था कि इसने दिखाया कि देश में राष्ट्रवादी भावनायें किस गहराई तक अपनी जड़े जमा चुकी थी और जनता संघर्ष और बलिदान की कितनी बड़ी क्षमता प्राप्त कर चुकी थी। यह स्पष्ट हो गया था कि जनता की इच्छा के विरुद्ध भारत पर शासन कर सकना अब अंग्रेजों के कठिन हो गया था। भारत के आजादी प्राप्ति में निःसंदेह यह आंदोलन एक मील का पत्थर साबित हुआ।

संदर्भ ग्रंथ–सूची :–

1. चन्द बिपिनः भारत का स्वतंत्रता संघर्ष, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय, निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय, 1999
2. सरकार सुमितः आधुनिक भारत, राजकमल प्रकाशन, पटना-2002
3. राउत सुरेन्द्रः बिहार समग्र, कुमार बुक सेन्टर, दिल्ली-2009
4. ग्रोवर बी. एल. एवं यशपालः आधुनिक भारत का इतिहास, एस चन्द एंड कंपनी लिमिटेड; नई दिल्ली-2002
5. शुक्ला रामलखनः हिन्दी माध्यम कार्यान्वय, निदेशालय दिल्ली, विश्वविद्यालय, 2003
6. पाठक लक्ष्मीः भारत में अंग्रेजी राज, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली- 2003
7. सिंह अयोध्याः भारत का मुक्ति संग्राम, मैकमिलन कंपनी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, 1977

■■■■■

■■■■■

Approved by UGC
Journal No. : 63580
Regd. No. 21747
Indexed : IIJIF, I2OR & SJIF
IIJ Impact Factor : 2.471
ISSN 2277-2014
Research Discourse
An International refereed research Journal
Year-VIII
No. 4
Supplement 2018
Editor in Chief
Anish Kumar Verma
Associate Editors
International Innovative Journal Impact Factor (IIJIF)
I2OR
Scientific Journal Impact Factor

- ओजोन क्षरण : संकल्पनात्मक पृष्ठभूमि 154–155
  डॉ० सतीश चन्द तिवारी
- चन्दौली जनपद के प्राथमिक स्तर के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के सेवारत शिक्षकों में शिक्षण दायित्व बोध का तुलनात्मक अध्ययन 156–158
  अनुपमा श्रीवास्तव व डॉ० शिखा शुक्ला
- भारतीय संस्कृति की समन्वयशील परम्परा : एक ऐतिहासिक विश्लेषण 159–161
  डॉ० रेखा कुमारी
- धार्मिक सामाजिक स्तर एवं सामाजिक समायोजन 162–163
  डॉ० छाया कुमारी
- दृष्टिबाधित बालक व दृष्टिबाधित बालिकाओं के सम्प्रत्यय प्राप्ति का तुलनात्मक अध्ययन 164–167
  धीरज कुमार भारती व प्रो० आशा पाण्डेय
- ज्ञान का परम्परागत दृष्टिकोण तथा अंग्रेजी शिक्षा 168–170
  नरेन्द्र कुमार व डॉ० सीमा पटेल
- महर्षि अरविन्द घोष के शैक्षिक विचार एवं समकालीन संदर्भ 171–173
  जयन्ती
- प्रेमचन्द की कथात्मक भाषा 174–175
  सुजय कुमार
- राष्ट्रीय आंदोलन की यात्रा में अनुग्रह नारायण सिंह की भूमिका 176–178
  राजीव रंजन
- शिक्षा : प्लेटो के विशेष सन्दर्भ में 179–180
  अनुराधा कुमारी
- भारत में परिवार कल्याण कार्यक्रम 181–182
  प्रीति द्विवेदी
- जाति प्रथा ग्रामीण सामाजिक स्तरीकरण का प्रमुख आधार 183–184
  डॉ० धनीराम
- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के गद्य साहित्य में सामाजिक स्वरूप 185–186
  डॉ० पंकज कुमार राय
- मानसून का पूर्वानुमान : भारत के सन्दर्भ में नवीन विश्लेषण 187–189
  मुकेश कुमार शर्मा
- विश्वामित्र : मिथक के आइने में आधुनिक विसंगतियों से संवाद 190–192
  साधना यादव
- नाटक : अध्ययन और अनुशीलन 193–194
  डॉ० सन्तोष कुमार
- महिला सशक्तिकरण 195–197
  लता कुमारी
- कर्मचारीतंत्र : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 198–200
  रिम्पा सिंह

Research Discourse (ISSN 2277-2014) : An International Refereed Research Journal, Published by : SARDI, Varanasi, U.P. (INDIA) Impact Factor : 2.471, Year VIII, No. 4, Supplement 2018, Page No. : 164-170
Indexed by : IIJIF, I2OR, SJIF, ILJ

ज्ञान का परम्परागत दृष्टिकोण तथा अंग्रेजी शिक्षा

नरेन्द्र कुमार* व डॉ0 सीमा पटेल**
*शोधार्थी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार
**शोध निर्देशक, एसोसिएट प्रोफेसर, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ, बिहार

सारांश : प्रस्तुत शोध पत्र ज्ञान का परम्परागत दृष्टिकोण तथा अंग्रेजी शिक्षा को प्रकाश में लाने का प्रयास करता है। भारत में राजनैतिक रूप से शक्तिशाली उच्चतर वर्ग के समाप्त हो जाने से नया मध्यम वर्ग सामने आया। आरम्भिक युग में इस वर्ग के लोग अपने को स्वाभाविक रूप से ब्रिटिश शासन के द्वारा उपकृत मानते थे। व्यापारियों का धन, जमींदार वर्ग की लगान से तथा दूसरे पेशों के वेतन आदि ऐसे स्रोतों से प्राप्त होते थे, जो मुख्यतः अंग्रेजी शिक्षा ने पैदा किए थे, इसलिये ये वर्ग अपने हितैषियों के प्रति कृतज्ञ थे। पर ज्यों–ज्यों समय बीतता गया, त्यों–त्यों धीरे–धीरे लोगों की भ्रांति दूर होने लगी। प्रस्तुत शोध पत्र पूर्व के अध्ययनों से अलग है तथा अध्ययन विषय एवं समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

मुख्य शब्द : नया मध्यम वर्ग, उच्चतर शासक वर्ग, परम्परागत बुद्धिजीवी वर्ग, परम्परागत जीविका, सांस्कृतिक घटकों आदि।

एक तरफ ब्रिटिश विजय का सामाजिक परिणाम यह रहा कि उच्चतर शासक वर्ग का अंत हो गया और दूसरी तरफ इसका परिणाम यह हुआ कि ब्राह्मण या परम्परागत बुद्धिजीवी वर्ग कमजोर पड़ गया। इसका आंशिक कारण यह था कि संरक्षकता के सारे साधन यानी राजाओं, सूबेदारों, सरदारों और जमींदारों के दरबार लुप्त हो गए थे। इसके अलावा आंशिक रूप से दूसरा कारण यह था कि कम्पनी ने पहले से चलती आई, धार्मिक व्यक्तियों और विद्वानों को दी हुई लगानमुक्त जमीनों को फिर से ले लिया। इस प्रकार अपनी परम्परागत जीविका से वंचित होने के बाद वे जहाँ भी हो सका, नौकरी और रोजगार ढूंढने के लिये बाध्य हुए। एस0 के0 दे के शब्दों में "प्राचीन विद्या और संस्कृति की जड़ों पर कुठाराघात हुआ, अतः जिस प्रभाव से हिन्दू संस्कृति में उदात्त तत्वों का उद्भव हुआ था, वह जाता रहा, पर जिस प्रभाव के कारण इसमें कुसंस्कार और हास्यास्पद तत्वों का प्रवेश हुआ, वह बढ़ गया।"[1]

भारतीय मन पर जिन सांस्कृतिक घटकों ने बहुत अधिक प्रभाव डाला और जीवन की बौद्धिक, सौन्दर्य- परक, सामाजिक, नैतिक और धार्मिक समस्याओं के सम्बन्ध में नए रूखों का विकास किया, उनमें पाश्चात्य ज्ञान के विस्तार को सबसे महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिये।

इतना तो स्मरण किया जा सकता है कि आधुनिक पाश्चात्य ज्ञान आवश्यक रूप से वैज्ञानिक, वस्तुपरक, आलोचनात्मक, 'आप्त वाक्यं प्रमाणम्' से दूर तथा बौद्धिक और युक्तिसंगत प्रक्रियाओं से प्राप्त किया गया है।

परम्परागत ज्ञान एक सुसम्बद्ध समग्र ज्ञान माना जाता था। इसके अध्ययन की कठिनाई इस तरह से बढ़ जाती थी कि संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक था और समृद्ध शब्द कोष और जटिल व्याकरण से युक्त संस्कृत भाषा का अध्ययन बहुत परिश्रम साध्य था। इस प्रकार से ज्ञान प्राप्त करने की परिस्थितियों के कारण ही यह चीन के मैण्डरीनों की तरह अनिवार्यतः इसके भक्तों का एक छोटा–सा और चुना हुआ दल रह गया। उनके लिए जीविका कमाना जरूरी नहीं था क्योंकि उनका पालन करना सरकार या समाज का कर्तव्य था। यद्यपि वे लोक संग्रह की दृष्टि से गरीब थे, फिर भी आध्यात्मिक रूप से धनी थे और समाज में उनका बड़ा आदर था। उनमें से सब तो नहीं, पर अधिकांश ब्राह्मण थे और कुछ लोग हिन्दुओं की अन्य जातियों के लोग थे।

हिन्दू और मुस्लिम विद्वानों के दायरे अक्सर अपनी ही तक सीमित थे, इसलिये उन्होंने, कुछ अपवादों को छोड़कर, अपने ज्ञान का आदान–प्रदान नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि उन्होंने एक दूसरे के मन को भी समृद्ध नहीं बनाया। इसके अलावा अठारहवीं शताब्दी राजनैतिक गड़बड़ी और बौद्धिक ह्रास का युग था। उथल–पुथल के काल में जबकि युद्ध और हिंसा का सर्वत्र बोलबाला था, विज्ञान का पनपना संभव नहीं था। पर जब ब्रिटिश विजय से शान्ति स्थापित हुई, तो ज्ञान वृद्धि की प्राथमिक शर्तें पूरी हो गईं। विजेता अपने साथ एक नए प्रकार का ज्ञान ले आए थे, जिसके बीज उर्वर भूमि पर गिरे और फले–फूले।

शिक्षा के क्षेत्र में ईसाई मिशन : प्लासी के युद्ध के पहले के समय में बौद्धिक परिवर्तन के दो मुख्य अभिकरण थे। भारतीय दो तरह से यूरोपीय सौदागरों के प्रभाव में आए: एक तो व्यापारी संस्थाओं में और दूसरे प्रशासन कार्य में।

जो ईसाई मिशनरी भारत में ईसाई धर्म का प्रचार करना चाहते थे, वे भारतीयों में जाकर बाईबल का प्रचार करते थे और ईसाई वातावरण में भारतीय बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल खोलते थे।

प्रारम्भिक सोपानों में, ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने ईसाई धर्म के प्रचार में कोई दिलचस्पी नहीं ली, यद्यपि 1698 के अधिकार पत्र में कारखानों के पादरियों से यह कहा गया था कि वे "देशी भाषाएं सीखें ताकि वे उन निवासियों को जो कम्पनी के नौकर या गुलाम होंगे उनको कम्पनी के एजेंटों एवं प्रोटेस्टेंट धर्म की शिक्षा अधिक अच्छी तरह से दे सकें।"[2] पर कम्पनी मुनाफा कमाने में इतनी व्यस्त थी कि यह हिदायत धरी रह गई।

प्लासी के बाद बंगाल में प्रोटेस्टेंट मिशनरियों के कार्य ने जोर पकड़ा। 1758 में डेनिस मिशन के कीरनाण्डेर कलकत्ता पहुँचे और क्लाइव ने उन्हें अपना मिशन शुरू करने की अनुमति दी। पर उनका कार्य अधिकांश अंग्रेजों और 'पुर्तगाली' कहलाने वाले

... जीवित रहा, फिर भी उन्होंने एक प्रसिद्ध हिन्दू गणेशदास को, जो कलकत्ता के सुप्रीम कोर्ट में फारसी दुभाषिए और अनुवादक थे, ईसाई बना लिया।

मिशनरियों का दूसरा महत्त्वपूर्ण दल विलियम कैरी और उसके दो साथियों का था। कैरी 1793 में ऐसे समय कलकत्ता आया, जब मिशनरियों के कार्य के प्रति कम्पनी की धार्मिक नीति निश्चित रूप से विरोधी हो चुकी थी। 1799 में जब मार्शमैन और विलियम वार्ड, विलियम कैरी के पास आ गए और वे सब के सब श्रीरामपुर में बस गए, जो उस समय कलकत्ता से 20 मील उत्तर में एक डेनिश बस्ती थी।

आधुनिक बंगला के विकास के लिए कैरी की महान सेवा यह थी कि उन्होंने आधुनिक बंगला गद्य की नींव डालने में बहुत बड़ा कार्य किया। कैरी के पहले बंगला में कविता का एक समृद्ध खजाना था, पर अठारहवीं सदी में इसका रूप बहुत विकृत हो गया था। इसके अलावा इसके गद्य में कोई मूल्यवान कृति नहीं थी। कैरी ने बंगला का एक व्याकरण लिखा, जो इस प्रकार का प्रथम ग्रन्थ था, क्योंकि उससे पहले हालहेड ने यह काम किया था, पर उनकी यह कृति इस विषय पर पहली वास्तविक वैज्ञानिक कृति नहीं थी। तब कैरी ने लगभग 80000 बंगला शब्दों का एक कोश प्रस्तुत किया। इन दो कृतियों ने बंगला गद्य रचना का स्वरूप प्रस्तुत किया। कोश और व्याकरण के अतिरिक्त उनकी अपनी रचनाओं में कई पाठ्य पुस्तकें जैसे कथोपकथन और इतिहास माला थी।

कैरी के दो साथी मार्शमैन और वार्ड ने पूरे उत्साह के साथ उसका समर्थन किया। मार्शमैन शिक्षक था और उसने तथा उसकी पत्नी ने मिल कर लड़के और लड़कियों के लिए स्कूल स्थापित किए, जो आधुनिक शिक्षा के केन्द्र बन गए। श्रीमती हन्ना मार्शमैन ने लड़कियों का पहला स्कूल श्रीरामपुर के मिशनरियों के द्वारा स्थापित 'बैपटिस्ट फीमेल स्कूल ऑफ सोसाइटी' के द्वारा कलकत्ता, ढाका, चटगांव और दूसरे शहरों में भी अनेक विद्यालय स्थापित करवाये।

वार्ड एक मुद्रक था और उसने पहला छापाखाना स्थापित किया जहाँ बंगला की टाईप बनाई जाती थी। उसने कागज की एक मील और एक टाइप फाउंड्री के साथ श्रीरामपुर में एक बड़ा छापाखाना स्थापित किया। इस छापेखाने में श्रीरामपुर के मिशनरियों और फोर्ट विलियम कालेज के शिक्षकों की पुस्तकें ही नहीं, बल्कि कोलब्रुक जैसे विद्वानों और रामचन्द्र जैसे वैज्ञानिकों की रचनाएँ भी प्रकाशित होती थीं। इस छापेखाने के कारण श्रीरामपुर से बंगला और अंग्रेजी में समाचार-पत्र पत्रिकाएं आदि प्रकाशित हो सकीं।

अंग्रेजी शिक्षा की विजय : 1823 में ऐडम ने, जो स्थायी रूप से गवर्नर जनरल के पद पर आसीन थे, सार्वजनिक शिक्षा के लिए 10 सदस्यों की एक सामान्य समिति नियुक्त की, जिसमें एच. टी. प्रिंसेप और एच. एच. विल्सन थे और उनके हाथों में सालाना एक लाख रुपया और तब तक की जमा रकम तथा वर्तमान संस्थाओं के लिए मंजूरशुदा रकमें सौंप दीं।

समिति में प्राच्य विद्या विशारदों का बोलबाला था, जिनका यह दृढ़ मत था कि "मुसलमानों और हिन्दुओं के जबरदस्त पूर्वाग्रहों और किसी अच्छे उद्देश्य के लिए बड़ी हद तक अधिकारियों के उपलब्ध साधनों की कमी को देखते हुए हम यह समझते हैं कि निःसंदेह अब से यह सरकारी संस्थाओं का काम होना चाहिए कि वे मुस्लिम और हिन्दू साहित्य और विज्ञान की शिक्षा दें।"

राममोहन राय ने लार्ड आमहर्स्ट को एक जोरदार पत्र लिखा जिसमें कलकत्ता में संस्कृत कालेज खोलने का विरोध किया गया था और संस्कृत विद्या की शिक्षा देने की निन्दा की गई थी। इसमें यह कहा गया था कि "नौजवानों को अपने जीवन के सबसे बहुमूल्य एक दर्जन वर्ष व्याकरण की बारीकियों या संस्कृत व्याकरण को जानने में खर्च कर देने से" कोई लाभ नहीं हो सकता और न वेदान्त की अटकलबाजियों लगाने से ही कोई लाभ होगा। इससे नौजवानों को समाज का बेहतर सदस्य बनने में कोई मदद नहीं मिलेगी और न मीमांसा और न्याय के पढ़ने से ही कोई लाभ होगा। राममोहन राय ने आगे लिखा था, "चूंकि सरकार का उद्देश्य यह है कि देशी लोगों की उन्नति हो, इसलिए उन्हें चाहिए की शिक्षा की उदार और उन्नत पद्धति को बढ़ावा दें, जिसमें दूसरे उपयोगी विज्ञानों के साथ गणित, प्राकृतिक दर्शन, रसायन शास्त्र, शरीर रचना शास्त्र आदि की शिक्षा दी जाए। यह कार्य यूरोप में शिक्षित कुछ प्रतिभाशाली विद्वान लोगों को नियुक्त करके तथा आवश्यक पुस्तकों, उपकरणों तथा अन्य साज सामान से सुसज्जित कालेज खोल कर किया जा सकता है।"

1834 में गवर्नर जनरल की परिषद के विधि सदस्य के रूप में मैकाले के आने से इस शक्तिशाली विरोध को बहुत बल मिला। 1835 की 2 फरवरी को उन्होंने लार्ड विलियम बैंटिक के सामने अपना प्रसिद्ध मन्तव्य लेख पेश किया। इसके तर्कों के वजन तथा इसके असन्तुलित कथनों की प्रभावशाली शैली के कारण बैंटिक ने मैकाले द्वारा सिफारिश की हुई नीति का विशेषकर इसलिए समर्थन किया कि मैकाले ने कुछ शब्दों को एकत्र करके सामने रखा, जिनसे इस विचार-धारा का समर्थन प्राप्त होता था। बैंटिक ने यह मान लिया कि सरकार के पास उपलब्ध धनराशि को उपयोगी ज्ञान की शिक्षा में ही काम में लाई जाए और इस प्रकार से वह इस विचार से प्रभावित हो गए कि भारतीयों की नई पीढ़ी को शिक्षा देने का उद्देश्य पाश्चात्य ज्ञान का प्रसार था, जो ऐसे वर्ग के सृजन में मदद देगा, जो "रक्त और रंग से भारतीय पर रुचि, मत, रीति-नीति और दिमाग से अंग्रेज होंगे" या दूसरे शब्दों में, आधुनिक दिमाग के भारतीय होंगे।

सर चार्ल्स ट्रेवेलियन ने जो सार्वजनिक शिक्षा समिति के सदस्य तथा मैकाले के रिश्तेदार थे, अंग्रेजी के पक्ष में दो और तर्क दिए। उनका यह कहना था कि अंग्रेजी शिक्षा का असर यह होगा कि भारतीय भाषाएं समृद्ध होंगी, उनमें एकता आएगी और भारत की सांस्कृतिक एकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "उसी स्रोत से रस प्राप्त करते हुए उसी ढांचे में ढल कर, एक विज्ञान, एक रुचि और एक-सी वैज्ञानिक शब्दावली से समन्वित होकर राष्ट्रीय भावनाओं तथा साथ ही राष्ट्रीय चरित्र में दृढ़ता आ जाएगी। समाज के प्रत्येक वर्ग की ... एकतावद्ध और साहित्यिक उपलब्धि फौरन ही सबके उपभोग के हेतु सामान्य भण्डार में मिल जाएगी और यहाँ से जाते समय हम एक ... और प्रगतिशील जाति छोड़ जाएंगे, जबकि हमने आते समय टुकड़ों में टूटी हुई, जात-पात से बंटी हुई जाति पाई थी। ...

के सभी संप्रदाय साहित्य की उन्नति में बाधक थे, मानो उनका सृजन प्रगति को रोकने के लिए हुआ था न कि मानव बुद्धि को आगे बढ़ाने के लिए।"

उनको आशा थी कि "अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भारतीय लोग ब्रिटिश शासन के भक्त हो जाएंगे। उसी प्रकार शिक्षित होकर, उन्हीं लक्ष्यों से प्रेरित होकर, हमारे साथ उन्हीं उद्देश्यों में सलग्न होकर वे हिन्दू से कहीं ज्यादा अंग्रेज हो जाएंगे, जैसे कि रोमन साम्राज्य के अधीन गाल या इटालियन लोग रोमन ज्यादा हो गए थे।"

यद्यपि इस भविष्यवाणी का पहला अंश कुछ हद तक पूरा हुआ है पर इसका दूसरा भाग ट्रेवेलियन की आशाओं से कुछ भिन्न उतरा। फिर भी कुल मिलाकर मैकाले और ट्रेवेलियन की भविष्यवाणियाँ आश्चर्यजनक रूप से सही प्रमाणित हुई। पर यह कहना अत्युक्ति होगी कि भारतीय लोग रंग और चमड़े के अतिरिक्त सभी विषयों में अंग्रेजी की नकल बन गए हैं या ब्रिटिश शासन के प्रति शिक्षित भारतीयों के वफादारी अंग्रेजी शिक्षा के कारण बढ़ी हुई है। बल्कि परिणाम इसके विपरीत ही हुआ है।

भारतीय भाषाओं की अवहेलना : यह कहा गया कि भारतीय भाषाओं के जरिए ही माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षा संभव है और भारतीय साहित्य के विकास पर उसका अच्छा असर होगा। प्रमाण में बम्बई का उदाहरण दिया गया, जहाँ अधिकांश माध्यमिक विद्यालयों में भारतीय भाषाएँ शिक्षा के माध्यम के रूप में चल रही थीं।

यह मानते हुए कि भारतीय शिक्षकों की नियुक्ति की दृष्टि से भारतीय भाषाओं के जरिए, शिक्षा अधिक सस्ती और सुविधाजनक हो सकती है, आकलैंड ने इस कारण इस सुझाव को मानने से इंकार कर दिया कि "देशी नवयुवक हमारे विद्यालयों में देशी भाषा की रचना सीखने नहीं आएँगे।"

1837 में बम्बई में शिक्षा के माध्यम के प्रश्न पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, शिक्षा मण्डल के अध्यक्ष और आंग्लवादी सर एरस्कीन पेरी में तथा कर्नल जार्विस, जगन्नाथ शंकर सेठ और मण्डल के दूसरे भारतीय सदस्यों में द्वंद्व चला। जगन्नाथ शंकर सेठ ने 1847 की पहली मई को बोर्ड के सामने अपने मन्तव्य में कहा—"यदि हमारा उद्देश्य भारतीयों में ज्ञान का प्रचार तथा मानसिक उन्नयन है, तो मेरा यह मत है कि वह ज्ञान उन्हें उनकी अपनी भाषा में दिया जाए। भला और किस उपाय से हम यह आशा कर सकते हैं कि हम कभी स्त्रियों में शिक्षा का व्यापक प्रसार करेंगे? मैं फिर कहता हूँ कि मैं अंग्रेजी की शिक्षा को किसी भी प्रकार निरुत्साहित नहीं करना चाहता, पर मैं विश्वास करता हूँ कि वह आम जनता की पहुँच के बाहर है।" 1833 के बाद बम्बई और मद्रास की प्रेसिडेंसियों पर गवर्नर जनरल का नियंत्रण बढ़ गया। इसका उपयोग बम्बई की पद्धति को बंगाल की पटरी पर लाने में किया गया। इस प्रकार बोलचाल की भाषाओं का पक्ष कमजोर पड़ गया और अंग्रेजी, उच्चतर शिक्षा के माध्यम के रूप में स्वीकृत हुई। यह कहा गया है कि अंग्रेजी ने विभिन्न भाषाएं बोलने वाले भारतीयों को एक सामान्य भाषा दी, और इस प्रकार भारत के सारे भागों में, परस्पर विचार विनिमय का एक साधन प्राप्त हो गया।

सन्दर्भ :

1. एस0के0 दे, "हिस्ट्री ऑफ बंगाली लिटरेचर इन दी नाईन्टीन्थ सेंचुरी" कलकत्ता विश्वविद्यालय, 1919, पृ. 31
2. जे0 रिचटर, "ए हिस्ट्री ऑफ मिशन्स इन इंडिया," एस0 एच0 मूर द्वारा अनूदित, 1908, पृ. 129
3. निदेशक मण्डल को समिति का उत्तर 18 अगस्त, 1824, देखिए : एच हावेल, पृ. 15–16
4. निदेशक मण्डल को समिति का उत्तर 18 अगस्त, 1824, देखिए : एच हावेल, पृ. 17–18
5. "दि इंग्लिश वर्क्स ऑफ राजा राममोहन राय", जे0सी0 घोष द्वारा सम्पादित, जिल्द 2, कलकत्ता, 1903, पृ. 326
6. कोर्ट ऑफ डाइरेक्टर्स का पत्र बंगाल के परिषद् गवर्नर जनरल के नाम, 5 सितम्बर, 1827
7. सिलेक्शन्स फ्राम एजूकेशनल रेकॉर्ड्स, भाग–1, 1781 से 1839, कलकत्ता, पृ.50
8. सिलेक्शन्स फ्राम एजूकेशनल रेकॉर्ड्स, भाग–1, 1781 से 1939, कलकत्ता, पृ.50

♦ ♦ ♦

Approved by UGC
Journal No. 48923
IIJ Impact Factor : 2.695

ISSN : 2348-4624
Year : V, No. : XVII, Issue-I
January-March, 2018

Śodha Mīmāṁsā

An International Refereed Research Journal

Editor in chief
Dr. Rakesh Kumar Maurya

Associate Editor
Dr. Anish Kumar Verma & Dr. Devi Prabha

Published by :
Kusum Jankalyan Samiti
Deoria, U.P. (INDIA)

विद्यालयीय वातावरण का विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षिक निष्पत्ति तथा समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन
सम्बन्धित साहित्य के पुनर्निरीक्षण 64–66
पूनम कुमारी

नागार्जुन के उपन्यासों में प्रगतिशील चिन्तन : आर्थिक तथा राजनीतिक सन्दर्भ में 67–69
प्रीती सिंह

उच्च शैक्षिक संस्थाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति की समस्या एवं समाधान 70–71
अनुपमा कुमारी

तनाव प्रबन्धन में श्रीमद्भगवद्गीता की उपादेयता 72–75
बद्री नारायण मिश्र

भारत के कृषि क्षेत्र में विद्यमान समस्याओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन 76–78
मुकेश कुमार शर्मा

पश्चिमी ज्ञान विज्ञान से सम्पर्क एवं प्रभाव 79–81
नरेन्द्र कुमार व डॉ० सीमा पटेल

वर्तमान समय में छात्रों की शैक्षिक सफलता में शिक्षक नेतृत्व की प्रासंगिकता : एक अध्ययन 82–85
राहुल

भारत में संसदीय शासन प्रणाली (ऐतिहासिक पृष्ठभूमि) 86–88
डॉ० [illegible] शुक्ला

नाट्य मंचन में अभिनय की भूमिका 89–90
डॉ० सन्तोष कुमार

नैतिक अवमूल्यन और बौद्ध दर्शन 91–93
डॉ० सुनील कुमार [illegible]

स्त्री मनोविज्ञान : कृष्णा सोबती एक नजर 94–96
सुप्रिया सिंह

मानव संसाधन विकास केन्द्रों द्वारा संचालित कार्यक्रमों के प्रति शिक्षकों की अभिवृत्ति का अध्ययन 97–98
सोमित सिंह

लोक जीवन की मानवीय व्याख्या 99–101
पुष्पा जायसवाल व डॉ० नंद किशोर तिवारी

परम्परा एवं आधुनिकता : एक अध्ययन 102–104
स्नेहा सिंह

शिशुपालवधमहाकाव्य में वर्णित वनस्पतियों का परिचय एवं उपयोग 105–108
डॉ० विश्वकर्मा दत्त द्विवेदी

नागार्जुन की प्रगतिशील लम्बी कविता राम और लक्ष्मण का शिल्प विधान 109–110
डॉ० किरण कुमारी सिंह

अनुसूचित जाति की महिलाओं में शराबबंदी का प्रभाव : एक अध्ययन 111–114
बबीता कुमारी

सर्व शिक्षा योजना : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 115–117
छोटे पासवान

संस्कृत साहित्य में कादम्बरी का गद्य परिचय 118–119
डॉ० जय गोपाल यादव

धर्मशास्त्रसाहित्यविकासस्य विवेचनम् 120–122
डॉ० विवेक चन्द्र पासवान

जवाहर लाल नेहरू और गांधी जी के सम्बन्धों का विश्लेषणात्मक अध्ययन 123–125
जितेन्द्र प्रसाद

शांकर वेदान्त की ज्ञान–मीमांसा 126–128
दीपनारायण पाण्डेय व डॉ० किशोर कुमार

सामाजिक विकास एवं जागरूकता कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीण महिलाओं की जागरूकता : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 129–131
रश्मी मौर्य

Sodha Mimamsa : ISSN 2348-4624
Letter No. ANL ISSN INF 2014/461
Published by : Kusum Lokakalyan Samiti, Deoria, U.P. (INDIA)
UGC Journal No. 48925

IIJ Impact Factor : 2.695
Year : V, No. XVII Issue-I
January-March, 2018
Page No. : 79-81

पश्चिमी ज्ञान विज्ञान से सम्पर्क एवं प्रभाव

नरेन्द्र कुमार* व डॉ० सीमा पटेल**
*शोधार्थी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार
**शोध निर्देशक, एसो० प्रो०, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ, बिहार

उपयोगितावादी विचारों से प्रभावित एवं तर्कबुद्धि (हेतु) मानवता और मानव अधिकारों में गहन आस्था रखने वाले, ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अधिकारियों के साथ यूरोपीय पुनर्जागरण तथा औद्योगिक क्रांति से उत्पन्न नवीन चेतना का भारत में प्रवेश हुआ। इंग्लैंड जैसे विकासोन्मुख देश तथा अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से प्रविष्ट पाश्चात्य सभ्यता ने हमारी शिक्षा, सामाजिक विचारों, स्थापत्य कला, आर्थिक जीवन, प्रतिरक्षा, संचार, परिवहन, उद्योग, प्रविधि, स्वास्थ्य सेवाओं, खान–पान सम्बन्धी वृत्तियों और सामान्य रहन–सहन सभी को प्रभावित किया। भारतीय जनजीवन के विभिन्न पक्षों में उल्लेखनीय, आकस्मिक एवं व्यापक परिवर्तन हुए जिनके फलस्वरूप यह युग (19वीं शताब्दी), अन्य समस्त युगों की तुलना में, अत्यन्त भिन्न तथा विशिष्ट बन गया। आचार–विचार तथा व्यक्तित्व में आधुनिक भारत का निवासी अपने पूर्वजों से भिन्न दिखने लगा।

पश्चिमी सभ्यता के तीन तत्वों का इसमें विशेष योगदान रहा है–ईसाई आचारशास्त्र, विधि का शासन और प्रकृति पर विज्ञान की विजय।

पश्चिमीकरण का रूप जनता के विभिन्न भागों में एकरूप नहीं था। कुछ ने वेशभूषा, खान–पान, रहन–सहन, तौर–तरीकों को अपनाया तो कुछ ने ज्ञान–विज्ञान, साहित्य आदि को, किन्तु इस अन्तर को रूढ़ नहीं माना जा सकता। पश्चिमीकरण ने प्राविधिकी, संस्थाओं, ज्ञान–विज्ञान, विचारों, विश्वासों तथा मूल्यों को भी प्रभावित किया। समाचार–पत्रों, ईसाई मिशनों, चुनावों को भी पश्चिमी सभ्यता के प्रभावों के अन्तर्गत गिना जाता है। इन नई संस्थाओं के प्रवेश के साथ ही प्राचीन (पारम्परिक) संस्थाओं में भी आधारभूत परिवर्तन हुए। मूल्यों में भी परिवर्तन आये– उदाहरण के लिए मानवतावाद को अपनाया जाने लगा जिसमें समता तथा धर्मनिरपेक्षता दोनों का समावेश है यद्यपि भारतीय संस्कृति इनसे विहीन नहीं थी।[1]

साहित्य के क्षेत्र में उपन्यास, आधुनिक काव्य छन्दों आदि को विभिन्न भारतीय भाषाओं में पश्चिम के संघात के फलस्वरूप अपनाया गया। कला, स्थापत्य, नृत्य एवं संगीत भी पश्चिम से व्यापक रूप से प्रभावित हुए। पश्चिमी सभ्यता के प्रभावस्वरूप आर्थिक क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना एवं संवृद्धि हुई, नये नगरीय केन्द्रों का विकास हुआ तथा पश्चिमी प्राविधिकी भी अपनाई गई। विज्ञान, वैज्ञानिक शोध, चिकित्सा, गणित आदि भी पश्चिम से प्रभावित हुए। भारतीय सभ्यता–संस्कृति में नवीन तत्वों के प्रवेश में अंग्रेजी शिक्षा की प्रमुख भूमिका थी जिसने भारतीयों को पश्चिमी दर्शन, विज्ञान, साहित्य, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र आदि के अध्ययन का अवसर प्रदान कर, उन्हें पश्चिमी सभ्यता–संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से परिचित बनाया। विभिन्न विषयों तथा क्षेत्रों से सम्बन्धित नवीन विचार भारतीयों को उद्वेलित करने लगे। विचार एवं कर्म की नवीन प्रवृत्तियों ने परम्परागत भारतीय संस्कृति में हलचल उत्पन्न कर दी।

पश्चिमी शिक्षा ने नव–शिक्षाप्राप्त जनों के दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन को जन्म दिया। आंग्ल साहित्य, इतिहास और राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन के फलस्वरूप मानवतावादी दृष्टिकोण विकसित हुआ और वे जाति, धर्म आदि का भेदभाव किये बिना, मानवमात्र के हित से सक्रिय रूप से जुड़ गये जिससे समतापरक एवं धर्म–निरपेक्ष (लौकिक) प्रवृत्तियाँ पनपीं। इसके साथ ही, नई शिक्षा ने हेतुवादी और आलोचनात्मक दृष्टिकोण के विकास को भी प्रोत्साहित किया, जबकि पारम्परिक शिक्षा–प्रणाली में अतीत को ही प्रायः आँख मूँद कर स्वीकार कर लिया जाता था। भारत पर पाश्चात्य संस्कृति के संघात का सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि, प्रचलित परम्पराओं, विचारों और रीति–रिवाजों में अन्धविश्वास के स्थान पर हेतुवाद की एक ऐसी भावना का जन्म हुआ जो किसी भी चीज को आँख मूँद कर स्वीकार करने के बजाय जिज्ञासा (जाँच पड़ताल) और तर्क पर ज़ोर देती थी।

पश्चिम के साथ सम्पर्क के फलस्वरूप भारतीय सभ्यता के नये युग के सूत्रपात के सन्दर्भ में डी.एस. शर्मा ने लिखा है कि हमारे स्कूल–कॉलेजों में–युवा विद्यार्थियों की चमत्कृत दृष्टि के समक्ष विचारों का एक नया जगत प्रकट हुआ। अत्युक्तिपूर्ण पौराणिक भूगोल, दन्त–कथात्मक इतिहास और मिथ्या–विज्ञान के स्थान पर पृथ्वी के आकार, राष्ट्रों के उत्थान एवं पतन तथा प्रकृति के अपरिवर्तनीय नियमों (विधानों) से सम्बन्धित संयत एवं सही विचार आये।[2]

ब्रिटिश शासन के अधीन जन्म लेने वाली नई राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक स्थितियों ने जाति–प्रथा पर भी प्रहार किया। ग्राम–समुदाय की आत्मतुष्टि का अन्त हुआ, भूमि में निजी स्वामित्व की प्रणाली की शुरुआत हुई, विदेशी नियन्त्रण के अधीन छिट–पुट रूप से उद्योगों का जन्म एवं विकास हुआ, नये व्यवसायों तथा नगरों और यातायात–परिवहन के नये साधनों (रेलों आदि) का विकास हुआ जिसके फलस्वरूप न तो व्यवसाय जातियों से बँधे रह गये, न विभिन्न जातियों का परस्पर दुराव ही पूर्ववत् बने रहना सम्भव रहा। ब्रिटिश शासन के अधीन व्यक्ति की परिस्थिति अब परम्परा पर आधारित न रहकर, शिक्षा, व्यवसाय, आर्थिक स्थिति आदि पर आधारित हो गयी।

पश्चिम के अनेक वैज्ञानिक आविष्कारों का भारत में प्रवेश हुआ–मुद्रणालय, वाष्पचालित यान, रेलवे इन्जन, तार, टेलीफोन, वायुयान आदि जिन्होंने यातायात परिवहन एवं संचार–सम्पर्क के क्षेत्र में भारतीयों को परस्पर तथा शेष विश्व के निकट लाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

मानवतावादी दृष्टिकोण ने समाज एवं धर्म सुधार आन्दोलन को और फिर स्वातन्त्र्य संग्राम को प्रेरणा प्रदान की। बाल विवाह, बलात् वैधव्य (विधवा विवाह निषेध), पर्दाप्रथा, स्त्री–शिक्षा का विरोध, अस्पृश्यता, अन्तर्जातीय खान–पान आदि कुप्रथाओं के विरुद्ध जेहाद छेड़ा गया। समाज के पुनरुद्धार को भारतीयों के उत्थान एवं उत्कर्ष के लिए अनिवार्य माना जाने लगा।

समाज एवं धर्मसुधार आन्दोलनों (ब्रह्मसमाज, प्रार्थनासमाज, आर्यसमाज, रामकृष्ण मिशन, थियोसॉफिकल सोसाइटी आदि) ने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और परिवर्तन लाने में काफी सीमा तक सफलता प्राप्त की। नवजागरण (या पुनर्जागरण–रेनासां) ने भारतीयों को इहलौकिक जीवन की ओर ध्यान देने और जनसामान्य के भौतिक–नैतिक उत्थान के निमित्त कार्य करने की ओर भाग्यवाद एवं निरुत्साह से मुक्ति पाने की प्रेरणा प्रदान की।

समाज सुधार आंदोलनों के फलस्वरूप दलितों में भी नवीन चेतना जागृत हुई। ईसाई मिशनरियों, रामकृष्ण मिशन, थियोसॉफिकल सोसाइटी, दलित वर्ग मिशन (बम्बई) तथा गांधीजी के हरिजन उद्धार (या अछूतोद्धार) आन्दोलन और सरकार के द्वारा उठाये गये कुछ कदमों ने दलितों के उत्थान में सहायता पहुँचाई।

स्त्रियों के उद्धार एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी पश्चिमी संघात की उल्लेखनीय भूमिका थी। ओ. मैली के अनुसार स्त्रियों को मताधिकार की प्राप्ति, अपेक्षाकृत सुसंस्कृत वर्गों में पर्दाप्रथा के त्याग आदि से प्रकट होने वाला (अपेक्षाकृत) सामाजिक स्वातन्त्र्य, सार्वजनिक जीवन तथा विभिन्न व्यवसायों में उनका प्रवेश, स्त्रियों से सम्बन्धित आन्दोलनों का विकास, 1937 में ब्रिटिश भारतीय सरकार द्वारा पारित स्त्रियों के सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकारों का अधिनियम, 1933 में मैसूर व्यवस्थापिका द्वारा पारित हिन्दू विधि, स्त्री अधिकार सम्बन्धी विनियम, जिनसे स्त्रियों की वैधानिक परिस्थिति में सुधार हुआ, आदि महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हैं, जिनका जन्म स्त्रियों की स्थिति से सम्बन्धित विचारों को नई दिशा दिये जाने से हुआ।

पुरातनपंथी भी अंग्रेजी शिक्षा के समर्थक, किन्तु अंग्रेजी विचारों के विरुद्ध थे। बंगाल में इनमें प्रमुख थे– राधाकान्त देव (1784–1867), गौर मोहन विद्यालंकार और भवानी चरण मुखर्जी आदि। तीसरा दृष्टिकोण दोनों के बीच समन्वय (सामन्जस्य) के पक्ष में था, यह न तो पश्चिम को पूर्णतया स्वीकार करने का समर्थक था न पूर्णतया अस्वीकार करने का। यह देश की प्रगति के लिए परिवर्तन के पक्ष में था। राजा राममोहन राय, प्रार्थना समाज और विवेकानन्द इसी दृष्टिकोण के पक्षधर थे। वे पूर्वी दर्शन और आंग्ल विचारों के सामन्जस्य को अनिवार्य मानते थे।

राधाकृष्णन के अनुसार, पश्चिमी शिक्षा तथा आदर्शों के प्रसार ने हिन्दू धर्म के अन्तर्गत ऐसे आन्दोलनों को उत्प्रेरित किया जो, इसके सार्वभौमिक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तों को परिरक्षित करने के साथ ही, उन अपवृद्धियों को उन्मूलित करने के निमित्त थे जो न केवल हिन्दुत्व की चेतना (भावना–स्पिरिट) के ही बल्कि पश्चिमी संस्कृति द्वारा प्रसारित आदर्शों के भी विरुद्ध थे।[4]

हमारे पुनर्जागरण पर पश्चिम के उल्लेखनीय प्रभाव का निरूपण करते हुए डा. विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ने लिखा है कि, यह सत्य है कि पश्चिमी शिक्षा तथा ज्ञान के प्रचार–प्रसार से देश में बौद्धिक अनुसंधान की नयी भावना उत्पन्न हुई जिसका प्रयोग धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक समस्याओं के समाधान के लिए किया गया।[5] ए. आर. देसाई ने लिखा है कि, आधुनिक शिक्षा और तज्जन्य पाश्चात्य संस्कृति के सम्पर्क की भारतीय पुनर्जागरण में अत्यन्त प्रगतिशील भूमिका थी और इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रगतिशील आन्दोलनों के लगभग सभी नेता अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त बुद्धिवादी वर्ग के थे। निरन्तर वर्द्धमान और गहरे होते हुए राष्ट्रीय आन्दोलन के नेताओं में से अधिकांश आधुनिक पद्धति से शिक्षित हुए थे।[6]

19वीं शताब्दी के अंत तक, विशेषतया शिक्षित भारतीयों में, पाश्चात्य सभ्यता का अत्यन्त अप्रतिरोधनीय आकर्षण रहा है। 19वीं शताब्दी की प्रारम्भिक दशाब्दियों में पाश्चात्य विज्ञान तथा उदारवाद की अतिशय प्रधानता थी। विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग से संचार और यातायात की नयी पद्धतियों द्वारा, आर्थिक संगठन की नई विधियों और नई राजनीतिक संस्थाओं द्वारा भारत का रूप–परिवर्तन हो रहा था। 'विज्ञान एक महान मुक्तिदाता के रूप में प्रकट हुआ था और अनन्त सम्भावनाओं से परिपूर्ण मानववादी प्रयास का अग्रदूत प्रतीत होता था।'

किन्तु वास्तव में, आधुनिक भारतीय नवजागरण अथवा पुनर्जागरण का काल, जिसका आरंभ राजा राममोहन राय के साथ हुआ और जो पिछली शताब्दी के अन्तिम दशक में विवेकानन्द के साथ चरमोत्कर्ष को प्राप्त हुआ, ब्रिटेन की भौतिक, नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक श्रेष्ठता के विरुद्ध हिन्दू भारत का विद्रोह था।... इस रेनासां ने, पश्चिम की श्रेष्ठता के मिथक के विरुद्ध भारत के प्राचीन गौरव को स्थापित कर, आंग्लीकरण (पश्चिमीकरण) की ओर तीव्र प्रवाह को रोकने का प्रयास किया।

[illegible] एक अनिवार्य बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस [illegible] [illegible] संरक्षण में चलने वाले गिरोहों से जुड़ रहे हैं जो प्रभुत्वशाली [illegible] [illegible] हिंसा का सहारा ले रहा है। ग्रामीण अंचल में सक्रिय निजी सेना, भू-स्वामियों [illegible] [illegible] कार्यवाहियों को सरंअजाम देने के लिये बनी हैं।

[illegible] लोरिक सेना, कुंवर सेना और सनलाइट सेना आदि प्रमुख हैं। [illegible] [illegible] और भूमिगत संगठनों को "लाल सेना" की संज्ञा दे दी जाती है। [illegible]

[illegible] दक्षिण मध्य बिहार के कुर्मी भूस्वामियों का जुल्मी संगठन है। [illegible] [illegible] ग्रामीणों को डराने-धमकाने और जुझारू नेताओं की हत्या [illegible] [illegible] बिहार में कुर्मी जाति जमीन और जायदाद के मामले में [illegible] [illegible] सन् 1979 में पटना और गया के कई भूस्वामियों ने गाँवों में उभरते किसान संघर्षों को कुचलने के लिए [illegible] [illegible] किसान सुरक्षा के नाम पर यह भू-स्वामियों की ओर से खेत मजदूरों पर [illegible] [illegible] "बाद में भूमिसेना" के रूप में जानी जाने लगी। सितंबर 1979 में इसने पुलिस का [illegible] [illegible] के 111 गाँवों में आतंक मचाया और कई स्थानों पर निर्दोष हरिजनों और खेत मजदूरों को मौत के घाट उतारा। [illegible] [illegible] देश में चर्चा होने लगी।

[illegible] "भूमिसेना" का नया मुकाम खोला गया। [illegible] कई सत्ताधारी नेताओं और कुछ तत्कालीन मंत्रियों ने इन भूस्वामी [illegible] [illegible] "कानून काम" के लिये प्रोत्साहित भी किया। लाइसेंस और गैर लाइसेंस हथियारों के बल पर गिरोह ने [illegible] [illegible] इसके साथ ही जुल्मों सितम का सिलसिला तेज हो गया। [illegible] बड़ा हत्या काण्ड इसी गिरोह का [illegible] [illegible] पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ के तत्कालीन महासचिव [illegible] सिन्हा को गोली मारकर [illegible] [illegible] सिन्हा के बड़े भाई को भी इसी गिरोह ने मार डाला। क्योंकि वे अपने छोटे भाई की हत्या के [illegible] [illegible] इन हत्यारों को बिहार के दो कांग्रेसी विधायकों और एक मंत्री का निरंतर संरक्षण मिलता [illegible] [illegible] इन विधायकों के हमेशा अच्छे संबंध रहे।

[illegible] खासकर कुर्मी जाति के मझौले और धनी किसानों की समस्याओं पर भी [illegible] [illegible] सेना का मुख्य ईरादा कुर्मी जाति के लोगों की जातीय भावना का फायदा उठाना रहा है। [illegible] [illegible] पटना जिले के [illegible] गांव में जिस तरह पुलिस कैम्प के ठीक सामने जो निर्दोष ग्रामीणों की [illegible] [illegible] की सच्चाई जाहिर होती है। पुलिस सुरक्षा में ही इसने औरंगाबाद जिले के [illegible] में 6 लोगों की [illegible] [illegible] पटना और नालंदा जिले में भूमिसेना ने 200 सशस्त्र हमलों और हिंसक वारदातों में हिस्सा लिया [illegible] [illegible] 116 व्यक्तियों की हत्या हो चुकी थी। अब यह संख्या 219 तक पहुंच चुकी है। [illegible] [illegible] भूमिसेना के 80 सदस्यों का सफाया किया है। भूमिसेना पहले से कुछ कमजोर पड़ गई है।

[illegible] भूमिहार भूस्वामियों, नेताओं, अपराधियों और ठेकेदारों की निजी सेना है। ब्रह्मर्षि सेना जहानाबाद, गया, नालंदा और [illegible] [illegible] इस सेना के पास 550 से अधिक संगठित अपराधी कार्यकर्ता हैं। [illegible] [illegible] चाहिये। इसका ढांचा काफी कुछ असंगठित स्वरूप लिये हुये है। [illegible] [illegible] औपचारिक नेता या पदाधिकारी भी नहीं होता। एक गिरोह होने के नाते इसके [illegible] [illegible] "[illegible]" में [illegible] भूमिहार भूस्वामी हितों के पोषक कुछ कांग्रेसी नेता भी हैं। एक निर्दलीय और [illegible] [illegible] इन विधायकों पर कई बार हत्या और हत्या के प्रयास के गंभीर मुकदमें [illegible] [illegible] अभी भी मुकदमें चल रहे हैं।

[illegible] कि किसान आंदोलन का भूमिहार भूस्वामी बहुल इलाके के [illegible] [illegible] अपनी जड़ें जमा चुका था। जहानाबाद और गया के ग्रामीण क्षेत्रों में इस सेना ने [illegible] [illegible] की हत्या की। सी.पी.आई. लिबरेशन और पार्टी यूनिटी के हथियारबंद दस्तों से [illegible] [illegible] भी मारे जा चुके हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री बिन्देश्वरी दुबे (सन् 1985 से फरवरी 88 तक) के शासनकाल में ब्राह्मण सेना का प्रभाव बढ़ने लग गया। इसकी [illegible] पर कोई रोक-टोक नहीं रही। सत्ता के राजनीतिक कार्यकर्ताओं और जातीय जोड़-तोड़ को अनुकूल रखते हुए [illegible] सेना दुबे के काल में [illegible] का औपचारिक अंग सा बन गई थी। मुख्यमंत्री निवास में भी इसके खास लोगों का भारी महत्व था। जब मध्य बिहार में आई.जी., डी.आई.जी., [illegible] - डी. एस.पी. के [illegible] ''सेना'' के [illegible] की [illegible] हो रहे थे।

संदर्भ ग्रंथ-सूची

1. [illegible] श्रीवास्तव: बिहार का सच
2. [illegible] मेहता, [illegible]: [illegible] इन इंडिया, 1983
3. [illegible] गुप्त, [illegible] मूवमेंट इन बिहार
4. इ.आर. [illegible], [illegible] मूवमेंट इन इंडिया
5. [illegible] और [illegible] की रिपोर्ट, सन् 1981
6. [illegible] रिपोर्ट [illegible]
7. [illegible] : द [illegible] ऑफ [illegible]

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 11 अंक 5 सितंबर-अक्टूबर 2019

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की
मानक शोध पत्रिका



India's Leading Refereed Hindi Language Journal

कमलेश्वर की कहानियों में वर्णित मध्यवर्गीय जीवन मूल्य–राघवेंद्र सिंह; डॉ० प्रमोद कुमार सिंह 927
रामचरित मानस में प्रख्यात और उत्पाद्य का वैशिष्ट्य–विशाल मिश्र 932
हिन्दी उपन्यास: समाज में स्त्री की जगह–हरिश्चन्द्र; डॉ० प्रमोद कुमार सिंह 935
मुंशी प्रेमचन्द के कथा-साहित्य में किसानों की राजनैतिक स्थिति–पंकज पाठक; डॉ० प्रमोद कुमार सिंह 938
समकालीन पहाड़ी साहित्य : एक अवलोकन–डॉ० प्रेमचंद चन्देल 942
मानसिक स्वास्थ्य में संगीत चिकित्सा की भूमिका–डॉ० शैलि वाजपेयी 946
वर्तमान साहित्य की दशा और दिशा–डॉ० अनिल कुमार सिंह 949
अलवर और अजमेर जिले की अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग की भूमिका–डॉ० अंजु बाला; सुशील कुमार मीणा 953
डॉ० भीमराव अम्बेडकर का सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक दर्शन: एक विश्लेषण–डॉ० अरुण कान्त गौतम 956
कृष्णा सोबती की कहानियों में मूल्यबोध–डॉ० रेणु गुप्ता 959
प्राथमिक स्तर पर हिंदी सुलेखन कौशल के प्रोत्साहन की आवश्यकता एवं महत्व–अश्विनी कुमार पाठक 963
धार्मिक पाखंड के संदर्भ में भारतीय मनोविज्ञान की भूमिका–डॉ० रंजीत कुमार पाण्डेय 968
उपनिवेशवाद, पूँजीवाद और साम्राज्यवाद की पहचान करती कहानियाँ–डॉ० कृष्ण प्रताप सिंह 971
जिला बिलासपुर के माध्यमिक विद्यालयों के सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की आकांक्षा स्तर एवं शैक्षिक उपलब्धि के संबंध में तुलनात्मक अध्ययन–डॉ० विभा मिश्रा 974
बीसवीं सदी की पत्रकारिता का हिंदी भाषा विकास में योगदान–प्रा. अशोक मुरलीधर भेलाडे 978
समकालीन राजनैतिक पुनरुत्थान के संदर्भ में नरेश मेहता का काव्य–डॉ० संजीव श्रीवास्तव 982
भारत में पर्यटन स्थल का रोजगार व जीविका पर प्रभाव–किरण कुमारी 987
गांधी जी के अहिंसा का दर्शन एवं सत्याग्रह की परिकल्पना–प्रमिला यादव 991
कर्म और कर्मव्यवहार–डॉ० दिनेश कुमार 995
बिहार में किसानों की स्थिति एवं समस्याएँ–डॉ० सीमा पटेल; मनोज कुमार यादव 1000
ब्रिटिश काल में परम्परागत अर्थव्यवस्था का पतन–राहुल पाण्डेय; डॉ० सीमा पटेल 1003
जौनसार-बावर में प्रचलित परम्परागत खत की न्याय व्यवस्था का ऐतिहासिक अध्ययन–धीरपाल सिंह; सत्येन्द्र धस्माना 1006
आंचलिकता की अवधारणा और 'मैला आँचल' का रूपगठन–अरविन्द कुमार अवस्थी 1014
पं० दीनदयाल उपाध्याय का शिक्षा दर्शन–डॉ० के०डी० तिवारी 1019
जेंडर और शिक्षा–डॉ० बृजेश कुमार पाण्डेय 1022
थारू जनजातीय स्वशासन परम्परा एवं सामाजिक संरचना के विविध आयाम–डॉ० नरेश सिंह 1025
माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् एवं विद्यालय त्यक्त विद्यार्थियों के अभिभावक सम्बन्ध का तुलनात्मक अध्ययन–राकेश कुमार 1030
स्त्री अस्मिता की अंतहीन यात्रा–डॉ० सुमित्रा महरौल 1037
स्मृतियों में वर्णित प्राचीन भारतीय समाज में दासियाँ–डॉ० प्रभात कुमार; अनीता देवी 1040
भारत में चुनाव सुधार-दशा और दिशा–डॉ० अर्चना गुप्ता 1044
नेपाल में लोकतंत्र की प्रमुख चुनौतियाँ: राजतंत्र के विशेष संदर्भ में–डॉ० राजेश कुमार 1047
हिंदी कथा साहित्य के विकास में साहित्यिक पत्रिकाओं का योगदान–महेंद्र कुमार बमनाणा; डॉ० अविनाश कुमार अस्थाना 1050
हिन्दी कहानी में नारी-विमर्श: नारी लेखन के संदर्भ में–डॉ० सिन्धु सुमन 1053

ब्रिटिशि काल में परम्परागत अर्थव्यवस्था का पतन

राहुल पाण्डेय

शोधार्थी

डॉ॰ सीमा पटेल

शोध निर्देशिका, एसोसिएट प्रोफेसर, सह-आचार्य, इतिहास विभाग, क॰ क॰ पटेल महाविद्यालय, मथुरा

[illegible]

से अधिक लोगों का जीवनयापन होता है। यदि जनसंख्या बढ़ जाती है तो पुराने समुदाय की ही तरह जिस जमीन पर कब्जा न हो उसपर एक नए समुदाय की स्थापना कर दी जाती है। यह संपूर्ण प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से इन समुदायों के श्रमविभाजन को उद्घाटित करती है लेकिन उद्योगों में होने वाले विभाजन में जैसा श्रम-विभाजन होता है, वैसा यहाँ असंभव है, क्योंकि सुनार, लोहार या बढ़ई आदि को एक अपरिवर्तनीय बाजार मिलता है और उनका इसकी मांग गाँव के स्वरूप पर निर्भर करती है। समुदाय में श्रमविभाजन का नियंत्रण प्राकृतिक न्याय के अप्रतिरोध्य प्राधिकार से नियोजित होता है। इसके साथ ही प्रत्येक शिल्पकार, लोहार, बढ़ई आदि सभी अपनी कर्मशाला में अपनी कारीगरी के सभी कार्य स्वतंत्रतापूर्वक, परंपरागत रूप से संपन्न करते हैं। इसमें कोई भी अधिकारी नियंत्रण नहीं करता। इन समुदायों के आत्मनिर्भर उत्पादन की सांगठनिक ढांचे की सरलता यह है कि यह उसी रूप में निरंतर अपने को पुनरुत्पादित करता है और जब कभी दुर्घटनावश बरबाद हो जाता है तो उसी स्थान पर उसी नाम से पुनः प्रस्थापित हो जाता है। यही स्वाभाविकता एशियाई समाज की अपरिवर्तनशीलता के रहस्य की कुंजी है। ऐसी अपरिवर्तनशीलता जो असाधारण विरोधाभास के साथ एशियाई राज्य के कभी भी समाप्त न होने वाले राजतंत्र के परिवर्तन के साथ विघटन और पुनर्स्थापना में मौजूद है। इस समाज के आर्थिक ढांचे के तल, राजनीतिक बादलों की तूफानी गाज से भी अक्षुण्ण बने रहते हैं। मार्क्स द्वारा की गई यह विवेचना बहुत सुंदर ढंग से प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज का सार प्रस्तुत करता है।

ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के औपनिवेशिक शासन और शोषण ने भारत की परंपरागत उत्पादन व्यवस्था और स्वावलंबी समाज व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। 1757 ई. में प्लासी का युद्ध जीतने के बाद ब्रिटिश सेना भारत के विभिन्न इलाकों पर कब्जा करती गई। ब्रिटिश सेना द्वारा अधिकृत इलाकों में पुरानी आर्थिक व्यवस्था और सामाजिक श्रमविभाजन को भी चकनाचूर कर दिया गया। इलाकों पर कब्जा करने के साथ ही उस इलाके का अतिरिक्त उत्पादन भी साम्राज्यवादियों को प्राप्त हो गया। साम्राज्यवादियों ने भारतीय संपदा को खुलकर लूटा और शोषण किया। लूटी गई भारतीय संपदा सीधे इंग्लैंड भेजी जाने लगी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के अंदर व्यापार करने पर भारी कर लगा दिया। कंपनी ने खुद कर्ज देने और सूदखोरी का काम शुरू कर दिया। इस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय जनता से अकूत धन निचोड़ लिया। इस प्रत्यक्ष लूट को मार्क्स ने समझा।' संपूर्ण 18वीं सदी में प्रत्यक्ष लूट के जरिए भारत से ब्रिटेन तथा इंग्लैंड को भेजी गई यह संपदा व्यापार द्वारा अर्जित की गई विशाल संपदा से कई गुना अधिक थी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत से इंग्लैंड तक धन ढोने वाली गाड़ी की तरह भूमिका निभाई। भारतीय जनता के खून-पसीने की कमाई केवल रुपयों में बदल गई और यही धन ब्रिटेन की शुरुआती पूंजी इकट्ठा करने का मुख्य स्रोत था। ब्रिटिश उपनिवेशकों ने 1757 ई० से 1812 ई. तक 55 वर्षों में भारत से सीधे आमदनी के रूप में दस करोड़ पाउंड से कहीं अधिक धन एकत्र किया। लड़ाकू तरीके से सैनिक विजय और विजित क्षेत्रों से संपदा लूटने का सिलसिला कई दशकों तक जारी रहा। धीरे-धीरे उपनिवेशकों ने अनुभव किया कि ब्रिटिश शासन के स्थायी और संचित कर के लिए शोषण को नियोजित करना चाहिए और उसे कानूनी स्वरूप देना चाहिए। इसलिए ब्रिटिश औद्योगिक पूंजी के लिए साम्राज्यवादियों ने कुछ प्रशासनिक तरीके लागू किए और भूमि व्यवस्था में भी कुछ परिवर्तन किए। फलस्वरूप लार्ड कार्नवालिस के शासनकाल में 1793 ई० में ब्रिटिश उपनिवेशकों ने भूमि के स्थायी बंदोबस्त अधिनियम को पारित कर नियमित रूप से ईस्ट इंडिया कंपनी के राजस्व की वसूली की व्यवस्था बनाई। 1793 ई० के अधिनियम और अन्य अधिनियमों के जरिए निश्चित कर दिया गया कि जमीन पर जमींदार का ही मालिकाना हक होगा और किसी का नहीं। ग्रामवासियों के उत्तराधिकार संबंधी अधिकार और छोटे भू-स्वामियों के अधिकारों की मान्यता समाप्त कर दी गई। इस कानून के तहत बंगाल प्रेसीडेंसी की जनता को जमीन पर उनके उत्तराधिकारी दावों से वंचित कर दिया गया और मालगुजारी टैक्स संग्रह करने वाले जमींदार को जमीन पर अधिकार सौंप दिया गया। जमीन पर एक तरह का मालिकाना हक होने के बावजूद जमींदार को औपनिवेशिक ब्रिटिश राजसत्ता को एक तय रकम लगान देना पड़ता था। ऐसा न कर पाने पर राजसत्ता, जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को दे देती, जो यह धन राशि चुका देता था। इसलिए औपनिवेशिक शासकों की संतुष्टि के लिए और अपनी उन्नति के लिए जमींदार किसानों का और अधिक शोषण करते थे। धीरे-धीरे यह शोषण असहनीय होता चला जाता था। जमींदारों द्वारा ब्रिटिश शासन को निश्चित कर देना था। लेकिन वे किसानों पर किसी भी हद तक कर बढ़ा सकते थे। पुरानी भारतीय ग्रामीण व्यवस्था की श्रेष्ठता समाप्त हो गई और इस प्रक्रिया के जरिए जमींदारों का एक नया तबका सामने आया जिसमें सूदखोर, व्यवसाई और औपनिवेशिक अधिकारी शामिल थे। खेती करने वाले किसानों और जमींदारों के बीच में अनेक बिचौलिए पैदा हो गए। इनमें हर कोई किसान को चूस लेना चाहता था। इस प्रकार किसानों का शोषण हर प्रकार की सीमाएं पार कर गया। उपनिवेशकों ने किसानों का शोषण करने के लिए दक्षिण भारत में रैयतवारी व्यवस्था लागू की। किसान जमीन के एक टुकड़े का स्थायी काश्तकार बन गया। एक मेहनती किसान तमाम जिम्मेदारियों के साथ जमीन से बंध गया। वास्तव में वह भूमि दास में जकड़ गया।

इस प्रकार जमींदारी और रैयतवारी, किसानों का शोषण करने के लिए दो मुख्य परिवर्तित सामंती तरीके थे। यह नए सामंती तरीके किसानों को गुलाम बनाने वाले और उपनिवेशकों के लिए पूर्ण रूप से लाभकारी थे। अंग्रेजी पूंजीपतियों ने, इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति को सहायता देने के लिए भारत से लूट और शोषण का माल इंग्लैंड पहुँचाने के साथ-साथ भारत में इंग्लैंड के औद्योगिक माल के उत्पादन की आवश्यकता महसूस की। दूसरे शब्दों में, इन्हीं शर्तों के साथ मुक्त व्यापार बढ़ सकता है। 1757 ई० के प्लासी युद्ध के समय से अब तक भारत के साथ एकाधिकारी रूप से ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा व्यापार संपूर्ण रूप से ब्रिटिश पूंजीपतियों की हित पूर्ति नहीं कर रहा था। एक नए बाजार की खोज से प्रेरित इंग्लिश पूंजीपति ने ईस्ट इंडिया कंपनी की मुनाफाखोरी को समाप्त करने का नया अभियान छेड़ दिया। सन् 1813 ई० में भारतीय व्यापार में ईस्ट इंडिया कंपनी का एकाधिकार समाप्त कर भारत के साथ मुक्त व्यापार का द्वार खोल दिया गया। यह वास्तव में भारत के आर्थिक शोषण के नए दौर की शुरुआत थी। ईस्ट इंडिया कंपनी अब तक भारतीय रेशम, सूती और अन्य विलासिता के सामान खरीद कर, इंग्लैंड को निर्यात कर मुनाफा कमा रही थी। लेकिन 1813 ई० के बाद भारतीय बाजार को ब्रिटिश औद्योगिक सामानों के लिए खुला कर देने से भारत में ब्रिटिश माल तेजी से आयात होने लगा।

यह आयात सन् 1814 ई० में 160000 पाउंड की तुलना में सन् 1828 में 5800000 पाउंड तक बढ़ गया। यह संपूर्ण ब्रिटिश निर्यात का आठवां भाग था। सन् 1828 ई० में भारत के साथ व्यापार में लगे ब्रिटिश व्यापारी जहाजों ने करीब 110000 टन माल ढोया। सन् 1814 ई० में ब्रिटेन ने भारत को 213000 गज सादा कपड़ा और 800000 गज रंगीन सूती कपड़ा भेजा। वर्ष 1828 ई० में यह क्रमशः 160 लाख और 200 लाख गज तक बढ़ गया। भारत में ...

का रेलों के विकास होने से बंदरगाहों का व्यापारिक केन्द्रों से सीधा संबंध जुड़ गया। इसलिए ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने निर्यात करने के प्रयास को और तेज कर दिया। एक तरफ ब्रिटिश व्यापारियों को भारत में माल लाने की पूरी छूट थी वहीं दूसरी तरफ इंग्लैंड में भारतीय रेशम और मलमल पर 70 से 80% आयात कर लगता था। इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था को दोनों तरफ से हानि उठानी पड़ी। उपनिवेशवादी की इस भेदभावपूर्ण व्यापार नीति के कारण भारतीय सूती हथकरघा उद्योग बरबाद हो गया। ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादन खास कर सूती उद्योग तेजी से विकसित हुआ। यह केवल तकनीकी उत्कृष्टता का मामला नहीं था। एक तरफ मुक्त व्यापार और इंग्लैंड में भारतीय आयात पर रोक की साम्राज्यवादी नीति ने भारत के देशी उद्योगों को नष्ट किया और अपने देश में औद्योगिक विकास को शक्ति प्रदान की। यह केवल भारतीय सूती उद्योग के साथ ही नहीं हुआ, भारत के अन्य उद्योगों के साथ भी यही हुआ। इसी प्रकार भारतीय धातु उद्योग को भी नष्ट किया गया।

ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादन और विकास के लिए भारतीय कच्चा माल अपरिहार्य था। इंग्लैंड में उत्पादित औद्योगिक माल से भारत के बाजार को पाट देना ब्रिटिश शासकों के हित में था और भारतीय कच्चा माल और कृषि उत्पादों को इंग्लैंड में आयात करना भी तात्कालिक आवश्यकता थी। साम्राज्यवादियों की इस शोषणकारी व्यापारिक नीति ने भारत को पूंजीवादी ब्रिटेन के लिए कच्चा माल देने वाला सहायक बना दिया और साथ ही साथ सामंतवादी शोषण के तरीकों को बरकरार रख कर भारतीय जनता को फटेहाल कर दिया। औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत भारत को इंग्लैंड के कच्चा माल और कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने के स्रोत के रूप में बलपूर्वक रूपांतरण ने भारत के अंदर पारंपरिक श्रमविभाजन पर विनाशकारी प्रभाव डाला। पहले तो यह विभाजन कृषि और ग्राम उद्योगों में हुआ। इस प्रक्रिया ने भारतीय दस्तकारों, कारीगरों को अपने युगों पुराने व्यवसायों से निर्दयतापूर्वक उखाड़ फेंका। इन आपदाग्रस्त लोगों के पास पहले से ही अत्यधिक दबाव झेल रहे गाँवों में जाने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं रहा। परंपरागत भारतीय अर्थव्यवस्था के अनोखे तत्व जो उद्योग और कृषि उत्पाद में सामंजस्य कायम करते थे, समाप्त कर दिए गए। हजारों वर्षों की सभ्यता की जड़ें खोद दी गईं और भारतीय सामाजिक व्यवस्था का ढांचा छिन्न-भिन्न हो गया। इस परिघटना ने भारतीय मजदूर वर्ग की कठिनाइयों को और बढ़ा दिया। भारत को इंग्लैंड का कच्चा माल और कृषि उत्पादन के फार्म बनाने की प्रक्रिया बेहद कष्टदायी और कठोर थी।

भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बेहद भीड़-भाड़ का भयानक असर पड़ा। उस समय की बरबादी की याद आज भी भारतीयों के दिमाग में कौंधती रहती है। इस सब का कारण ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा औपनिवेशिक भारत का शोषण करने की नीति ही थी।

भारतीय आधुनिक उद्योग का विकास, भारतीय मजदूर वर्ग की उत्पत्ति, इसके बाद का विकास और इससे जुड़ी समस्याओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में खेती और कृषि अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक दबाव की परिघटना के असर को अवश्य समझना चाहिए।

संदर्भ

1. कार्ल मार्क्स, दास कैपिटल, वाल्यूम 1, फारेन लैंग्वेज पब्लिशिंग हाउस, मास्को, 1954, पृ. 357-58
2. मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स द्वारा लिखी पुस्तक ऑन कालोनिज्म में कार्ल मार्क्स का लेख 'द ईस्ट इंडिया कंपनी : इट्स हिस्ट्री एण्ड रिजल्ट', फारेन लैंग्वेज पब्लिशिंग हाउस, मास्को, पृ. 51
3. कमेटी ऑफ कारस्पोंडेंस का डाटा, ईस्ट इंडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स को प्रस्तुत, 9 फरवरी, 1813, हंसार्ड्स पार्लियामेंटरी डिबेट, वाल्यूम 25, पृ. 28, कैपिटलिज्म इन इंडिया, बेसिक ट्रेंड्स इन इट्स डेवलपमेंट, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, लेखक ए.आई. लेवकोव्स्की, पृ. 10
4. ए.आई.लेवकोव्स्की, कैपिटलिज्म इन इंडिया: बेसिक ट्रेंड्स इन इट्स डेवलपमेंट, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृ. 19

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 12 अंक 5 सितंबर-अक्टूबर 2020

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की
मानक शोध पत्रिका



IMPACT FACTOR : 5.051

India's Leading Refereed Hindi Language Journal

इलाहाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में हो रहे पलायन से महिलाओं के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन पर प्रभाव का एक अध्ययन –डॉ० राकेश सिंह सेंगर 896

साहित्य समाज एवं होली का त्यौहार–डॉ० संजय कुमार सिंह 904

साहित्य एवं मीडिया: वर्तमान समाज निर्माण के महत्वपूर्ण माध्यम- संस्कृत साहित्य के आलोक में–डॉ० तेज प्रकाश 907

महिला अधिकार : नीतियां एवं वास्तविकता–रजनी 911

भारतीय अर्थव्यवस्था में शेयर बाजार का योगदान–फरखुंदा जहां 914

रामदरश मिश्र के काव्य-साहित्य में आर्थिक चेतना–डॉ० विनोद शर्मा 917

महात्मा गाँधी के रामराज्य का केंद्रीय तत्व–स्वराज–डॉ० निधि राजपाल; रंजन प्रकाश 921

मध्यकालीन बोध का अर्थ–डॉ० कृष्ण प्रताप सिंह 924

कृष्णा सोबती के उपन्यास 'चन्ना' में चन्ना के जीवन संघर्ष की मार्मिक अभिव्यंजना–डॉ० शिवकान्त प्रसाद जायसवाल; रणजीत सिंह 927

साहित्य एवं पत्रकारिता का अंतर्संबंध–अशोक मुरलीधर चौधरी 931

अध्यापक एवं सूचना संचार एवं सूचना संचार प्रौद्योगिकी: बिलासपुर जिले के महाविद्यालयों के संदर्भ में एक अध्ययन –विद्याभूषण शर्मा; डॉ० संतोष कुमार साहू 934

जिला बिलासपुर के माध्यमिक विद्यालयों के सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की आकांक्षा स्तर का अध्ययन–डॉ० विनय मिश्रा 938

सांस्कृतिकतात्मक अनुवाद (प्रतीकांतरण) : विश्लेषणात्मक अध्ययन–डॉ० हरप्रीत कौर 942

पाँचों दशकों के विकास में भारत की कृषि व्यवस्था–डॉ० संजय कुमार सिंह 947

हरियाणा संस्कृति में कलात्मक हवेलियाँ तथा बैठकें–डॉ० कविता 950

मध्यकालीन हरियाणा के धार्मिक पौराणिक भित्ति चित्र–डॉ० मीनाक्षी हुड्डा; मीनाक्षी 955

हाइकु में स्त्री विमर्शक चिंतन का रूप–शशि सुधा कुमारी 959

प्रेमचंद की कहानियों के आलोक में मानवाधिकार–डॉ० बिन्दु सुमन 961

पाठ्यक्रम शिक्षा और विश्व की रचना–डॉ० दिनेश कुमार 965

बिहार में क्रांतिकारी किसान संघर्ष–डॉ० शोभा पटेल; मनोज कुमार यादव 969

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का प्रभाव एवं चुनौतियां–डॉ० विक्रम सिंह 972

भारतीय मजदूर वर्ग का उद्भव एवं विकास : एक अध्ययन–राहुल पाण्डेय; डॉ० शोभा पटेल 976

माध्यमिक स्तर के शहरीय एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के सामाजिक परिपक्वता का उनकी शैक्षिक निष्पत्ति पर प्रभाव का अध्ययन –डॉ० प्रेमचन्द यादव; शिवकांत यादव 979

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं की शैक्षिक समस्याओं का तुलनात्मक अध्ययन–शक्ति सिंह 983

महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में वर्णित योग का स्वरूप एवं अवधारणा–डॉ० श्याम सुन्दर 986

ग्रामीण दलित महिलाओं के सशक्तिकरण में कल्याणकारी योजनाओं का योगदान–रविन्द्र कुमार 990

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत एवं विद्यालय त्यक्त विद्यार्थियों के मानसिक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन–राकेश कुमार 993

भारतीय संस्कृति एवं समाज के मनोवैज्ञानिक पक्ष–सचिन यादव; डॉ० कुमारी ज्योति 997

बिलासपुर के झुग्गी बाहुल्य क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के आर्थिक स्थिति का अध्ययन–कु० आरती तिवारी; डॉ० ऋचा यादव 1002

अध्यापक की जिजीविषा एवं अभिव्यक्ति की बेताबी का साक्ष्य: दीवान–डॉ० पूजा शर्मा 1005

भारत में पंचायती राज व 'ग्राम सभा' की भूमिका–बृजेन्द्र कुमार मिश्र 1008

यौन स्वास्थ्य शिक्षा की आवश्यकता–डॉ० मुकेश कुमार पाण्डेय 1011

आधुनिक विचारकों के नारीवादी विचारों का एक अध्ययन–डॉ० श्याम एम० साळुंके 1014

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में श्रम संघ की भूमिका

डॉ० सीमा पटेल

शोध निर्देशक, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

नीतू कुमारी

शोधकर्ता

कोई आंदोलन यों ही नहीं उठ खड़ा होता। लोग जब चाहे तब कोई आंदोलन शुरू नहीं कर सकते। हर आंदोलन अपनी विशेष ऐतिहासिक स्थिति की उपज होता है। ऐतिहासिक स्थिति या ऐतिहासिक संदर्भ ही संबद्ध आंदोलन को जन्म देता है। इसीलिए मात्र व्यक्तिगत या राजनैतिक त्रुटियों के संदर्भ में किसी आंदोलन का अध्ययन करना गलत होगा। यदि हम सही ढंग से किसी आंदोलन का मूल्यांकन करना चाहते हैं तो हमें उस ऐतिहासिक स्थिति को सही ढंग से शुरुआत करनी होगी जिसके तहत वह आंदोलन उत्पन्न और विकसित होता है। साथ ही हमें उन शक्तियों को भी पहचानना होगा जो उसमें निहित रही हैं।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान ट्रेड यूनियन तथा किसान आंदोलन एवं संगठनों की भूमिका उतनी सीधी-सरल नहीं है जितनी की कोई सोच सकता है। वास्तव में, इस विषय में आज भी कई गलत धारणाएँ प्रचलित हैं। यह एक आम प्रथा हो गई है कि किसानों और मजदूरों को राष्ट्रीय आंदोलन से एकदम अलग देखा जाता है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को उनकी स्वतंत्रता का अग्रदूत माना जाता है। इसका मूल कारण शायद यह आम प्रवृत्ति है कि हम कुछ नेताओं को ही जन-सामान्य समझ लेते हैं और जो आंदोलन नेताओं की मर्जी (या भड़काने) से शुरू होता है उसे गलती से जन-आंदोलन मान बैठते हैं, भले ही उसका उद्देश्य कुछ भी क्यों न रहा हो। ऐसे उदाहरणों में सच पूछा जाए तो 'जन' शब्द की धारणा को ही एकदम विकृत कर दिया गया है। ऐसी विकृतियों से बचने के लिए यह बहुत जरूरी है कि हम भारत के राष्ट्रीय आंदोलन को सही ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में रखकर देखें और इसमें ट्रेड यूनियनों तथा किसानों की क्या भूमिका रही, इसपर नए सिरे से विचार करें। इस लेख में इस प्रकार की जाँच-पड़ताल की कोशिश की जाएगी।

पहले हम ट्रेड यूनियनों को लेते हैं। "भारत में श्रमिक आंदोलन की शुरुआत पचास वर्ष पहले हुई, किंतु एक संगठित आंदोलन के रूप में इसका क्रमबद्ध इतिहास प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद से शुरू होता है। 1850 से 1859 के बीच का दशक 'भारत की औद्योगिक क्रांति के चरण को प्रकट करता है। इस दशक के दौरान भारत में जो तब तक एक कृषि-प्रधान देश था-पहले तो रेल आई, फिर बंगाल तथा बंबई राज्यों में अन्य सहायक उद्योगों का आरंभ हुआ, जैसे कोयला उत्खनन, जूट और सूती कपड़ा। भारत में जो उद्योगीकरण हो रहा था उसके पीछे औपनिवेशिक शक्ति का यह षड्यंत्र था कि वह यहाँ के संसाधनों का अधिक-से-अधिक शोषण कर सके। इसके मूल में मानव-प्रेम या लोकोपकार की भावना नहीं थी जैसा कि कुछ लोग सोचते हैं। ब्रिटेन एक पूँजीवादी देश था और एक पूँजीवादी देश होने के नाते जैसा कि स्वाभाविक ही है, उसे अपनी अतिरिक्त मूल्य-आधारित (Surplus Value Oriented) उत्पादन-प्रक्रिया के लिए सस्ते कच्चे माल की जरूरत थी। भारत जैसे देश के संदर्भ में, जो कच्चे माल और तरह-तरह के संसाधनों की दृष्टि से काफी संपन्न था, यह बहुत जरूरी था कि कच्चे माल की अधिकता वाले केंद्रों को आपस में जोड़ा जाए। इसी वजह से रेलें चलाई गईं और कोयला-खनन उद्योग का विकास किया गया। अतः उद्योगीकरण की पहली लहर के साथ जो उद्योग आए उनकी स्थापना हमारे देशवासियों ने नहीं की थी। वास्तव में उस समय का भारत मूलतः एक ग्राम-आधारित तथा कृषि प्रधान समाज था, अतः अब तक उसका अपना पूँजीपति वर्ग विकसित नहीं हो पाया था। औपनिवेशिक शासन के दबाव से प्राचीन परंपरागत ग्राम-आधारित प्रणाली धीरे-धीरे टूट रही थी और नवीन सामाजिक प्रणाली (जो आज भी जारी है) अभी अस्तित्व में नहीं आई थी। हमारे यहाँ व्यापारी और साहूकार तो थे किंतु पूँजीपति नहीं। इसी वजह से भारत में मजदूर वर्ग जैसी कोई चीज नहीं थी (क्योंकि उद्योग नहीं थे)। किंतु उद्योगीकरण की दिशा में जो औपनिवेशिक प्रयास हुए उसी की प्रक्रिया में विविध उद्योगों (जिनका हम पहले उल्लेख कर चुके हैं) का उदय हुआ और उसके साथ ही, जैसा कि स्वाभाविक है, औद्योगिक श्रमिक शक्ति (Working Force) भी विकसित हुई। लगभग 60 वर्षों तक उद्योगीकरण कुछ प्रमुख क्षेत्रों तक ही सीमित रहा, जैसे रेलवे, कोयला-खनन, जूट, कपड़ा इत्यादि। किंतु इस सीमित क्षेत्र में उद्योगों का जो विकास हुआ वह उल्लेखनीय था। उद्योगों के विकास के साथ-साथ श्रमिक-संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई किंतु भारत की कुल जनसंख्या के सामने इस संख्या का विशेष महत्त्व नहीं था। वास्तव प्रथम विश्वयुद्ध के अंत होने से पहले तक भारतीय जनता का कोई उल्लेखनीय प्रतिशत मजदूर वर्ग के अंतर्गत नहीं आ पाया था। बहरहाल, संख्या की दृष्टि से मजदूर वर्ग की इस नगण्यता के बावजूद, उनका उदय ही अपने आप में एक सामाजिक क्रांति थी। पहली बार अनेक व्यक्ति एक ही छत के नीचे इकट्ठे हुए, अनेक हाथ एक ही मशीन को चलाने के लिए प्रवृत्त हुए। इसी प्रकार एक बात और हुई जो अब तक अनजान थे और वह यह कि लोग एक ही तरह के अनुभव-कार्य में सहभागी हुए। 'मेरी भूमि-मेरा बटाईदार' (My land-My tenant) का जमाना अब बीत रहा था। अब एकाकी किसान का युग बीत रहा था और उसके

[illegible] 'आर्थिक अनुपात के असंतुलन' [illegible] [illegible] उत्पादक संबंध में [illegible] [illegible] 'आर्थिक अनुपात' [illegible] [illegible] मजदूरी की [illegible] [illegible] अपनी शक्ति का अहसास।

शुरू-शुरू में भारतीय मजदूर वर्ग, ग्रामीण बेरोजगारों और गाँव से आने वाले गरीब तबकों के लोगों से मिलकर बना था [illegible] [illegible] में बेरोजगार हो गए थे। [illegible] [illegible] [illegible] किंतु यहाँ भी उनके लिए अवसर सीमित मात्रा में ही थे।

[illegible] 'पूँजीवाद' [illegible] संपत्ति (Property) और पूँजी (Capital) में अंतर यह है कि [illegible] [illegible] पुनरुत्पादन (reproduction) [illegible] [illegible] अतिरेक (surplus) [illegible] [illegible] बेशी उत्पादन (Surplus generation) का अर्थ यह हुआ कि [illegible] [illegible] [illegible] बेशी (surplus) निकालता है। इस तरह पूँजी और श्रम परस्पर संबद्ध हैं। एक शोषण करता है और दूसरे का शोषण किया जाता है। [illegible] यह स्थिति भिन्न नहीं हो सकती थी चाहे इस क्षेत्र में नया-नया कदम रखने वालों की आशाएँ कुछ भी क्यों न रही हों।

भारत में मजदूर वर्ग के असंतोष के प्रारंभिक संकेत:-

ट्रेड यूनियन आंदोलन के अंतर्गत मजदूर वर्ग के असंतोष के पहले चिह्न 1870 में शुरू होने वाले दशक के मध्य में दिखाई दिए। अपने नियोक्ताओं (employers) के खिलाफ हड़ताल के रूप में मजदूरों की कार्रवाई का पहला उल्लेख 1877 में मिलता है जब उन्होंने नागपुर की एम्प्रेस मिल में हड़ताल की। केवल 1882 और 1890 के बीच मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसियों में 25 हड़तालें दर्ज की गईं। बहरहाल, ये सारी हड़तालें अस्थायी ही हुई थीं। दूसरे शब्दों में उनके पीछे कोई व्यवस्थित योजना नहीं थी क्योंकि "मजदूर बिखरे और असंगठित थे। ज्यादातर गाँव से आए थे और कुछ समय के लिए उद्योग में आकर उन्होंने अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश की थी। और यदि स्थिति ज्यादा बिगड़ गई तो संबद्ध मजदूर इसका उपचार हड़ताल से नहीं करते थे, बल्कि वे संबद्ध मिल या उद्योग को ही छोड़कर चले जाते थे।

ये हड़तालें इसलिए भी असंगठित थीं कि मजदूर अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि के कारण अपने साथ बहुत-से धार्मिक निषेध तथा निषेधाज्ञाएँ (taboosAnd [illegible]) ले आए थे, जिसकी वजह से वे अपने-आप को संगठित करने में असमर्थ थे। पूर्ण एकता की भावना के अभाव में संगठन असंभव है किंतु इस भावना का जन्म सहज नहीं था। जातिगत सामाजिक फूट के साथ-साथ अनेक परंपरागत बाधाएँ इस कार्य को और भी ज्यादा कठिन बना रही थीं।

भारत में श्रमिक संघों का उदय:-

यही सच है कि भारत में मजदूरों के संगठन की शुरुआत एक बाहर के मानव-प्रेमी (Philanthropist) एन. एम. लोखंडे (N.M. Lokhandy) के हाथों में हुई। जिसका 1884 में लोखंडे ने काम करने की परिस्थितियों के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए बंबई की कपड़ा मिलों में काम करने वाले मजदूरों की एक सभा की। पाँच हजार मजदूरों ने एक याचिका या पिटीशन (जिसे लोखंडे ने काम करने की परिस्थितियों के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए बंबई की कपड़ा मिलों में [illegible]) को फैक्ट्री कमीशन के प्रेसीडेंट को दे दिया गया। इस आयोग की नियुक्ति फैक्ट्री अधिनियम (FactoriesAct) की जाँच के लिए की गई थी। लोखंडे ने अपने आपको बंबई मिल-मजदूर संघ का अध्यक्ष (President) बनाया था। इस संघ का प्रायः भारत के संगठित पहले मजदूर संगठन के रूप में उल्लेख किया जाता है। बहरहाल, यह एक अतिशयोक्ति है क्योंकि लोखंडे द्वारा गठित संघ, मजदूर संघ के बजाय, मजदूर कल्याण संगठन के अधिक [illegible] था। वास्तव में इसमें ट्रेड यूनियन गतिविधियाँ प्रायः नगण्य थीं। इसका मुख्य उद्देश्य था सरकार के माध्यम से नियोक्ताओं से मजदूरों के लिए कुछ [illegible] प्राप्त करना। रजनी पाम दत्त ने ठीक ही कहा है, "लोखंडे श्रम विधान (labour legislation) और मजदूर कल्याण के [illegible] थे, मजदूर संगठन या मजदूर संघर्ष के पक्षधर नहीं। इसके बाद इस तरह की अनेक अधिक यूनियनें बनीं, जैसे 'एमलगमेटेड सोसायटी ऑफ रेलवे सर्वेंट्स ऑफ इंडिया एंड बर्मा' (Amalgammed Society of Railway Servants of IndiaAnd Burma), जिसमें प्रमुखतः एंग्लो-इंडियन तथा यूरोपीय कर्मचारी [illegible] शामिल थे, 1905 में कोलकाता की 'प्रिंटर्स यूनियन', 1907 में बंबई की 'पोस्टल यूनियन' आदि। इनमें से किसी यूनियन ने, [illegible] भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 [illegible] की समाप्ति से पहले की किसी भी यूनियन ने, मजदूरों के संघर्ष को [illegible] [illegible] में हुई। किंतु इस संगठन ने, जो तीन दशक बाद अपनी सभी उद्घोषणाओं में अपने आपको सर्वसाधारण का प्रतिनिधि मानने जा रही थी, [illegible] के संघर्ष की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस की स्थापना मूलतः शिक्षित मध्य वर्ग को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। अतः इसकी दिलचस्पी का केंद्र मध्य वर्ग का हित था, मजदूर वर्ग का हित नहीं।

[illegible] मजदूर [illegible] आर्थिक [illegible] "जो [illegible] प्रतीत होती है [illegible]

[illegible] 1895 की [illegible] जूट मिल की हड़ताल, [illegible] (Ahmedabad Mill Owner's Association) के खिलाफ अहमदाबाद के 8,000 [illegible] [illegible] 1880 और 1908 के बीच [illegible] [illegible] "मजदूर अपने मालिकों के विरुद्ध काफी [illegible]", और "[illegible]" [illegible] "मजदूर स्थिति के मालिक थे, और मिल मालिकों की [illegible] [illegible] जाते हैं।" [illegible] नहीं।

[illegible] कि मजदूरों में बड़ी तेजी से [illegible] का विकास हो रहा था। वास्तव में, मजदूरों की स्थिति [illegible] "उपेक्षित भीड़" जैसी थी किंतु यह जरूरी नहीं है कि कार्रवाई में एकता [illegible] होनी चाहिए। और [illegible] आवश्यकता नहीं [illegible] नहीं माना जा सकता। बहरहाल, मजदूर-विद्रोह का [illegible] उद्योगीकरण में [illegible] समाज में औद्योगिक श्रम-शक्ति [illegible] उद्योगीकरण की प्रक्रिया [illegible] सकती है। इसलिए बुकानन (Buchanan) के कथन में [illegible] उपेक्षित कर दिया जाए।

हड़तालों का जुझारू तेवर:-

अब तक जिन हड़तालों की चर्चा की गई है, उनमें उतने जुझारूपन की प्रवृत्ति नहीं थी। 1905 के पहले तक भारतीय मजदूर में लड़ाई का [illegible] की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर नहीं होती। 1905-1906 के दौरान स्थिति बदल गई। राष्ट्रीय आंदोलन लड़ाई के मार्ग की ओर अग्रसर होता जा रहा था। [illegible] कांग्रेस का [illegible] विरोधी बना दिया था। [illegible] के नेतृत्व में साम्राज्यवाद को भारतीयों के शत्रु के रूप में पेश किया जा रहा था। भारतीय मजदूरों में भी इस उत्तेजना की प्रतिध्वनि हुई। बंबई की कपड़ा मिलों में (काम के घंटे बढ़ाने के खिलाफ), रेलवे में, विशेष रूप से पूर्वी बंगाल राज्य रेलवे (Eastern Bangal State Railway) में और कलकत्ता के [illegible] प्रेस में गंभीर हड़तालें हुईं। इसका [illegible] 1908 में तिलक को [illegible] सजा के विरोध में छह दिन की राजनीतिक जन-हड़ताल हुई। प्रथम विश्वयुद्ध शुरू होने तक [illegible] सूती मिलों तथा जूट उद्योगों का [illegible] विस्तार हो चुका था और उसमें आरंभ में जितने लोग काम करते थे उससे कई गुने लोग काम पर लग चुके थे। 1914 में भारत के अंदर 264 कपड़ा मिलें कार्यरत थीं जिनमें लगभग 2,60,000 कर्मचारी नियोजित थे। बंगाल में जूट उद्योग का भी विकास हुआ जिसमें 1912 तक वहाँ 60 मिलें थीं जिनमें 2,00,000 मजदूर काम करते थे। 1914 तक रेलवे में लगभग 6,00,000 लोग काम पर लगे हुए थे। [illegible] (इस्पात) उद्योग 1911 में स्थापित हो गया था, हालांकि आरंभिक वर्षों में इसमें नियोजित मजदूरों की संख्या अधिक नहीं थी। इसलिए प्रथम विश्वयुद्ध तक जो उद्योग ट्रेड यूनियन [illegible] के लिए जिम्मेदार रहे वे थे जूट व कपड़ा उद्योग और रेलवे"। अतः प्रथम विश्वयुद्ध के बाद से उद्योग [illegible] महत्त्वपूर्ण और व्यापक हड़ताल आंदोलन के [illegible] बनने वाले थे।

प्रथम विश्वयुद्ध का प्रभाव:-

प्रथम विश्वयुद्ध के बाद भारत ने राजनीतिक तथा आर्थिक हालातों में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आए। राजनीतिक दृष्टि से साम्राज्यवादियों ने भारतीय पूँजीपति वर्ग के साथ विश्वासघात किया था। इस पूँजीपति वर्ग का राजनीतिक संगठन (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) सरकार से वे छूटें प्राप्त करने में असमर्थ रहा जिनकी उसने युद्ध के दौरान सहायता के बदले प्राप्त करने की आशा की थी। और भी खराब बात यह थी कि देशी पूँजीपतियों को युद्ध के दौरान अर्थव्यवस्था के [illegible] में थोड़ा-सा हिस्सा [illegible] के बाद सरकार फिर [illegible] की उसी पूर्ववर्ती स्थिति में लौट आई थी। वर्साई (Versailles) में मित्र देशों के [illegible] टुर्की का जो [illegible] हुआ था उससे मुसलमान क्षुब्ध थे। असंतोष की इन विभिन्न धाराओं ने मिलकर कांग्रेस और लीग के पुनर्मिलन का [illegible] स्वशासन के कार्यक्रम पर आधारित था।

राजनीतिक क्षेत्र में जहाँ [illegible] अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा था, वहाँ आर्थिक मोर्चे पर युद्ध से मजदूर वर्ग को सबसे ज्यादा आघात पहुँचा। युद्ध के दौरान वस्तुओं की कीमतें दुगुनी हो गईं, किंतु इस महँगाई के अनुरूप मजदूरों के वेतन में वृद्धि नहीं हुई। इसके विपरीत नियोक्ता (employers) [illegible] मजदूर वर्ग का [illegible] को सबसे ज्यादा कष्ट भोगना पड़ा। मध्य वर्ग ने इस असंतोष और [illegible] आंदोलन [illegible] अपने राजनीतिक एवं आर्थिक स्वार्थों के लिए उपयोग करने की कोशिश की। इसके परिणामस्वरूप एक भारी हड़ताल [illegible] भारतीय श्रमिक आंदोलन की शक्ल ही बदल दी। [illegible] श्रमिक-असंतोष को जो [illegible] नियोजित तथा व्यवस्थित रूप में व्यक्त होने का मौका मिला। ट्रेड यूनियन आंदोलन अब एक [illegible] का सूत्रपात किया, एक ऐसा प्रभाव जिसे अभी तक [illegible] नहीं किया जा सका है। इसने भारतीय ट्रेड यूनियनों पर मध्य वर्ग के जबरदस्त प्रभाव के [illegible] था क्योंकि इस महत्त्वपूर्ण बिंदु पर जो लोग उनका नेतृत्व करते आए और आगे तक नेतृत्व करते रहे, उनमें से कुछ का मजदूर वर्ग से कोई खास [illegible]

जो था उसके लिए वो यह वर्ग अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति का साधन मात्र था। "1918 से जो हड़तालों का दौर शुरू हुआ और लगभग तीन वर्ष तक चलता रहा उसका क्षेत्र बहुत व्यापक था और उसकी तीव्रता को दबाया नहीं जा सकता था। 1918 के अंत में पहली बड़ी हड़ताल हुई जिसने कपड़ा मिलों के एक प्रमुख केंद्र बंबई में पूरे-के-पूरे उद्योग को प्रभावित किया। जनवरी 1919 तक सभी मिलों में लगभग 1,25,000 मजदूर हड़ताल पर थे। 1919 के अंत में रौलेट एक्ट के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल के प्रतिक्रियास्वरूप मजदूरों ने जगह-जगह हड़तालें कीं। शीघ्र ही हड़तालों की यह लहर अपने शिखर पर पहुँच गई। केवल छह महीने की अवधि में लगभग 200 हड़तालें हुईं जिनमें लगभग 25 लाख मजदूर शामिल हुए। निम्नलिखित आँकड़ों से इस आंदोलन की व्यापकता और तीव्रता का कुछ अंदाज लगाया जा सकता है।

"4 नवंबर से 2 दिसंबर तक, ऊनी कपड़ा मिल, कानपुर के 17,000 लोग हड़ताल पर थे; 17 दिसंबर, 1919 से 9 जनवरी, 1920 तक, जूट मिल, कलकत्ता के 35,000 लोग हड़ताल पर; 31 जनवरी को ब्रिटिश इंडिया नेविगेशन कंपनी के 10,000 लोग हड़ताल पर; 24 जनवरी से 20 मार्च तक, टाटा आयरन एंड स्टील वर्क्स के 40,000 लोग हड़ताल पर; 9 मार्च को मिल ओनर्स, बंबई के 60,000 लोग हड़ताल पर; 20-26 मार्च, मिल मजदूर, मद्रास के 17,000 लोग हड़ताल पर; मिल मजदूर, अहमदाबाद के 25,000 लोग हड़ताल पर।"

संदर्भ सूची

1. R.P. Dutt, India Today.
2. Bulletin of the Department of IndustriesAnd Labour, quoted by V.B. Karnik, Indian Trade Unions :A Survey (1960).
3. R.P. Dutt, India Today.
4. D.H. Buchanan, The Development of Capitalist Enterprise in India, quoted in Harold Crouch, Trade UnionsAnd Politics in India.
5. डी.मौरिस ने 1920 से पहले बंबई कपड़ा उद्योग में श्रमिक शक्ति को चित्रित किया है। देखिये .D. Morris, Labour Discipline in Trade Unions.
6. Harold Crouch, Trade UnionsAnd Politics in India.
7. R.P. Dutt, India Today.
8. R.K. Das, The Labour Movement in India, pp. 36-37.
9. Harold Crouch, op. cit.
10. V.B. Karnik, op. cit.

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 11 अंक 4 जुलाई-अगस्त 2019

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

India's Leading Refereed Hindi Language Journal

IMPACT FACTOR : 5.051

दृष्टिकोण

उत्तरआधुनिकता और उपभोक्तावाद: मृगतृष्णा या वास्तविक सुख की तलाश–डॉ० रमेश कुमार बर्णवाल 125
अर्वाचीन कवियित्री पंडिता क्षमाराव का संस्कृत साहित्य में योगदान–डॉ० मीना गुप्ता 130
धूमिल का काव्य संग्रह 'संसद से सड़क तक' : व्यवस्था विरोध का जीवंत दस्तावेज–डॉ० मलकीयत सिंह 132
पटना जिला में अनुसूचित जाति की साक्षरता: एक भौगोलिक मूल्यांकन–डॉ० मनोज कुमार सिन्हा 138
उच्च शिक्षा के खिलाड़ी विद्यार्थियों में सामाजिक कौशल का विकास: एक अध्ययन–श्रीमती चेतना योगी; प्रो० वंदना गोस्वामी; डॉ० सपना शर्मा 145
गुरु ग्रन्थ साहब में कबीर (भक्ति आन्दोलन के सन्दर्भ में)–डॉ० कुलदीप कौर पाहवा 150
नाट्य साहित्य में डॉ. सिद्धनाथ कुमार का योगदान–रोशन कुमार 153
भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम–डॉ० जया भारती 156
बिहार में सुशासन और जल जीवन हरियाली: एक समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० तेलानी मीना होरो 159
वैदिक संस्कृति व धर्म के पुनरुत्थान में गुप्त शासकों का योगदान–डॉ० ईशा शर्मा 162
पारंपरिक और आधुनिक योग का स्वरूप: एक दार्शनिक विश्लेषण–प्रिया कुमारी तिवारी 166
दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों का एम० लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन–प्रियंका सबल 169
भारतीय अमूर्त चित्रकला के अग्रदूत डॉ० गगनेन्द्रनाथ ठाकुर (पाश्चात्य घनवादी कला के परिप्रेक्ष्य में)–डॉ० मंजू सिंह 174
कला शिक्षा के कुछ मूलभूत प्रश्न–आकांक्षा वर्मा; डॉ० शकुन्तला मिश्र 177
साहित्य में दलित चिंतन का स्वर–डॉ० मनीषा सिंह 179
संस्थानों में विकलांग व्यक्तियों को 'समावेश' के संचार में बाधाएं : एक सामान्य परिप्रेक्ष्य–शिवानी 182
विश्व भाषा हिन्दी के विविध आयाम–डॉ० अनु शर्मा 186
कुमाऊं वाणी सामुदायिक रेडियो का ग्रामीणों पर प्रभाव–हर्षवर्धन पाण्डे 189
हिंदी के विकास में बुन्देलखंडी साहित्य का योगदान–क्रमांक शुक्ला 195
डॉ० सतीश कुमार त्रिपाठी की लघु कथाओं का सौंदर्य–अंजना गुप्ता; विनोद कुमार जायसवाल 198
1818 की ब्रिटिश संधि व बीकानेर रियासत–पार्वती गोदारा 205
आधुनिक चित्रकला में कोलाज चित्रण–डॉ० ईश्वर चन्द्र गुप्ता 207
ग्रामीण विकास में स्वयं सहायता समूह माइक्रोफाइनेंस : महिला सशक्तिकरण की सर्वोच्च विधि–डॉ० गालिब ईमान 211
साहित्य की जनवादी धारा और मुक्तिबोध–डॉ० अंबुजा एन् मलखेडकर 213
आधुनिक संदर्भ में वाल्मीकीय रामायण एवं श्रीराम के आदर्शों की प्रासंगिकता–डॉ० श्रीधर हेगड़े 216
[illegible] प्रगति का काल (1924 से 1939 तक)–डॉ० सीमा पटेल; नीतू कुमारी 219
पहाड़ी लघु चित्रों में सांस्कृतिक प्रभाव–डॉ० सुनीता शर्मा 225
भारत में केन्द्र-राज्य सम्बन्ध: एक अध्ययन–डॉ० आफताब आलम 226
भारतीय विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता: एक अवलोकन–प्रो० (डॉ०) पूनम 230
भारत में सामाजिक कल्याण कार्यक्रम: बदलते परिदृश्य, उभरती समस्याएं और लक्षित समूह–अम्बुज मिश्र 233
निराला के काव्य में प्रगति चेतना का समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० नगीना बानो 235
हिंदी के विकास में पत्र-पत्रिकाओं का योगदान–डॉ० [illegible] 242
वैश्वीकरण के दौर में परम्परागत लोक कलाओं का बदलता स्वरूप: एक अध्ययन–डॉ० रश्मि शर्मा 244
ब्रिटिश आर्थिक नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव–राजेश कुमार 249

श्रम संघ के प्रगति का काल (1924 से 1939 तक)

डॉ० सीमा पटेल

[illegible], एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

नीतू कुमारी

शोधकर्ता, इतिहास विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

भारतीय मजदूर वर्ग के आंदोलन में सन् 1926 से 1929 समय बहुत महत्वपूर्ण है।

पूरे देश के राजनीतिक और आर्थिक जीवन में एक प्रभावशाली उथल-पुथल आसन था। भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन ने मजबूत नींव रखना और [illegible] के लिए [illegible] था। इसलिए इस दौर के मजदूर आंदोलन पर कम्युनिस्ट विचार का काफी दृढ़ प्रभाव दिखाई पड़ता है। इन वर्षों के दौरान कहीं-कहीं [illegible] हुई यद्यपि सरकार ने इन संघर्षों पर 'कम्युनिस्ट षड्यंत्र' का आरोप लगाने का प्रयास किया लेकिन कम्युनिस्टों के नेतृत्व में हुई बहुत सी हड़तालें मजदूर वर्ग की समस्याओं का दमन करने और उनके अंदर सुलग रहे असंतोष की तीखी अभिव्यक्ति थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गतिविधियों और [illegible] के बढ़ते स्तर के साथ-साथ संघर्ष के दौरान मजदूर वर्ग का वर्गीय दृष्टिकोण भी विकसित हुआ।

सन् 1929 में सरकार ने 'कम्युनिस्टों से खतरे' का हौवा खड़ा करके मजदूर वर्ग के जुझारू संघर्षों पर क्रूर दमन कर उनको उखाड़ फेंकने का प्रयत्न किया सरकार ने उनके खिलाफ जनता को भड़काने की भी कार्यनीति अपनाई। तेजी से बढ़ रहे मजदूर वर्ग आंदोलन को कानून के नियंत्रण में रखने के लिए [illegible] सरकार ने 'इंडियन ट्रेड यूनियन ऐक्ट, 1926 (भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926) लागू किया तो दूसरी तरफ 'ट्रेड डिस्प्यूट ऐक्ट' (औद्योगिक विवाद अधिनियम) और 'पब्लिक सेफ्टी ऐक्ट' (जन सुरक्षा अधिनियम) के जरिए अपने दमनकारी इरादों को अंजाम दिया। इन कानूनों के सुनियोजित [illegible] मजदूर वर्ग और जनता के जुझारू संघर्षों को समाप्त करने के लिए सरकार ने बड़ी सावधानी से [illegible] और 'कम्युनिस्ट खतरे' को समाप्त करने [illegible] को पूरा करने के लिए 'मेरठ षड्यंत्र केस' शुरू किया।

राजनीतिक संघर्ष में नया विश्वास

कई वर्षों से संघर्ष न करने की जो नीति अपनाई जा रही थी उसके परिणामस्वरूप साम्राज्यवाद विरोधी शक्तियों में विघटन, बिखराव और [illegible] [illegible] हो गई। इसके अतिरिक्त साम्प्रदायिक हिंसा के अंकुरण से इन शक्तियों का और भी पतन हुआ। साम्राज्यवादियों ने राष्ट्रीय आंदोलन की इन कमजोरियों पर बड़ी तेजी से निश्चय हासिल की और बहुत शीघ्र अपनी आर्थिक और प्रशासनिक नीतियों को पुनर्संगठित किया। अपनी दमनकारी नीतियों को [illegible] में [illegible] हुए तरीके से लागू किया।

सन् 1927 का मुद्रा बिल (करेंसी बिल) भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए करारा झटका था। हिल्टन यंग करेंसी कमीशन 1925-26 ने [illegible] की सिफारिश की और एक रुपया की कीमत 1 शिलिंग 6 पेंस के बराबर निर्धारित की। इंडियन स्टील प्रोटेक्शन बिल 1924 के संशोधन के द्वारा 1927 में [illegible] ने ब्रिटिश स्टील के लिए लाभकारी दरें तय की। इस प्रकार सरकार की राजकोषीय नीति का इस प्रकार परिवर्तन किया गया की [illegible] के [illegible] में औद्योगिकरण के लिए स्वीकृत शुल्क व्यवस्था को बदल दिया गया और फिर साम्राज्यवाद की प्राथमिकता वाला युग आ गया। इन आर्थिक हमलों से सामंजस्य स्थापित कर नवंबर 1927 में ब्रिटिश मंत्रिमंडल ने लंदन में साइमन कमीशन की नियुक्ति की घोषणा की। इस कमीशन को संसदीय लोकतंत्र के लिए भारतीयों की योग्यता की जाँच और कुछ प्रशासनिक सुधारों की सिफारिश करनी थी। ब्रिटिश [illegible] जॉन साइमन के नेतृत्व वाले इस कमीशन में कोई भी भारतीय प्रतिनिधि नहीं था।

साम्राज्यवादियों की आशा के विपरीत, इस घोषणा ने राष्ट्रीय आंदोलन को नई गति प्रदान कर दी और साम्राज्यवाद विरोधी शक्तियों को पुनः एकजुट करने का काम किया। कुछ समय के लिए भारतीय पूँजीपति वर्ग ने साम्राज्यवादियों के साथ किसी भी प्रकार के समझौते की आशा छोड़ दी और [illegible] की [illegible] को आगे बढ़ाने के लिए बाध्य हुआ। लेकिन मजदूर वर्ग और जनता में विकसित हुई नई चेतना और साम्राज्यवादियों के साथ-साथ भारतीय

शक्तियों के खिलाफ एक स्वतंत्र राजनीतिक संघर्ष संचालित करने की तैयारी ने भारतीय पूँजीपतियों के लिए स्थिति कुछ ज्यादा कठिन थी। जनता के बढ़ते असंतोष और संघर्ष के नए चरित्र ने उदारवादी पूँजीवादी नेतृत्व में दरार पैदा कर दी और बाद के राजनीतिक आंदोलन में इस दुविधा ने काफी भूमिका अदा कर दी।

कांग्रेस ने कमीशन (आयोग) को खारिज कर दिया और इसकी कार्रवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। सन् 1927 के मद्रास अधिवेशन में प्रस्ताव स्वीकार कर कांग्रेस ने स्वराज के भावी भारतीयों की योग्यता का परीक्षण करने वाले कमीशन (आयोग) का हिस्सा बनने से इंकार कर दिया जिसमें कोई भारतीयों का प्रतिनिधि भी नहीं था। कांग्रेस ने इस घटना को राष्ट्रीय अपमान कहा। लिबरल फेडरेशन और मुस्लिम लीग ने भी कमीशन (आयोग) का बहिष्कार किया।

पूरे देश भर में साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन हुए और 3 फरवरी 1928 को जब साइमन कमीशन ने मुंबई में भारतभूमि पर पैर रखा, 'साइमन वापस जाओ' के नारों के साथ हजारों जनता ने आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया।

जनता की यह एकता किसी राजनीतिक कार्यक्रम पर आधारित नहीं थी बल्कि इस साझा साम्राज्यवाद विरोधी नारे ने जनता को एकजुट कर दिया। इस राष्ट्रीय राजनीतिक संघर्ष की लहर में भारी संख्या में मजदूर वर्ग की भागीदारी एक महत्वपूर्ण विकास था। स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में मजदूर वर्ग के उदय से भारत के राष्ट्रीय संघर्ष में एक नई गतिशीलता को बढ़ावा मिला। अभी तक मजदूर वर्ग राजनीतिक संघर्ष में नेतृत्वकारी भूमिका में नहीं था। लेकिन राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी व्यापक भागीदारी, अनेक आर्थिक संघर्षों का संचालन, और जुझारू ट्रेड यूनियनों ने मजदूर वर्ग को अपना राष्ट्रीय नेतृत्व विकसित करने का अवसर दिया। मजदूर वर्ग की इस राजनीतिक पहलकदमी ने समाजवाद को मजदूर वर्ग का दर्शन और उसे भारत की एक राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

इन क्रांतिकारी और वामपंथी शक्तियों की पहलकदमी का प्रभाव कांग्रेस पर भी पड़ा। कांग्रेस के मद्रास अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तावित और सुभाषचंद्र बोस के समर्थकों द्वारा समर्थित यह 'राष्ट्रीय आंदोलन का लक्ष्य पूर्ण स्वतंत्रता' का प्रस्ताव अप्रत्याशित रूप से निर्विरोध स्वीकार हो गया। वास्तव में यह प्रस्ताव गांधीजी की अनुपस्थिति में पारित हुआ। जिन्होंने बाद में इसका खंडन किया और 'जल्दबाजी में स्वीकृत और विचारहीनता में पारित' प्रस्ताव कहा। 'इस अधिवेशन को कांग्रेस ने, हाल ही में स्थापित इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट इंपीरियलिज्म (साम्राज्यवाद विरोधी अंतर्राष्ट्रीय लीग) से संबंध करने का भी निर्णय लिया। इस अधिवेशन ने जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस दोनों को कांग्रेस का महासचिव चुना। यह दोनों युवकों और वामपंथ के नेता थे।

1928 की घटनाओं ने इसकी पुष्टि की कि कांग्रेस में वामपंथ की विजय वास्तव से ज्यादा दिखावटी थी। मजदूर वर्ग द्वारा जुझारू हड़तालों से उत्पन्न तूफानी स्थिति, साइमन कमीशन के खिलाफ जनता के प्रदर्शनों, युवकों और छात्रों के जुझारू आंदोलनों ने कांग्रेस के बुजुर्ग नेताओं के छक्के छुड़ा दिए। इसलिए पूर्ण स्वतंत्रता की माँग को दरकिनार कर कांग्रेस द्वारा सर्वदलीय सम्मेलन और लिबरल फेडरेशन और मुस्लिम लीग की बैठक लखनऊ में अगस्त 1928 को हुई इसमें मोतीलाल नेहरू के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया। इस समिति को 'एक जिम्मेदार सरकार बनाने के लिए संविधान लिखने की जिम्मेदारी दी गई।

अनुभवी कांग्रेसियों, नरमपंथियों और बाहर के प्रतिक्रियावादियों से समझौते के बाद बनी यह कमेटी, युवकों की पूर्ण स्वतंत्रता की माँग को पूर्णतः नकार नहीं सकी। इसलिए बड़ी चतुराई से रिपोर्ट में पूर्ण स्वतंत्रता को 'साम्राज्य के अधीन स्वतंत्र राज्य' के रूप में व्याख्यायित किया गया।

इस रिपोर्ट की संकीर्णता और आंतरिक विसंगतियों के कारण शीघ्र ही सर्वदलीय कमेटी का खुद ही पतन हो गया। सर्वदलीय कमेटी की रिपोर्ट पर बात करने के लिए दिसंबर 1928 को कोलकाता में हुई बैठक में हिंदू, मुस्लिम और सिख सांप्रदायिकतावादियों के बीच खुलकर संघर्ष हुआ। जिन्ना के नेतृत्व में मुस्लिम सांप्रदायिकतावादी और सिक्ख सांप्रदायिकतावादियों ने बैठक का बहिष्कार किया।

भयावह संकट उत्पन्न हो गया था। 'साम्राज्य के अधीन स्वतंत्र राज्य (डोमिनियन स्टेट्स) की बात पर तीखा विरोध हुआ। कांग्रेस के अंदर मौजूद वामपंथियों ने मद्रास अधिवेशन में स्वीकृत पूर्ण स्वतंत्रता' की शर्त को लागू करने पर दबाव बनाया। इस अवसर पर इस वर्ग को राजनीतिक निष्क्रियता से गांधीजी फिर कांग्रेस को गंभीर संकट और आंतरिक कलह से उबारने के लिए सामने आए। (रजनी पाम दत्त के शब्दों में, 'पूँजीपतियों की सबसे आदर्श (कुछ लोग इसे साम्राज्यवादियों की आशा भी कह सकते हैं) गांधीजी पर टिकी थी। गांधीजी जनआंदोलनों की लहरों पर सवार होकर उन्हें एक सफलतापूर्वक वापसी तक ले जा सकते थे और दूसरी तरफ भारत को क्रांति से बचा सकते थे।

गांधीजी ने दिसंबर 1928 में कांग्रेस के कोलकाता सम्मेलन में भागीदारी की और उसकी रिपोर्ट को पारित करवाने के लिए कठोर परिश्रम किया था। रिपोर्ट अल्प बहुमत से इस आश्वासन के साथ पारित हुई कि 31 दिसंबर 1929 तक सरकार द्वारा यह रिपोर्ट स्वीकार न की गई तो कांग्रेस अपने अहिंसक असहयोग आंदोलन के फैसले को लागू करेगी और इस बार जनता से कर न अदा करने का आह्वान किया जाएगा।

इस प्रकार उन्होंने पुनः एक वर्ष बरबाद कर दिया और निर्णय तय किया जब जनता का व्यापक असंतोष पूरे उभार पर था।

एक वर्ष बाद दिसंबर 1929 में कांग्रेस की बैठक लाहौर में हुई। ऐसी परिस्थिति में जब जनता में व्यापक असंतोष सुलग रहा था। लाहौर अधिवेशन ने कांग्रेस के धर्म सार के रूप में पूर्ण स्वतंत्रता की घोषणा की और कांग्रेस कमेटी को नागरिक अवज्ञा कार्यक्रम की शुरुआत करने और जहाँ उचित समझे कर न अदा करने का कार्यक्रम भी लागू करने को कहा।

गांधीजी ने शक्ति संतुलन की समझ और परम परिवर्तन को आत्मसात किया। इसलिए उन्होंने कांग्रेस का अध्यक्ष बनने से मना कर दिया और इस सम्मानजनक पद के लिए जवाहरलाल नेहरू को मनोनीत कर दिया।

31 दिसंबर 1929 की मध्यरात्रि, जब नया वर्ष प्रारंभ हो रहा था, नेहरू ने भारतीय स्वाधीनता का झंडा फहराया और 26 जनवरी 1930 को जब पूरे देश में स्वाधीनता दिवस मनाया गया था तब पूर्ण स्वतंत्रता के लिए शपथ की घोषणा की गई [illegible] जनता और सरकार के खिलाफ [illegible] होगा।

नई आशाएं और अभिलाषाएं उछाल मार रही थीं। जनता पूर्ण स्वाधीनता के लिए दृढ़ संकल्पित थी।

भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 (इंडियन ट्रेड यूनियन ऐक्ट 1926)

[illegible] ट्रेड यूनियन गतिविधियों को प्रोत्साहन देने और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं की रक्षा करने के लिए किसी कानून को बनाने और इसको वैधानिक मान्यता देने की आवश्यकता नहीं महसूस करते थे। यद्यपि विश्व युद्ध की समाप्ति के ठीक बाद ही भारत में संगठित ट्रेड यूनियन आंदोलन ने [illegible] [illegible] था फिर भी भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 में ही पारित हुआ। लेकिन यह अधिनियम इस प्रकार से [illegible] कि ट्रेड यूनियनों की [illegible] रक्षा करती थी। यद्यपि भारतीय दंड संहिता 1913 में संशोधन कर ट्रेड यूनियनों को [illegible] गैरकानूनी संगठन के रूप में [illegible] कर दिया गया था। सन् 1921 में बी. पी. वाडिया को कानूनी अभियोजन के समय से ही ट्रेड यूनियनों के संबंध में कानून बनाने की मांग उठ रही थी। [illegible] ट्रेड यूनियन कार्रवाइयों के बारे में ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं की रक्षा के लिए कोई कानून नहीं था। बी.पी. वाडिया के अभियोजन के बाद ए.आई.टी.यू.सी. ने [illegible] लीग के माध्यम से ब्रिटिश सरकार से इस विषय पर विचार विमर्श का प्रयास किया। तदनुसार ब्रिटिश ट्रेड यूनियन काँग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल [illegible] के नेतृत्व में भारत राज्य के सचिव मि. मांटेग्यू से 22 मार्च 1921 को मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मि. मांटेग्यू को यह समझाने का प्रयास किया कि भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन के शैशव काल में सरकार को उन लोगों की मदद करनी चाहिए जो लोग मजदूरों को संगठित करने के लिए समर्पित होने का कानूनी अधिकार है और उनके इस अधिकार को सरकारी शक्ति और प्रभाव से सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

भारत सरकार ने सन् 1921 में एक सर्कुलर जारी कर इस बारे में अपना रुख स्पष्ट किया। सर्कुलर में ट्रेड यूनियन के [illegible] की आवश्यकता बताई गई, वहीं ट्रेड यूनियन आंदोलन को 'सही' और 'विवेकपूर्ण' दिशा में चलाने पर बल दिया गया। लेकिन 1921-22 के दौरान आंदोलन की [illegible] हो जाने से सरकार ने इस मामले को आगे बढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई।

सन् 1921 में लेजिस्लेटिव असेंबली के नामित सदस्य एन.एम. जोशी ने विधानसभा (असेंबली) में ट्रेड यूनियनों के पंजीकरण और [illegible] ट्रेड यूनियन गतिविधियों के लिए ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों को नागरिक और आपराधिक मामलों के दायित्वों से सुरक्षा संबंधी प्रस्ताव पेश किया। [illegible] ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया क्योंकि उनके लिए ट्रेड यूनियन गतिविधियों का मतलब कानून और व्यवस्था में अधिक [illegible] था। उनका कहना था कि मिस्टर जोशी हिंसक गतिविधियों के लिए सुरक्षा पाने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए यह प्रस्ताव एक [illegible] है।

इसके बाद सर थॉमस हालैंड ने केवल ट्रेड यूनियनों का पंजीकरण करने और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं को कोई कानूनी सुरक्षा न प्रदान करने [illegible] संशोधित प्रस्ताव पेश किया। विधानसभा ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस बुनियादी संशोधन से जोशी के प्रस्ताव के [illegible] गए।

भारतीय ट्रेड यूनियन ऐक्ट 1926 के [illegible] यूनियनों का पंजीकरण, उनका संविधान और लेखा परीक्षक द्वारा [illegible] अनिवार्य है। इस ऐक्ट के [illegible] ट्रेड यूनियन की कार्यकारिणी के 50 प्रतिशत सदस्य उसी उद्योग में कार्यरत होने चाहिए और बाहर के सदस्यों का प्रतिशत पचास से अधिक नहीं होना चाहिए। इस ऐक्ट ने यूनियन कोष के खर्च को सख्ती से वैध उद्देश्यों तक सीमित कर दिया और नागरिक और राजनीतिक कार्यों के लिए कोष के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी।

भारतीय ट्रेड यूनियन ऐक्ट 1926 और उसी दौरान इंग्लैंड में प्रचलित ट्रेड यूनियन ऐक्ट में बहुत अंतर था। भारत का ऐक्ट पंजीकृत और गैर पंजीकृत यूनियनों में फर्क करता था पर ग्रेट ब्रिटेन में इस प्रकार का अंतर नहीं था। ट्रेड यूनियन गतिविधियों पर कठोर प्रतिबंध लगाना, उनके कोष पर [illegible] और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं को यूनियन गतिविधियों के लिए नागरिक और अपराधमूलक जिम्मेदारी से सुरक्षा प्रदान करने से इनकार करना सरकार द्वारा भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन के प्रति औपनिवेशिक रुख का परिचायक है। पंजीकृत ट्रेड यूनियन के कोष के संबंध में इन औपनिवेशिक [illegible] भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी का लागू करना वास्तव में गैर पंजीकृत यूनियनों की सामूहिक कार्रवाइयों को गैर कानूनी घोषित करना था। [illegible] 'कर्मचारी भाग लेगा' द्वारा, गैर पंजीकृत यूनियनों के सदस्यों और पदाधिकारियों पर सरकार द्वारा कानूनी कार्रवाइयों के अनेक [illegible] किए गए।

इस ऐक्ट के आपत्तिजनक तत्त्वों के खिलाफ भारतीय ट्रेड यूनियनों ने भारी प्रतिरोध की आवाज बुलंद की।

सन् 1927 में ए.आई.टी.यू.सी. के सातवें दिल्ली अधिवेशन में इस ऐक्ट का कड़ा विरोध हुआ। विशेष रूप से यूनियन कोष के [illegible] का विरोध हुआ। अधिवेशन में, इंग्लैंड की तरह भारतीय ट्रेड यूनियनों के फंड पर से सरकारी प्रतिबंधों को समाप्त करने की मांग की गई।

सन् 1928 में एन.एम.जोशी ने लेजिस्लेटिव असेंबली में गैर पंजीकृत यूनियनों को कानूनी सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक बिल पेश किया लेकिन बिल पारित नहीं हो सका। इसके साथ ही साथ उद्योग मंत्री सर थॉमस हालैंड ने ऐक्ट के बारे में उठी आपत्तियों को सरकारी [illegible] प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस ऐक्ट का उद्देश्य ट्रेड यूनियनों को 'स्वस्थ दिशा' में विकसित करना है।

ऐक्ट के नियमों और सरकारी प्रवक्ता की अभिव्यक्ति से यह बिलकुल साफ हो गया कि सरकार ट्रेड यूनियनों को सरकारी [illegible] के अनुरूप विकसित करना चाहती थी। इस ऐक्ट के तीन वर्ष बाद ट्रेड डिस्प्यूट ऐक्ट पारित होने पर सरकार द्वारा ट्रेड यूनियनों पर कठोर नियंत्रण कायम करने की मंशा स्पष्ट रूप से सामने आ गई।

दृष्टिकोण

तत्कालीन मजदूर नेता, पंजीकृत और गैर पंजीकृत ट्रेड यूनियनों के बीच विभेदीकरण और खास तौर पर गैर पंजीकृत यूनियनों को वस्तुत: गैर कानूनी बना देने के सख्त खिलाफ थे। उनकी धारणा थी कि भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन की आरंभिक अवस्था में गैर पंजीकृत यूनियनों का होना स्वाभाविक था और इसलिए ऐसी यूनियनों को भी कानूनी सुरक्षा प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है। दो मजदूर नेताओं (एन.एम.जोशी और लाला लाजपत राय) ने संबंधित अधिवेशनों में इसका प्रबलतापूर्वक समर्थन किया।

रायल कमीशन आन लेबर इन इंडिया 1931 ने भी अपनी रिपोर्ट में सरकार द्वारा ट्रेड यूनियन गतिविधियों को 'सही' और 'विवेकपूर्ण' ढंग से चलाने के लिए, इस संकुचित नीति को सही ठहराया और आगे कहा कि ट्रेड यूनियन आंदोलन के हित में ऐसा ऐक्ट बहुत पहले ही लागू होना चाहिए था।

भारत में जब ट्रेड यूनियनों का गठन प्रारंभ हुआ और देश के विभिन्न भागों में आंदोलन फूट पड़ा तब घबराहट और दुविधा में घिरी साम्राज्यवादी सरकार ने ट्रेड यूनियन आंदोलन को अर्थवाद की सीमाओं में बांधकर रखने और इसे राजनीतिक स्वरूप प्रदान करने से रोकने के लिए चारों तरफ से घेरा डालने और शिकंजा कसने की कार्यनीति अपनाई। आखिरकार साम्राज्यवादी इस कोशिश में थे कि मजदूर वर्ग राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में किसी भी प्रकार शामिल न हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार ने ट्रेड यूनियन ऐक्ट में अनेक प्रतिबंधों के साथ, खास तौर पर यूनियन कोष को राजनीतिक इस्तेमाल से रोकने के लिए नियम बनाएं इन प्रावधानों के लागू करने से भारतीय ट्रेड यूनियन आंदोलन के स्वतंत्र विकास में साम्राज्यवाद का नंगा हस्तक्षेप दिखाई दिया।

संदर्भ सूची:

1. आर.पी. दत्त, इंडिया टुडे, पृ. 265
2. बाम्बे लेबर गजट, फरवरी 1922, पृ. 40-44
3. रिपोर्ट ऑफ दि रॉयल कमीशन आन लेबर इन इंडिया, 1931, पृ. 156
4. वही, पृ. 303
5. आर.के. मुखर्जी, द इंडियन वर्किंग क्लास, पृ. 144-45

ISSN 0972-1894

VOLUME-78 NUMBER-85 Oct-Dece., 2018

The Hindustan Review

An International Research Journal of BCARDS

A Quarterly Refereed Research Journal of Buddist Centre for Action Research and Development Studies

CONTENTS

SL. No.	ARTICLES	AUTHORS	PAGE No.
	FROM THE EDITOR		
17.	बंगाल से बिहार विभाजन का कारण	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह अनु कुमारी	97-99
18.	द्वितीय विश्वयुद्ध और भारतीय राष्ट्रीयता का विकास	डॉ० हरि कृष्णा सिंह छोटन कुमार	100-105
19.	1857 के स्वाधीनता संग्राम में झलकारी बाई का योगदान	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह दुर्गेश कुमार सिंह	106-109
20.	मध्ययुगीन हिन्दु समाज में नारी की सामाजिक स्थिति	डॉ० ब्रज किशोर सिंह किरन कुमारी	110-113
21.	भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के युवाओं की भूमिका	डॉ० सीमा पटेल लव कुमार	114-116
22.	दलित समस्या और महात्मा फुले	डॉ० विजय कुमार सिंह नीतू	117-120
23.	भारत में ब्रिटिश शिक्षा का विकास	डॉ० राजीव कुमार प्रीति सुमन	121-128
24.	बिहार की राजनीति में अनुसूचित जाति की महिलाओं की भूमिका	डॉ० रामलगन सिंह सुमन कुमारी पाण्डेय	129-133
25.	भारतीय पुनर्जागरण और नारी मुक्ति संघर्ष	डॉ० हीरा प्रसाद सिंह स्वास्ति कुमारी	134-140
26.	भारतीय मुसलमानों में राष्ट्रीय जागरण	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह विनोद कुमार	141-146
27.	रैदास का जीवन वृत्त और उनकी शिक्षा	डॉ० सुशीला सिंह महेश कुमार	147-152
28.	भारत में पुलिस प्रशासन का इतिहास	डॉ० उमेश कुमार धर्मराज मिश्रा	153-157
29.	Origins of Gurushishya Parampasra In Ancient India	**Hira Singh**	158-161
30.	خانقاہ شاہ ارزانی: ایک تعارف	[illegible]	162-165

■■■■■

भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के युवाओं की भूमिका

डॉ० सीमा पटेल
एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग
एम०वी०भी०पी० कॉलेज, भभुआ
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

लव कुमार
शोध छात्र
इतिहास विभाग,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान महान क्रांति के दिनों में बिहार ने दृढ़ संकल्प व अदम्य उत्साह के साथ-साथ अपने शौर्य का परिचय दिया। गाँधीजी द्वारा सत्याग्रह का चंपारण में सफल प्रयोग के बाद सभी आंदोलनों में बिहार के युवाओं ने समुचित योगदान दिया। किन्तु जिस आंदोलन में बिहार के युवाओं ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया वह था अगस्त 1942 का आन्दोलन।

द्वितीय विश्वयुद्ध की प्रगति और उससे उत्पन्न गंभीर परिस्थिति के मद्देनजर मार्च 1942 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने युद्धोपरांत भारत को औपनिवेशिक स्वराज्य प्रदान करने की घोषणा की। इस व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत करने हेतु 22 मार्च, 1942 को स्टेटफोर्ड क्रिप्स भारत आये। परन्तु उनके प्रस्ताव राष्ट्रवादियों के लिए अपर्याप्त एवं असंतोषजनक थे। अतः अगस्त 1942 में कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया।

9 अगस्त 1942 को कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेता गिरफ्तार कर लिए गये। कांग्रेस को अवैध घोषित कर दिया गया। इसी दिन राजेन्द्र प्रसाद, फूलन प्रसाद वर्मा, मथुरा प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। 10 अगस्त को श्रीकृष्ण सिंह 11 अगस्त को अनुग्रह सिंह गिरफ्तार किये गये। इन नेताओं की गिरफ्तारी के साथ ही आंदोलन अनियंत्रित हो गया तथा इसने संपूर्ण बिहार को अपने आगोश में ले लिया।

11 अगस्त को पटना में एक लोमहर्षक घटना घटी। इस दिन छात्रों के एक जुलुस ने सचिवालय भवन के सामने विधायिका की इमारत पर राष्ट्रीय झण्डा लहराने की कोशिश के क्रम में पुलिसिया बर्बरता के शिकार बने और शहादत दी। ये शहीद थे-उमाकांत सिंह, रामानंद सिंह, सतीश प्रसाद झा, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह, रामगोविन्द सिंह और जगपति कुमार। 12 अगस्त को इस गोलीकांड के विरोध में पटना में पूर्ण हड़ताल रही। उसी दिन शाम में कांग्रेस मैदान में आयोजित सभा में जगतनारायण लाल की अध्यक्षता में एक प्रस्ताव पारित हुआ कि संचार सुविधाओं को ठप्प कर दिया जाए। फलतः पूरे बिहार में रेल पटरियाँ उखाड़ी गई, तार व टेलीफोन की लाइनें काट दी गई, डाकघर-रेलवे स्टेशनों, थानों अन्य

सरकारी इमारतों को जलाया गया और पुलिस पर भी आक्रमण किये गये। आंदोलन का व्यापक प्रसार बिहार के अन्य भागों में भी हुआ।

सीवान थाने पर राष्ट्रीय झण्डा लहराने की कोशिश में फूलेना प्रसाद श्रीवास्तव पुलिस की गोली के शिकार बने। सारण में जगलाल चौधरी ने पुलिस थाने को जला दिया। सियाराम सिंह के नेतृत्व में उत्तरी भागलपुर में राष्ट्रीय सरकार की स्थापना की गई। गया के कुर्था थाने पर झण्डा लहराने के क्रम में ध्रुव कुमार ने शहादत दी। मुंगेर में ऐसे ही प्रयास में कपिल मुनि ने शहादत दी। दरभंगा में कुलानंद वैदिक और दीघवारा में कर्पूरी ठाकुर ने संचार व्यवस्था को ठप्प करने का कार्य किया।

सारण जिला के रघुनाथपुर, सीवान, परसा, मांझी, एकमा, दीघवारा, दरौली, वैकुंठपुर आदि में ब्रिटिश प्रशासन धराशायी हो गई एवं वहाँ स्थानीय लोगों ने स्वतंत्र मण्डल नाम से अपनी प्रशासनिक व्यवस्था लागू कर दी। हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और दरभंगा के क्षेत्रों में ऐसे कई स्थानों पर क्रांतिकारी सरकारें संगठित कर ली गई। गाँवों में पंचायतों व रक्षा दलों की स्थापना की जाने लगी और राष्ट्रवादियों ने वस्तुतः सरकार की स्थापना कर ली।

आन्दोलन में तीव्रता लाने के उद्देश्य से जयप्रकाश नारायण ने नेपाल में 'आजाद दस्ता' का गठन किया। वे 9 नवम्बर 1942 को हजारीबाग जेल से रामानंद मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, सुरज नारायण सिंह, शालिग्राम सिंह के साथ भागकर नेपाल चले गये। वहीं से 'आजाद दस्ता' द्वारा युवकों को तोड़-फोड़ की कार्यवायी के लिए प्रशिक्षण देने का कार्य उन्होंने किया। आजाद दस्ता से प्रभावित होकर बिहार में भागलपुर एवं पूर्णिया में भी इसी तरह का संगठन बनाया गया। पहाड़ पर रेडियो स्टेशन बनाने का निर्णय हुआ एवं राममनोहर लोहिया को रेडियो एवं प्रचार विभाग का अध्यक्ष बनाया गया। एक बिहार प्रान्तीय आजाद परिषद् का गठन किया गया जिसका संयोजक सूरज नारायण सिंह को बनाया गया। कोसी नदी के किनारे 'बकरों का टापू' नामक स्थान से आजाद दस्ता का संचालन किया जाता था। 1943 के अंत तक आजाद दस्ता सक्रिय रहा। परन्तु भारत सरकार के दबाव में नेपाल सरकार द्वारा मई 1943ई० जय प्रकाश नारायण एवं राम मनोहर लोहिया समेत कई प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी के कारण यह प्रयास शनै-शनै शिथिल पड़ गया।

भारत छोड़ो आन्दोलन के दरम्यान बिहार की कई वीरांगनाओं ने अपनी जान हथेली पर रखकर संपूर्ण महिला समाज को सक्रिय भागीदारी हेतु उत्प्रेरित किया। 9 अगस्त को महिलाओं का विराट जुलुस पटना से निकाला गया, जिसका नेतृत्व डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की बहन श्रीमती भगवती देवी कर रही थी। गोविन्दपुर के श्री नरसिंह गोप की पत्नी जिरियावती देवी ने अंग्रेज सिपाही को गोली मार दी। छपरा में शांति देवी ने एक विशाल जनसभा की अध्यक्षता की। दिघवारा प्रखण्ड पर तिरंगा फहराने के जुर्म में दो

सगी बहनों शारदा एवं सरस्वती को 14 एवं 11 वर्ष की सजा दी गई। गया जिले की प्यारी देवी को कैम्प जेल भेज दिया गया जहाँ उनकी मौत हो गई। वैशाली में सुनीति देवी एवं राधिका देवी ने पुरूष वेश में साईकिल यात्रा द्वारा जन जागरण पैदा किया। सितम्बर 1942 में सोनम थाने के लखियार गाँव में पुलिस की गोली से कई महिलाएँ मारी गईं।

आन्दोलन के दौरान पुलिस बल में भी प्रतिक्रिया हुई। श्री रामानंद तिवारी के नेतृत्व में पुलिस संघ के तत्वाधान में 500 पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तारी दी तथा पुलिसिया जुल्म के विरोध में उपवास रखा। छात्रों के संगठित प्रयास द्वारा कुछ रेलगाड़ियों पर कब्जा कर लिया गया और इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलाकर आंदोलन का प्रचार किया गया। इस ट्रेन को 'स्वराज ट्रेन' नाम दिया गया।

भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के युवाओं का महत्ती योगदान रहा। यह इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि बिहार में 15 हजार से अधिक लोग बंदी बनाये गये। 8783 व्यक्ति को सजा हुई और 134 व्यक्ति मारे गये। इस प्रकार स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी उच्च स्तर पर पहुँच चुकी थी। स्वातंत्र्योत्तर भारत में भी यह प्रवृत्ति जारी रही। 1950 के दशक तथा उसके पश्चात् भी युवाओं ने महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जुड़कर राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाई।

संदर्भ ग्रंथ-सूची :-

1. के०के० दत्त: बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, पटना।
2. बलदेव नारायण: अगस्त क्रांति, पटना।
3. इम्तियाज अहमद: बिहार का परिचय, पटना, 2008।
4. विवेकानंद शुक्ल: द नाइनटीन फोर्टी टू दि रिवेलियन विद स्पेशल रेफरेंस टू तिरहुत, पी०एच०डी० थीसिस, पटना विश्वविद्यालय।
5. कुमार अमरेन्द्र: स्वतंत्रता आंदोलन में बिहार की महिलाओं का योगदान, पटना, 1958।
6. शिवपूजन सहाय: बिहार की महिलाएँ, पटना।

■■■■■

ISSN 0972-1894

VOLUME-75 NUMBER-83 Jan-Mar, 2018

The Hindustan Review

An International Research Journal of BCARDS

A Quarterly Referred Research Journal of Buddist Centre for Action Research and Development Studies

UGC Approved Journal No - 62908; Social Science : Arts and Humanities, Serial No- 278

CONTENTS

SL. No.	ARTICLES FROM THE EDITOR	AUTHORS	PAGE No.
29.	आरक्षण और सामाजिक न्याय	डॉ० बेचू प्रसाद अजय कुमार रेड्डी	184-188
30.	सामाजिक न्याय, मानवाधिकार और पुलिस	डॉ० उमेश कुमार धर्मराज मिश्रा	189-196
31.	भारत छोड़ो आन्दोलन में युवाओं की भूमिका: बिहार के विशेष संदर्भ में	डॉ० सीमा पटेल जय कुमार	197-200
32.	ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत भारतीय शिक्षा	डॉ० राजीव कुमार प्रीति सुमन	201-206
33.	बिहार की अनुसूचित जाति की महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन	डॉ० रामलगन सिंह सुमन कुमारी पाण्डेय	207-211
34.	आरक्षण और सामाजिक न्याय	डॉ० विरेन्द्र प्रसाद सिंह विनोद कुमार	212-218

❖❖❖❖

भारत छोड़ो आन्दोलन में युवाओं की भूमिका: बिहार के विशेष संदर्भ में

डॉ० सीमा पटेल
एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग,
एम०बी०भी०पी० कॉलेज, भभुआ
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

लव कुमार
इतिहास विभाग,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

भारत छोड़ो आन्दोल जिसे अगस्त क्रांति भी कहा जाता है भारतीय जनता की वीरता और देशभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। 1942 के क्रिप्स मिशन की विफलता एवं ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत के इच्छा के विरुद्ध उसे विश्व युद्ध में साझेदारी बरकरार रखने एवं किसी सम्मानजनक समझौते के लिए तैयार न होने से यह आन्दोलन अब संभावी हो गया। इसके साथ साथ बढ़ती कीमतों एवं जरूरी वस्तुओं के अभाव ने भी जन साधारण के मन में असंतोष भर दिया।

कांग्रेस के कुछ लोग विश्व युद्ध को एक मौका मान रहे थे जो यह चाहते थे कि जिस तरह से प्रथम विश्व युद्ध में भारत द्वारा ब्रिटेन का समर्थन किया गया था, किन्तु उसके बाद भारतीयों को कुछ प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मौके में एक बड़ा आन्दोलन खड़ा कर अंग्रेजों को समझौते करने पर मजबूर किया जाए। लेकिन नेहरू एवं गांधीजी जैसे लोग भी फासिस्ट विरोधी युद्ध को कमजोर नहीं करना चाहते थे। किन्तु बाद में इस निष्कर्ष पर पहुँच गया कि अधिक चुप रहने से यह स्वीकार कर लेना होगा कि अंग्रेजों को भारतीयों का भाग्य तय करने का अधिकार है। अंततः 8 अगस्त को बंबई में हुई बैठक में कांग्रेस ने भारत छोड़ो का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया एवं गांधीजी के नेतृत्व में अहिंसक जनसंघर्ष चलाने का फैसला लिया गया। यहीं पर जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए गांधीजी ने "करो या मरो" का नारा दिया। 9 अगस्त को सुबह 'आपरेशन जीरो आवर' के तहत कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

भारत छोड़ो आंदोलन को तीन चरण में बांटा जा सकता है। पहला चरण जो भारी और हिंसक था जिसे शीघ्र ही कुचल दिया गया था। इसमें हड़तालें एवं अधिकांश शहरों में सेना और पुलिस के साथ झड़पें सम्मिलित थीं। दूसरे चरण में ग्रामीण इलाकों में एवं जुझारू विद्यार्थियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस चरण में देश के कई स्थानों पर राष्ट्रीय सरकारों की स्थापना हुई, जिनमें तामलुक, सतारा एवं

तलचर की राष्ट्रीय सरकारें प्रमुख थीं। अगले चरण में यह आंदोलन अमानवीय दमन से कमजोर पड़ा इस चरण में आंदोलन कम उग्र एवं लंबा रहा। 1943 तक हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें बिहार में 16 हजार से अधिक लोगों की गिरफ्तारियां उल्लेखनीय रही।

बिहार का इस आंदोलन में भी निर्णायक योगदान रहा। 31 जुलाई को ही राजेन्द्र प्रसाद ने बिहार कांग्रेस कमिटी की एक विशेष बैठक बुलाकर कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं को भावी संघर्ष के लिए संगठित होने का आदेश दिया। उसी दिन अंजुमन इस्लामिया हॉल में आयोजित सभा में छात्रों और युवकों ने कांग्रेस के कार्यक्रम को समर्थन देने की योजना बनाई। आंदोलन शुरू होते ही बिहार प्रांतीय कांग्रेस कमिटी को गैर कानूनी घोषित कर दिया गया। पुलिस ने सदाकत आश्रम जिला कांग्रेस कार्यालय को भी जब्त कर लिया गया।

सरकार के दमनात्मक नीति के विरोध में जनता में विक्षोभ की लहर व्याप्त हो गयी। लगभग प्रदेश के सभी जगहों पर राष्ट्रीय झण्डा फहराया जाने लगा। उन दिनों विद्यार्थियों के एक जुलुस ने सचिवालय भवन के सामने विधायिका की इमारत पर राष्ट्रीय झण्डा फहराने की कोशिश की। किन्तु पटना के जिलाधी W.G. आर्चर के आदेश पर उन पर गोली चलाई गई जिसमें सात छात्र मारे गये जिनमें उमाकांत प्रसाद सिन्हा, रामानंद सिंह, सतीश प्रसाद झा, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह, रामगोविन्द सिंह एवं जगपति कुमार थे।

भारत छोड़ो आंदोलन को सरकार द्वारा बलपूर्वक दबाने से क्रांतिकारियों को गुप्त रूप से काम होना पड़ा। गुप्त गतिविधियों में 'आजाद दस्ता' का महत्वपूर्ण स्थान है। आंदोलन के शुरू में ही जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जहाँ से वे दिपावली की रात 9 नवम्बर 1942 को रामानंद मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, सूरज नारायण सिंह, गुलाब चन्द्र गुप्त और शालिग्राम के साथ हजारीबाग जेल से फरार हो गये एवं नेपाल के जंगल में भूमिगत हो गये। वहीं पर जयप्रकाश नारायण ने अपने सहयोगियों के साथ आजाद दस्ता का गठन किया। इस दस्ते में कई युवा लोग शामिल हुए। 1943 में आजाद दस्ता के पहले प्रशिक्षण शिविर में बिहार के 25 युवकों को सरदार नित्यानंद सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया। किंतु बाद में बड़े नेताओं के गिरफ्तारी से आजाद दस्ते का कार्य शिथिल हो गया।

इस आंदोलन की एक विशेष घटना यह थी कि कुछ युवा छात्रों ने कुछ रेलगाड़ियों पर कब्जा कर लिया और इस ट्रेन को अपने नियंत्रण में एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलाकर आंदोलन को

प्रचार-प्रसार किया। इस ट्रेन का नाम 'स्वराज ट्रेन' रखा गया। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बिहारी छात्रों ने इस आंदोलन के प्रसार के लिए गांव-गांव का दौरा किया।

1942 में राजेन्द्र प्रसाद के गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही बी.एन कॉलेज के युवा छात्रों ने उग्र जुलूस निकाला तथा इंजीनियरिंग कॉलेज पटना ट्रेनिंग कॉलेज, साइंस कॉलेज आदि संस्थानों के भवनों एवं छात्रावासों पर झण्डे फहराये गये। इसके साथ-साथ छात्राओं ने बिहार केन्द्रीय छात्र परिषद नामक एक गुप्त संगठन भी बनाया था।

गाँवों में पंचायतों और रक्षा दलों की भी स्थापना की जाने लगी। इस आंदोलन के क्रम में हिंसा और पुलिस दमन के कई उदाहरण सामने आये। सीवान थाने में झण्डा फहराने की कोशिश में फुलेना प्रसाद श्रीवास्तव मारे गये। वहीं सारण में जगलाल चौधरी, दरभंगा में कुलानंद वैदिक और सिंघवारा में कर्पूरी ठाकुर ने संचार व्यवस्था को ठप्प कर दिया।

तीव्रता और विस्तार दोनों दृष्टि से बिहार अग्रणी था। इस आंदोलन में आदिवासियों की पर्याप्त भागीदारी रही थी क्योंकि एक कांग्रेसी सूत्र के अनुसार मारे जाने वालों में सबसे अधिक लोग हजारीबाग जिले के ही थे। ताना भगत आंदोलनकारियों ने भी अपने क्षेत्र में ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी थी। जमशेदपुर के टिस्को के मजदूरों ने भी हड़ताल कर दी थी।

जनता द्वारा पुलिस थानों पर धावा बोलने की सबसे अधिक घटना बिहार में ही घटी थी। 15 अगस्त को लिनलिथगो ने पटना के आसपास संचार साधनों को अस्त-व्यस्त कर रही भीड़ पर आसमान से मशीनगनों द्वारा गोलियाँ बरसाने का आदेश दिया था। इसके साथ-साथ भागलपुर एवं मुंगेर में आंदोलन दबाने के लिए वायुयानों का प्रयोग किया गया था। दरभंगा के राजा ने न केवल सरकार को अपने सशस्त्र सेवायें देने से मना कर दिया बल्कि गिरफ्तार लोगों की मदद भी की।

बिहार में इस आंदोलन को जिसने प्रचण्ड बनाया, उनमें किसानों का भारी विद्रोह एवं महिलाओं के योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका थी। पटना में जहाँ इस आंदोलन का नेतृत्व श्रीमती भगवती देवी ने की तो हजारीबाग में श्रीमती सरस्वती देवी ने वहीं भागलपुर में श्रीमती माया देवी ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाया।

अन्तर्राष्ट्रीय दबाव एवं गांधीजी के उपवास के बावजूद सरकार ने इस आंदोलन को कुचलने के लिए सबकुछ किया उसके दमन की कोई सीमा नहीं रही। 1857 के बाद से भारत में इतना निर्मम दमन

कभी नहीं देखने को मिला था। आंदोलन की एक विशेषता तो यह रही थी कि निजी सम्पत्तियों पर आक्रमण नहीं किया गया था। इसके साथ इस आन्दोलन के अन्य विशेषता आजादी की मांग राष्ट्रीय आन्दोलन की पहली मांग बन गई। सरकार अन्ततः आंदोलन को कुचलने में सफल रही। 1942 का यह आंदोलन यद्यपि काफी संक्षिप्त रहा, किन्तु इसका महत्व इस बात से था कि इसने दिखाया कि देश में राष्ट्रवादी भावनायें किस गहराई तक अपनी जड़े जमा चुकी थी और जनता संघर्ष और बलिदान की कितनी बड़ी क्षमता प्राप्त कर चुकी थी। यह स्पष्ट हो गया था कि जनता की इच्छा के विरुद्ध भारत पर शासन कर सकना अब अंग्रेजों के कठिन हो गया था। भारत के आजादी प्राप्ति में निःसंदेह यह आंदोलन एक मील का पत्थर साबित हुआ।

संदर्भ ग्रंथ–सूची :–

1. चन्द बिपिनः भारत का स्वतंत्रता संघर्ष, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय, निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय, 1999
2. सरकार सुमितः आधुनिक भारत, राजकमल प्रकाशन, पटना-2002
3. राउत सुरेन्द्रः बिहार समग्र, कुमार बुक सेन्टर, दिल्ली-2009
4. ग्रोवर बी. एल. एवं यशपालः आधुनिक भारत का इतिहास, एस चन्द एंड कंपनी लिमिटेड; नई दिल्ली-2002
5. शुक्ला रामलखनः हिन्दी माध्यम कार्यान्वय, निदेशालय दिल्ली, विश्वविद्यालय, 2003
6. पाठक लक्ष्मीः भारत में अंग्रेजी राज, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली- 2003
7. सिंह अयोध्याः भारत का मुक्ति संग्राम, मैकमिलन कंपनी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, 1977

■■■■■

■■■■■

Approved by UGC
Journal No. : 63580
Regd. No. 21747
Indexed : IIJIF, I2OR & SJIF
IIJ Impact Factor : 2.471
ISSN 2277-2014
Research Discourse
An International refereed research Journal
Year-VIII
No. 4
Supplement 2018
Editor in Chief
Anish Kumar Verma
International Innovative Journal Impact Factor (IIJIF)
I2OR
Scientific Journal Impact Factor

- ओजोन क्षरण : संकल्पनात्मक पृष्ठभूमि 154–155
  डॉ0 सतीश चन्द तिवारी
- चन्दौली जनपद के प्राथमिक स्तर के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के सेवारत शिक्षकों में शिक्षण दायित्व बोध का तुलनात्मक अध्ययन 156–158
  अनुपमा श्रीवास्तव व डॉ0 शिखा शुक्ला
- भारतीय संस्कृति की समन्वयशील परम्परा : एक ऐतिहासिक विश्लेषण 159–161
  डॉ0 नेहा कुमारी
- धार्मिक सामाजिक स्तर एवं सामाजिक समायोजन 162–163
  डॉ0 छाया कुमारी
- दृष्टिबाधित बालक व दृष्टिबाधित बालिकाओं के सम्प्रत्यय प्राप्ति का तुलनात्मक अध्ययन 164–167
  धीरज कुमार भारती व प्रो0 आशा पाण्डेय
- ज्ञान का परम्परागत दृष्टिकोण तथा अंग्रेजी शिक्षा 168–170
  नरेन्द्र कुमार व डॉ0 सीमा पटेल
- महर्षि अरविन्द घोष के शैक्षिक विचार एवं समकालीन संदर्भ 171–173
  जयन्ती
- प्रेमचन्द की कथात्मक भाषा 174–175
  सुजय कुमार
- राष्ट्रीय आंदोलन की यात्रा में अनुग्रह नारायण सिंह की भूमिका 176–178
  राजीव रंजन
- शिक्षा : प्लेटो के विशेष सन्दर्भ में 179–180
  अनुराधा कुमारी
- भारत में परिवार कल्याण कार्यक्रम 181–182
  प्रीति द्विवेदी
- जाति प्रथा ग्रामीण सामाजिक स्तरीकरण का प्रमुख आधार 183–184
  डॉ0 मनीराम
- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के गद्य साहित्य में सामाजिक स्वरूप 185–186
  डॉ0 पंकज कुमार राय
- मानसून का पूर्वानुमान : भारत के सन्दर्भ में नवीन विश्लेषण 187–189
  मुकेश कुमार शर्मा
- विश्वामित्र : मिथक के आइने में आधुनिक विसंगतियों से संवाद 190–192
  साधना यादव
- नाटक : अध्ययन और अनुशीलन 193–194
  डॉ0 सन्तोष कुमार
- महिला सशक्तिकरण 195–197
  लता कुमारी
- कर्मचारीतंत्र : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 198–200
  स्निग्धा सिंह

Research Discourse (ISSN 2277-2014) : An International Refereed Research Journal, Published by : SARDI, Varanasi, U.P. (INDIA)
Impact Factor : 2.471, Year VIII, No. 4, Supplement 2018, Page No. : 164-170
Indexed by : IIJIF, I2OR, SJIF, IIJ

ज्ञान का परम्परागत दृष्टिकोण तथा अंग्रेजी शिक्षा

नरेन्द्र कुमार* व डॉ० सीमा पटेल**
*शोधार्थी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार
**शोध निर्देशक, एसो० प्रो०, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ, बिहार

सारांश : प्रस्तुत शोध पत्र ज्ञान का परम्परागत दृष्टिकोण तथा अंग्रेजी शिक्षा को प्रकाश में लाने का प्रयास करता है। भारत में राजनैतिक रूप से शक्तिशाली उच्चतर वर्ग के समाप्त हो जाने से नया मध्यम वर्ग सामने आया। आरम्भिक युग में इस वर्ग के लोग अपने को स्वाभाविक रूप से ब्रिटिश शासन के द्वारा उपकृत मानते थे। व्यापारियों का धन, जमींदार वर्ग की लगान से तथा दूसरे पेशों के वेतन आदि ऐसे स्रोतों से प्राप्त होते थे, जो मुख्यतः अंग्रेजी शिक्षा ने पैदा किए थे, इसलिये ये वर्ग अपने हितैषियों के प्रति कृतज्ञ थे। पर ज्यों–ज्यों समय बीतता गया, त्यों–त्यों धीरे–धीरे लोगों की भ्रांति दूर होने लगी। प्रस्तुत शोध पत्र पूर्व के अध्ययनों से अलग है तथा अध्ययन विषय एवं समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

मुख्य शब्द : नया मध्यम वर्ग, उच्चतर शासक वर्ग, परम्परागत बुद्धिजीवी वर्ग, परम्परागत जीविका, सांस्कृतिक घटकों आदि।

एक तरफ ब्रिटिश विजय का सामाजिक परिणाम यह रहा कि उच्चतर शासक वर्ग का अंत हो गया और दूसरी तरफ इसका परिणाम यह हुआ कि ब्राह्मण या परम्परागत बुद्धिजीवी वर्ग कमजोर पड़ गया। इसका आंशिक कारण यह था कि संरक्षकता के सारे साधन यानी राजाओं, सूबेदारों, सरदारों और जमींदारों के दरबार लुप्त हो गए थे। इसके अलावा आंशिक रूप से दूसरा कारण यह था कि कम्पनी ने पहले से चलती आई, धार्मिक व्यक्तियों और विद्वानों को दी हुई लगानमुक्त जमीनों को फिर से ले लिया। इस प्रकार अपनी परम्परागत जीविका से वंचित होने के बाद वे जहाँ भी हो सका, नौकरी और रोजगार ढूंढने के लिये बाध्य हुए। एस० के० दे के शब्दों में "प्राचीन विद्या और संस्कृति की जड़ों पर कुठाराघात हुआ, अतः जिस प्रभाव से हिन्दू संस्कृति में उदात्त तत्वों का उद्भव हुआ था, वह जाता रहा, पर जिस प्रभाव के कारण इसमें कुसंस्कार और हास्यास्पद तत्वों का प्रवेश हुआ, वह बढ़ गया।"[1]

भारतीय मन पर जिन सांस्कृतिक घटकों ने बहुत अधिक प्रभाव डाला और जीवन की बौद्धिक, सौन्दर्य–परक, सामाजिक, नैतिक और धार्मिक समस्याओं के सम्बन्ध में नए रूखों का विकास किया, उनमें पाश्चात्य ज्ञान के विस्तार को सबसे महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिये।

इतना तो स्मरण किया जा सकता है कि आधुनिक पाश्चात्य ज्ञान आवश्यक रूप से वैज्ञानिक, वस्तुपरक, आलोचनात्मक, 'बाबा वाक्यं प्रमाणम्' से दूर तथा बौद्धिक और युक्तिसंगत प्रक्रियाओं से प्राप्त किया गया है।

परम्परागत ज्ञान एक सुसम्बद्ध समग्र ज्ञान माना जाता था। इसके अध्ययन की कठिनाई इस तरह से बढ़ जाती थी कि संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक था और समृद्ध शब्द कोष और जटिल व्याकरण से युक्त संस्कृत भाषा का अध्ययन बहुत परिश्रम साध्य था। इस प्रकार से ज्ञान प्राप्त करने की परिस्थितियों के कारण ही यह चीन के मैंडरीनों की तरह अनिवार्यतः इसके भक्तों का एक छोटा–सा और चुना हुआ दल रह गया। उनके लिए जीविका कमाना जरूरी नहीं था क्योंकि उनका पालन करना सरकार या समाज का कर्तव्य था। यद्यपि वे लोक संग्रह की दृष्टि से गरीब थे, फिर भी आध्यात्मिक रूप से धनी थे और समाज में उनका बड़ा आदर था। उनमें से सब तो नहीं, पर अधिकांश ब्राह्मण थे और कुछ लोग हिन्दुओं की अन्य जातियों के लोग थे।

हिन्दू और मुस्लिम विद्वानों के दायरे अक्सर अपनी ही तक सीमित थे, इसलिये उन्होंने, कुछ अपवादों को छोड़कर, अपने ज्ञान का आदान–प्रदान नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि उन्होंने एक दूसरे के मन को भी समृद्ध नहीं बनाया। इसके अलावा अठारहवीं शताब्दी राजनैतिक गड़बड़ी और बौद्धिक ह्रास का युग था। उथल–पुथल के काल में जबकि युद्ध और हिंसा का सर्वत्र बोलबाला था, विज्ञान का पनपना संभव नहीं था। पर जब ब्रिटिश विजय से शान्ति स्थापित हुई, तो ज्ञान वृद्धि की प्राथमिक शर्तें पूरी हो गईं। विजेता अपने साथ एक नए प्रकार का ज्ञान ले आए थे, जिसके बीज उर्वर भूमि पर गिरे और फले–फूले।

शिक्षा के क्षेत्र में ईसाई मिशन : प्लासी के युद्ध के पहले के समय में बौद्धिक परिवर्तन के दो मुख्य अभिकरण थे। भारतीय दो तरह से यूरोपीय सौदागरों के प्रभाव में आए: एक तो व्यापारी संस्थाओं में और दूसरे प्रशासन कार्य में।

जो ईसाई मिशनरी भारत में ईसाई धर्म का प्रचार करना चाहते थे, वे भारतीयों में जाकर बाईबल का प्रचार करते थे और ईसाई वातावरण में भारतीय बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल खोलते थे।

प्रारम्भिक सोपानों में, ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने ईसाई धर्म के प्रचार में कोई दिलचस्पी नहीं ली, यद्यपि 1698 के अधिकार पत्र में कारखानों के पादरियों से यह कहा गया था कि वे "देशी भाषाएँ सीखें ताकि वे उन निवासियों को जो कम्पनी के नौकर या गुलाम होंगे उनको कम्पनी के एजेंटों एवं प्रोटेस्टेंट धर्म की शिक्षा अधिक अच्छी तरह से दे सकें।"[2] पर कम्पनी मुनाफा कमाने में इतनी व्यस्त थी कि यह हिदायत धरी रह गई।

प्लासी के बाद बंगाल में प्रोटेस्टेंट मिशनरियों के कार्य ने जोर पकड़ा। 1758 में डेनिस मिशन के कीरनाण्डेर कलकत्ता पहुँचे और क्लाइव ने उन्हें अपना मिशन शुरू करने की अनुमति दी। पर उनका कार्य अधिकांश अंग्रेजों और 'पुर्तगाली' कहलाने वाले

... तक ही सीमित रहा, फिर भी उन्होंने एक प्रसिद्ध हिन्दू गणेशदास को, जो कलकत्ता के सुप्रीम कोर्ट के फारसी दुभाषिये और अनुवादक थे, ईसाई बना लिया।

मिशनरियों का दूसरा महत्वपूर्ण दल विलियम कैरी और उसके दो साथियों का था। कैरी 1793 में ऐसे समय कलकत्ता आया, जब मिशनरी के कार्य के प्रति कम्पनी की धार्मिक नीति निश्चित रूप से विरोधी हो चुकी थी। 1799 में जाॅन मार्शमैन और विलियम वार्ड, विलियम कैरी के पास आ गए और वे सब के सब श्रीरामपुर में बस गए, जो उस समय कलकत्ता से 20 मील उत्तर में एक डैनिश बस्ती थी।

आधुनिक बंगला के विकास के लिए कैरी की महान सेवा यह थी कि उन्होंने आधुनिक बंगला गद्य की नींव डालने में बहुत बड़ा कार्य किया। कैरी के पहले बंगला में कविता का एक समृद्ध खजाना था, पर अठारहवीं सदी में इसका रूप बहुत विकृत हो गया था। इसके अलावा इसके गद्य में कोई मूल्यवान कृति नहीं थी। कैरी ने बंगला का एक व्याकरण लिखा, जो इस प्रकार का प्रथम ग्रन्थ नहीं था, क्योंकि उससे पहले हालहेड ने यह काम किया था, पर उनकी यह कृति इस विषय पर पहली वास्तविक वैज्ञानिक कृति थी। तब कैरी ने लगभग 80000 बंगला शब्दों का एक कोश प्रस्तुत किया। इन दो कृतियों ने बंगला गद्य रचना का स्वरूप प्रस्तुत किया। कोश और व्याकरण के अतिरिक्त उनकी अपनी रचनाओं में कई पाठ्य पुस्तकें जैसे कथोपकथन और इतिहास माला थी।

कैरी के दो साथी मार्शमैन और वार्ड ने पूरे उत्साह के साथ उसका समर्थन किया। मार्शमैन शिक्षक था और उसने तथा उसकी पत्नी ने मिल कर लड़के और लड़कियों के लिए स्कूल स्थापित किए, जो आधुनिक शिक्षा के केन्द्र बन गए। श्रीमती हाना मार्शमैन ने लड़कियों का पहला स्कूल श्रीरामपुर के मिशनरियों के द्वारा स्थापित 'बैपटिस्ट फीमेल स्कूल ऑफ सोसाइटी' के द्वारा कलकत्ता, ढाका, चटगांव और दूसरे शहरों में भी अनेक विद्यालय स्थापित करवाये।

वार्ड एक मुद्रक था और उसने पहला छापाखाना स्थापित किया जहाँ बंगला की टाईप बनाई जाती थी। उसने कागज की एक मील और एक टाइप फाउन्ड्री के साथ श्रीरामपुर में एक बड़ा छापाखाना स्थापित किया। इस छापेखाने में श्रीरामपुर के मिशनरियों और फोर्ट विलियम कालेज के शिक्षकों की पुस्तकें ही नहीं, बल्कि कोलब्रुक जैसे विद्वानों और रायचरों जैसे वैज्ञानिकों की रचनाएँ भी प्रकाशित होती थी। इस छापखाने के कारण श्रीरामपुर से बंगला और अंग्रेजी में समाचार-पत्र पत्रिकाएं आदि प्रकाशित हो सकीं।

अंग्रेजी शिक्षा की विजय : 1823 में ऐडम ने, जो स्थायी रूप से गवर्नर जनरल के पद पर आसीन थे, सार्वजनिक शिक्षा के लिए 10 सदस्यों की एक सामान्य समिति नियुक्त की, जिसमें एच. टी. प्रिंसेप और एच. एच. विल्सन थे और उनके हाथों में सालाना एक लाख रुपया और तब तक की जमा रकम तथा वर्तमान संस्थाओं के लिए मंजूरशुदा रकमें सौंप दीं।

समिति में प्राच्य विद्या विशारदों का बोलबाला था, जिनका यह दृढ़ मत था कि "मुसलमानों और हिन्दुओं के जबरदस्त पूर्वाग्रहों और किसी अच्छे उद्देश्य के लिए बड़ी हद तक अधिकारणों के उपलब्ध साधनों की कमी को देखते हुए हम यह समझते हैं कि फिलहाल इन सरकारी संस्थाओं का काम होना चाहिए कि वे मुस्लिम और हिन्दू साहित्य और विज्ञान की शिक्षा दें।"

राममोहन राय ने लार्ड आमहर्स्ट को एक जोरदार पत्र लिखा जिसमें कलकत्ता में संस्कृत कालेज खोलने का विरोध किया गया था और संस्कृत विद्या की शिक्षा देने की निन्दा की गई थी। इसमें यह कहा गया था कि "नौजवानों को अपने जीवन के बहुमूल्य एक दर्जन वर्ष व्याकरण की बारीकियों या संस्कृत व्याकरण को जानने में खर्च कर देने से" कोई लाभ नहीं हो सकता और न वेदान्त की अटकलबाजियों लगाने से ही कोई लाभ होगा। इससे नौजवानों को समाज का बेहतर सदस्य बनने में कोई मदद नहीं मिलेगी और न मीमांसा और न्याय के पढ़ने से ही कोई लाभ होगा। राममोहन राय ने आगे लिखा था, "चूँकि सरकार का उद्देश्य यह है कि देशी लोगों की उन्नति हो, इसलिए उन्हें चाहिए की शिक्षा की उदार और उन्नत पद्धति को बढ़ावा दें, जिसमें दूसरे उपयोगी विज्ञानों के साथ गणित, प्राकृतिक दर्शन, रसायन शास्त्र, शरीर रचना शास्त्र आदि की शिक्षा दी जाए। यह कार्य यूरोप में शिक्षित कुछ प्रतिभाशाली विद्वान लोगों को नियुक्त करके तथा आवश्यक पुस्तकों, उपकरणों तथा अन्य साज सामान से सुसज्जित कालेज खोल कर किया जा सकता है।"

1834 में गवर्नर जनरल की परिषद के विधि सदस्य के रूप में मैकाले के आने से इस शक्तिशाली विरोध को बहुत बल मिला। मैकाले शिक्षा परिषद के अध्यक्ष बनाये गए और उनके प्रभाव तथा अधिकार के कारण अंग्रेजी शिक्षा का पलड़ा भारी पड़ गया। 1835 की 2 फरवरी को उन्होंने लार्ड विलियम बैंटिक के सामने अपना प्रसिद्ध मन्तव्य लेख पेश किया। इसके तर्कों के वजन तथा इसके असन्तुलित शब्दों की प्रभावशाली शैली के कारण बैंटिक ने मैकाले द्वारा सिफारिश की हुई नीति का विशेषकर इसलिए समर्थन किया कि मैकाले ने कुछ तथ्यों को एकत्र करके सामने रखा, जिनसे इस विचार-धारा का समर्थन प्राप्त होता था। बैंटिक ने यह मान लिया कि सरकार के पास उपलब्ध धनराशि को उपयोगी ज्ञान की शिक्षा में ही काम में लाई जाए और इस प्रकार से वह इस विचार से प्रभावित हो गए कि भारतीयों की नई पीढ़ी को शिक्षा देने का उद्देश्य पाश्चात्य ज्ञान का प्रसार था, जो ऐसे वर्ग के सृजन में मदद देगा, जो "रक्त और रंग से भारतीय पर रुचि, मत, रीति-नीति और दिमाग से अंग्रेज होंगे" या दूसरे शब्दों में, आधुनिक दिमाग के भारतीय होंगे।

सर चार्ल्स ट्रेवेलियन ने जो सार्वजनिक शिक्षा समिति के सदस्य तथा मैकाले के रिश्तेदार थे, अंग्रेजी के पक्ष में दो और तर्क दिए। उनका यह कहना था कि अंग्रेजी शिक्षा का असर यह होगा कि भारतीय भाषाएँ समृद्ध होंगी, उनमें एकता आएगी और भारत की सांस्कृतिक एकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "उसी स्रोत से रस प्राप्त करते हुए, उसी ढाँचे में ढाल कर, एक विज्ञान, एक रुचि और एक-सी शब्दावली से सम्बन्धित होकर राष्ट्रीय भावनाओं तथा साथ ही राष्ट्रीय चरित्र में दृढ़ता आ जाएगी। समाज के प्रत्येक वर्ग की वैज्ञानिक और साहित्यिक उपलब्धि फौरन ही सबके उपयोग के हेतु सामान्य भण्डार में मिल जाएगी और वहाँ से जाते समय हम एक एकताबद्ध और प्रगतिशील जाति छोड़ जायेंगे, जबकि हमने आते समय टुकड़ों में टूटी हुई, जात-पात से बँटी हुई जाति पाई थी। [illegible]

के सभी संप्रदाय साहित्य की उन्नति में बाधक थे, मानो उनका सृजन प्रगति को रोकने के लिए हुआ था न कि मानव बुद्धि को आगे बढ़ाने के लिए।"

उनको आशा थी कि "अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भारतीय लोग ब्रिटिश शासन के भक्त हो जाएंगे। उसी प्रकार शिक्षित होकर, उन्हीं लक्ष्यों से प्रेरित होकर, हमारे साथ उन्हीं उद्देश्यों में सलग्न होकर वे हिन्दू से कहीं ज्यादा अंग्रेज हो जाएंगे, जैसे कि रोमन साम्राज्य के अधीन गाल या इटालियन लोग रोमन ज्यादा हो गए थे।"

यद्यपि इस भविष्यवाणी का पहला अंश कुछ हद तक पूरा हुआ है पर इसका दूसरा भाग ट्रेवेलियन की आशाओं से कुछ भिन्न उतरा। फिर भी कुल मिलाकर मैकाले और ट्रेवेलियन की भविष्यवाणियाँ आश्चर्यजनक रूप से सही प्रमाणित हुई। पर यह कहना अत्युक्ति होगी कि भारतीय लोग रंग और चमड़े के अतिरिक्त सभी विषयों में अंग्रेजी की नकल बन गए हैं या ब्रिटिश शासन के प्रति शिक्षित भारतीयों के वफादारी अंग्रेजी शिक्षा के कारण बढ़ी हुई है। बल्कि परिणाम इसके विपरीत ही हुआ है।

भारतीय भाषाओं की अवहेलना : यह कहा गया कि भारतीय भाषाओं के जरिए ही माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षा संभव है और भारतीय साहित्य के विकास पर उसका अच्छा असर होगा। प्रमाण में बम्बई का उदाहरण दिया गया, जहाँ अधिकांश माध्यमिक विद्यालयों में भारतीय भाषाएँ शिक्षा के माध्यम के रूप में चल रही थीं।

यह मानते हुए कि भारतीय शिक्षकों की नियुक्ति की दृष्टि से भारतीय भाषाओं के जरिए, शिक्षा अधिक सस्ती और सुविधाजनक हो सकती है, आकलैंड ने इस कारण इस सुझाव को मानने से इंकार कर दिया कि "देशी नवयुवक हमारे विद्यालयों में देशी भाषा की रचना सीखने नहीं आएँगे।"

1837 में बम्बई में शिक्षा के माध्यम के प्रश्न पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, शिक्षा मण्डल के अध्यक्ष और आंग्लवादी सर एरस्कीन पेरी में तथा कर्नल जार्विस, जगन्नाथ शंकर सेठ और मण्डल के दूसरे भारतीय सदस्यों में द्वंद्व चला। जगन्नाथ शंकर सेठ ने 1847 की पहली मई को बोर्ड के सामने अपने मन्तव्य में कहा—"यदि हमारा उद्देश्य भारतीयों में ज्ञान का प्रचार तथा मानसिक उन्नयन है, तो मेरा यह मत है कि वह ज्ञान उन्हें उनकी अपनी भाषा में दिया जाए। भला और किस उपाय से हम यह आशा कर सकते हैं कि हम कभी स्त्रियों में शिक्षा का व्यापक प्रसार करेंगे? मैं फिर कहता हूँ कि मैं अंग्रेजी की शिक्षा को किसी भी प्रकार निरुत्साहित नहीं करना चाहता, पर मैं विश्वास करता हूँ कि वह आम जनता की पहुँच के बाहर है।" 1833 के बाद बम्बई और मद्रास की प्रेसिडेंसियों पर गवर्नर जनरल का नियंत्रण बढ़ गया। इसका उपयोग बम्बई की पद्धति को बंगाल की पटरी पर लाने में किया गया। इस प्रकार बोलचाल की भाषाओं का पक्ष कमजोर पड़ गया और अंग्रेजी, उच्चतर शिक्षा के माध्यम के रूप में स्वीकृत हुई। यह कहा गया है कि अंग्रेजी ने विभिन्न भाषाएं बोलने वाले भारतीयों को एक सामान्य भाषा दी, और इस प्रकार भारत के सारे भागों में, परस्पर विचार विनिमय का एक साधन प्राप्त हो गया।

सन्दर्भ :

1. एस0के0 दे, "हिस्ट्री ऑफ बंगाली लिटरेचर इन दी नाईन्टीन्थ सेंचुरी" कलकत्ता विश्वविद्यालय, 1919, पृ. 31
2. जे0 रिचटर, "ए हिस्ट्री ऑफ मिशन्स इन इंडिया," एस0 एच0 मूर द्वारा अनूदित, 1908, पृ. 129
3. निदेशक मण्डल को समिति का उत्तर 18 अगस्त, 1824, देखिए : एच हावेल, पृ. 15–16
4. निदेशक मण्डल को समिति का उत्तर 18 अगस्त, 1824, देखिए : एच हावेल, पृ. 17–18
5. "दि इंग्लिश वर्क्स ऑफ राजा राममोहन राय", जे0सी0 घोष द्वारा सम्पादित, जिल्द 2, कलकत्ता, 1903, पृ. 326
6. कोर्ट ऑफ डाइरेक्टर्स का पत्र बंगाल के परिषद् गवर्नर जनरल के नाम, 5 सितम्बर, 1827
7. सिलेक्शन्स फ्राम एजूकेशनल रेकॉर्ड्स, भाग–1, 1781 से 1839, कलकत्ता, पृ.50
8. सिलेक्शन्स फ्राम एजूकेशनल रेकॉर्ड्स, भाग–1, 1781 से 1939, कलकत्ता, पृ.50

♦ ♦ ♦

Approved by UGC
Journal No. 48923
IIJ Impact Factor : 2.695

ISSN : 2348-4624
Year : V, No. : XVII, Issue-I
January-March, 2018

Śodha Mīmāṁsā

An International Refereed Research Journal

Editor in chief
Dr. Rakesh Kumar Maurya

Associate Editor
Dr. Anish Kumar Verma & Dr. Devi Prabha

Published by :
Kusum Jankalyan Samiti
Deoria, U.P. (INDIA)

विद्यालयीय वातावरण का विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षिक निष्पत्ति तथा समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन
सम्बन्धित साहित्य के पुनर्निरीक्षण 64–66
पूनम कुमारी
नागार्जुन के उपन्यासों में प्रगतिशील चिन्तन : आर्थिक तथा राजनीतिक संदर्भ में 67–69
डी.के. सिंह
उच्च शैक्षिक संस्थाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति की समस्या एवं समाधान 70–71
अनुपमा कुमारी
तनाव प्रबन्धन में श्रीमद्भगवद्गीता की उपादेयता 72–75
बद्री नारायण मिश्र
भारत के कृषि क्षेत्र में विद्यमान समस्याओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन 76–78
मुकेश कुमार शर्मा
पश्चिमी ज्ञान विज्ञान से सम्पर्क एवं प्रभाव 79–81
नरेन्द्र कुमार व डॉ. सीमा पटेल
वर्तमान समय में छात्रों की शैक्षिक सफलता में शिक्षक नेतृत्व की प्रासंगिकता : एक अध्ययन 82–85
राहुल
भारत में संसदीय शासन प्रणाली (ऐतिहासिक पृष्ठभूमि) 86–88
डॉ. अलका शुक्ला
नाट्य मंचन में अभिनय की भूमिका 89–90
डॉ. सन्तोष कुमार
नैतिक अवमूल्यन और बौद्ध दर्शन 91–93
डॉ. सुनील कुमार ओझा
स्त्री मनोविज्ञान : कृष्णा सोबती एक नज़र 94–96
सुप्रिया सिंह
मानव संसाधन विकास केन्द्रों द्वारा संचालित कार्यक्रमों के प्रति शिक्षकों की अभिवृत्ति का अध्ययन 97–98
ललित सिंह
लोक जीवन की मानवीय व्याख्या 99–101
पुष्पा जायसवाल व डॉ. नंद किशोर तिवारी
परम्परा एवं आधुनिकता : एक अध्ययन 102–104
स्नेहा सिंह
शिशुपालवधमहाकाव्य में वर्णित वनस्पतियों का परिचय एवं उपयोग 105–108
डॉ. विश्वजीत दत्त द्विवेदी
नागार्जुन की प्रगतिशील लम्बी कविता राम और लक्ष्मण का शिल्प विधान 109–110
डॉ. किरण कुमारी मिश्रा
अनुसूचित जाति की महिलाओं में शराबबंदी का प्रभाव : एक अध्ययन 111–114
बबीता कुमारी
सर्व शिक्षा योजना : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 115–117
छोटे पासवान
संस्कृत साहित्य में कादम्बरी का गद्य परिचय 118–119
डॉ. जय गोपाल यादव
धर्मशास्त्रसाहित्यविकासस्य विवेचनम् 120–122
डॉ. विवेका नन्द पासवान
जवाहर लाल नेहरू और गांधी जी के सम्बन्धों का विश्लेषणात्मक अध्ययन 123–125
जितेन्द्र प्रसाद
शांकर वेदान्त की ज्ञान–मीमांसा 126–128
दीपनारायण पाण्डेय व डॉ. किशोर कुमार
सामाजिक विकास एवं जागरूकता कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीण महिलाओं की जागरूकता : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 129–13[illegible]
रेवती मौर्य

Sodha Mimansa : ISSN 2348-4624
Letter No. ANL/ISSN/INF 2014/461
Published by : Komal Lokalyan Samiti, Deoria, U.P. (INDIA)
UGC Journal No. 48923

IIJ Impact Factor : 2.695
Year : V, No. XVII Issue-I
January-March, 2018
Page No. : 79-81

पश्चिमी ज्ञान विज्ञान से सम्पर्क एवं प्रभाव

नरेन्द्र कुमार* व डॉ० सीमा पटेल**
*शोधार्थी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार
**शोध निदेशक, एसो० प्रो०, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ, बिहार

उपयोगितावादी विचारों से प्रभावित एवं तर्कबुद्धि (हेतु) मानवता और मानव अधिकारों में गहन आस्था रखने वाले, ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अधिकारियों के साथ यूरोपीय पुनर्जागरण तथा औद्योगिक क्रांति से उत्पन्न नवीन चेतना का भारत में प्रवेश हुआ। इंग्लैंड जैसे विकासोन्मुख देश तथा अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से प्रविष्ट पाश्चात्य सभ्यता ने हमारी शिक्षा, सामाजिक विचारों, स्थापत्य कला, आर्थिक जीवन, प्रतिरक्षा, संचार, परिवहन, उद्योग, प्रविधि, स्वास्थ्य सेवाएं, खान-पान सम्बन्धी वृत्तियों और सामान्य रहन-सहन सभी को प्रभावित किया। भारतीय जनजीवन के विभिन्न पक्षों में उल्लेखनीय, आकस्मिक एवं व्यापक परिवर्तन हुए जिनके फलस्वरूप यह युग (19वीं शताब्दी), अन्य समस्त युगों की तुलना में, अत्यन्त भिन्न तथा विशिष्ट बन गया। आचार-विचार तथा व्यक्तित्व में आधुनिक भारत का निवासी अपने पूर्वजों से भिन्न दिखने लगा।

पश्चिमी सभ्यता के तीन तत्वों का इसमें विशेष योगदान रहा है-ईसाई आचारशास्त्र, विधि का शासन और प्रकृति पर विज्ञान की विजय।

पश्चिमीकरण का रूप जनता के विभिन्न भागों में एकरूप नहीं था। कुछ ने वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन, तौर-तरीकों को अपनाया तो कुछ ने ज्ञान-विज्ञान, साहित्य आदि को, किन्तु इस अन्तर को रूढ़ नहीं माना जा सकता। पश्चिमीकरण ने प्राविधिकी, संस्थाओं, ज्ञान-विज्ञान, विचारों, विश्वासों तथा मूल्यों को भी प्रभावित किया। समाचार-पत्रों, ईसाई मिशनों, चुनावों को भी पश्चिमी सभ्यता के प्रभावों के अन्तर्गत गिना जाता है। इन नई संस्थाओं के प्रवेश के साथ ही प्राचीन (पारम्परिक) संस्थाओं में भी आधारभूत परिवर्तन हुए। मूल्यों में भी परिवर्तन आये- उदाहरण के लिए मानवतावाद को अपनाया जाने लगा जिसमें समता तथा धर्मनिरपेक्षता दोनों का समावेश है यद्यपि भारतीय संस्कृति इनसे विहीन नहीं थी।[1]

साहित्य के क्षेत्र में उपन्यास, आधुनिक काव्य छन्दों आदि को विभिन्न भारतीय भाषाओं में पश्चिम के संघात के फलस्वरूप अपनाया गया। कला, स्थापत्य, नृत्य एवं संगीत भी पश्चिम से व्यापक रूप से प्रभावित हुए। पश्चिमी सभ्यता के प्रभावस्वरूप आर्थिक क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना एवं संवृद्धि हुई, नये नगरीय केन्द्रों का विकास हुआ तथा पश्चिमी प्राविधिकी भी अपनाई गई। विज्ञान, वैज्ञानिक शोध, चिकित्सा, गणित आदि भी पश्चिम से प्रभावित हुए। भारतीय सभ्यता-संस्कृति में नवीन तत्वों के प्रवेश में अंग्रेजी शिक्षा की प्रमुख भूमिका थी जिसने भारतीयों को पश्चिमी दर्शन, विज्ञान, साहित्य, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र आदि के अध्ययन का अवसर प्रदान कर, उन्हें पश्चिमी सभ्यता-संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। विभिन्न विषयों तथा क्षेत्रों से सम्बन्धित नवीन विचार भारतीयों को उद्वेलित करने लगे। विचार एवं कर्म की नवीन प्रवृत्तियों ने परम्परागत भारतीय संस्कृति में हलचल उत्पन्न कर दी।

पश्चिमी शिक्षा ने नव-शिक्षाप्राप्त जनों के दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन को जन्म दिया। आंग्ल साहित्य, इतिहास और राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन के फलस्वरूप मानवतावादी दृष्टिकोण विकसित हुआ और वे जाति, धर्म आदि का भेदभाव किये बिना, मानवमात्र के हित से सक्रिय रूप से जुड़ गये जिससे समतापरक एवं धर्म-निरपेक्ष (लौकिक) प्रवृत्तियाँ पनपी। इसके साथ ही, नई शिक्षा ने हेतुवादी और आलोचनात्मक दृष्टिकोण के विकास को भी प्रोत्साहित किया, जबकि पारम्परिक शिक्षा-प्रणाली में अतीत को ही प्रायः आँख मूँद कर स्वीकार कर लिया जाता था। भारत पर पाश्चात्य संस्कृति के संघात का सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि, प्रचलित परम्पराओं, विश्वासों और रीति-रिवाजों में अन्धविश्वास के स्थान पर हेतुवाद की एक ऐसी भावना का जन्म हुआ जो किसी भी चीज को आँख मूँद कर स्वीकार करने के बजाय जिज्ञासा (जाँच पड़ताल) और तर्क पर जोर देती थी।

पश्चिम के साथ सम्पर्क के फलस्वरूप भारतीय सभ्यता के नये युग के सूत्रपात के सन्दर्भ में डी.एस. शर्मा ने लिखा है कि हमारे स्कूल-कॉलेजों में-युवा विद्यार्थियों की चमत्कृत दृष्टि के समक्ष विचारों का एक नया जगत प्रकट हुआ। असंगतिपूर्ण पौराणिक भूगोल, दन्त-कथात्मक इतिहास और मिथ्या-विज्ञान के स्थान पर पृथ्वी के आकार, राष्ट्रों के उत्थान एवं पतन तथा प्रकृति के अपरिवर्तनीय नियमों (विधानों) से सम्बन्धित संयत एवं सही विचार आये।[2]

ब्रिटिश शासन के अधीन जन्म लेने वाली नई राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक स्थितियों ने जाति-प्रथा पर भी प्रहार किया। ग्राम-समुदाय की आत्मतुष्टि का अन्त हुआ, भूमि में निजी स्वामित्व की प्रणाली की शुरुआत हुई, विदेशी नियन्त्रण के अधीन छिट-पुट रूप से उद्योगों का जन्म एवं विकास हुआ, नये व्यवसायों तथा नगरों और यातायात-परिवहन के नये साधनों (रेलों आदि) का विकास हुआ जिसके फलस्वरूप न तो व्यवसाय जातियों से बँधे रह गये, न विभिन्न जातियों का परस्पर दुराव ही पूर्ववत् बने रहना सम्भव रहा। ब्रिटिश शासन के अधीन व्यक्ति की परिस्थिति अब परम्परा पर आधारित न रहकर, शिक्षा, व्यवसाय, आर्थिक स्थिति आदि पर आधारित हो गयी।

पश्चिम के अनेक वैज्ञानिक आविष्कारों का भारत में प्रवेश हुआ-मुद्रणालय, वाष्पचालित यान, रेलवे इन्जन, तार, टेलीफोन, वायुयान आदि जिन्होंने यातायात परिवहन एवं संचार-सम्पर्क के क्षेत्र में भारतीयों को परस्पर तथा शेष विश्व के निकट लाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

मानवतावादी दृष्टिकोण ने समाज एवं धर्म सुधार आन्दोलन को और फिर स्वतन्त्र समाज की प्रेरणा प्रदान की। बाल विवाह, बलात् वैधव्य (विधवा विवाह निषेध), पर्दाप्रथा, स्त्री–शिक्षा का विरोध, अस्पृश्यता, अन्तर्जातीय खान–पान आदि कुप्रथाओं के विरुद्ध जेहाद छेड़ा गया। समाज के पुनरुद्धार को भारतीयों के उत्थान एवं उत्कर्ष के लिए अनिवार्य माना जाने लगा।

समाज एवं धर्मसुधार आन्दोलनों (ब्रह्मसमाज, प्रार्थनासमाज, आर्यसमाज, रामकृष्ण मिशन, थियोसॉफिकल सोसाइटी आदि) ने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और परिवर्तन लाने में काफी सीमा तक सफलता प्राप्त की। नवजागरण (या पुनर्जागरण–रेनांसा) ने भारतीयों को इहलौकिक जीवन की ओर ध्यान देने और जनसामान्य के भौतिक–नैतिक उत्थान के निमित्त कार्य करने की ओर भाग्यवाद एवं निरुत्साह से मुक्ति पाने की प्रेरणा प्रदान की।

समाज सुधार आंदोलनों के फलस्वरूप दलितों में भी नवीन चेतना जागृत हुई। ईसाई मिशनरियों, रामकृष्ण मिशन, थियोसॉफिकल सोसाइटी, दलित वर्ग मिशन (बम्बई) तथा गांधीजी के हरिजन उद्धार (या अछूतोद्धार) आन्दोलन और सरकार के द्वारा उठाये गये कुछ कदमों ने दलितों के उत्थान में सहायता पहुँचाई।

स्त्रियों के उद्धार एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी पश्चिमी संघात की उल्लेखनीय भूमिका थी। डॉ. मेली के अनुसार स्त्रियों को मताधिकार की प्राप्ति, अपेक्षाकृत सुसंस्कृत वर्गों में पर्दाप्रथा के त्याग आदि से प्रकट होने वाला (अपेक्षाकृत) सामाजिक स्वातन्त्र्य, सार्वजनिक जीवन तथा विभिन्न व्यवसायों में उनका प्रवेश, स्त्रियों से सम्बन्धित आन्दोलनों का विकास, 1937 में ब्रिटिश भारतीय सरकार द्वारा पारित स्त्रियों के सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकारों का अधिनियम, 1933 में मैसूर व्यवस्थापिका द्वारा पारित हिन्दू विधि, स्त्री अधिकार सम्बन्धी विनियम, जिनसे स्त्रियों की वैधानिक परिस्थिति में सुधार हुआ, आदि महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हैं, जिनका जन्म स्त्रियों की स्थिति से सम्बन्धित विचारों को नई दिशा दिये जाने से हुआ।

पुरातनपंथी भी अंग्रेजी शिक्षा के समर्थक, किन्तु अंग्रेजी विचारों के विरुद्ध थे। बंगाल में इनमें प्रमुख थे– राधाकान्त देव (1784–1867), गौर मोहन विद्यालंकार और भवानी चरण मुखर्जी आदि। तीसरा दृष्टिकोण दोनों के बीच समन्वय (सामन्जस्य) के पक्ष में था, वह न तो पश्चिम को पूर्णतया स्वीकार करने का समर्थक था न पूर्णतया अस्वीकार करने का। वह देश की प्रगति के लिए परिवर्तन के पक्ष में था। राजा राममोहन राय, प्रार्थना समाज और विवेकानन्द इसी दृष्टिकोण के पक्षधर थे। वे पूर्वी दर्शन और आंग्ल विचारों के सामंजस्य को अनिवार्य मानते थे।

राधाकृष्णन के अनुसार, पश्चिमी शिक्षा तथा आदर्शों के प्रसार ने हिन्दू धर्म के अन्तर्गत ऐसे आन्दोलनों को उत्प्रेरित किया जो, इसके सार्वभौमिक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तों को परिरक्षित करने के साथ ही, उन अन्धविश्वासों को उन्मूलित करने के निमित्त थे जो न केवल हिन्दुत्व की चेतना (भावना–स्पिरिट) के ही बल्कि पश्चिमी संस्कृति द्वारा प्रसारित आदर्शों के भी विरुद्ध थे।[6]

हमारे पुनर्जागरण पर पश्चिम की उल्लेखनीय प्रभाव का निरूपण करते हुए डा. विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ने लिखा है कि, यह सत्य है कि पश्चिमी शिक्षा तथा ज्ञान के प्रचार–प्रसार से देश में बौद्धिक अनुसन्धान की नयी भावना उत्पन्न हुई जिसका प्रयोग धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक समस्याओं के समाधान के लिए किया गया।[7] ए. आर. देसाई ने लिखा है कि, आधुनिक शिक्षा और तज्जन्य पाश्चात्य संस्कृति के सम्पर्क की भारतीय पुनर्जागरण में अत्यन्त प्रगतिशील भूमिका थी और इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रगतिशील आन्दोलनों के लगभग सभी नेता अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त बुद्धिवादी वर्ग के थे। निरन्तर वर्द्धमान और गहरे होते हुए राष्ट्रीय आन्दोलन के नेताओं में से अधिकांश आधुनिक पद्धति से शिक्षित हुए थे।[8]

19वीं शताब्दी के अंत तक, विशेषतया शिक्षित भारतीयों में, पाश्चात्य सभ्यता का अत्यन्त अप्रतिरोधनीय आकर्षण रहा है। 19वीं शताब्दी की प्रारम्भिक दशाब्दियों में पाश्चात्य विज्ञान तथा उदारवाद की अतिशय प्रधानता थी। विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग से संचार और यातायात की नयी पद्धतियों द्वारा, आर्थिक संगठन की नई विधियों और नई राजनीतिक संस्थाओं द्वारा भारत का रूप–परिवर्तन हो रहा था। 'विज्ञान एक महान मुक्तिदाता के रूप में प्रकट हुआ था और अनन्त सम्भावनाओं से परिपूर्ण मानववादी प्रयास का अग्रदूत प्रतीत होता था।'

किन्तु वास्तव में, आधुनिक भारतीय नवजागरण अथवा पुनर्जागरण का काल, जिसका आरंभ राजा राममोहन राय के साथ हुआ और जो पिछली शताब्दी के अन्तिम दशक में विवेकानन्द के साथ चरमोत्कर्ष को प्राप्त हुआ, ब्रिटेन की भौतिक, नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक श्रेष्ठता के विरुद्ध हिन्दू भारत का विद्रोह था।... इस रेनासां ने, पश्चिम की श्रेष्ठता के मिथक के विरुद्ध भारत के प्राचीन गौरव को स्थापित कर, आंग्लीकरण (पश्चिमीकरण) की ओर तीव्र प्रवाह को रोकने का प्रयास किया।

सुरेन्द्रनाथ बनर्जी के पितामह अत्यन्त पुरातनपन्थी और नैतिक कर्मों के पालन के प्रति अतिनिष्ठ कुलीन ब्राह्मण थे किन्तु उन्होंने अपने ज्येष्ठ पुत्र (सुरेन्द्रनाथ के पिता) को हिन्दू कालेज में शिक्षा दिलायी। अंग्रेजी शिक्षा ने सुरेन्द्रनाथ के पिता के मस्तिष्क से, पारिवारिक परम्परा तथा वातावरण द्वारा पोषित, पुरातनपन्थी विचारों को मिटा दिया। वे उस पीढ़ी के सदस्य थे जिसके कुछ सदस्य डेरोजियो के चरणों में बैठे थे और, किसी नये पंथ में नये–नये दीक्षित होने वालों के समान, अपने पूर्वजों से उनका विद्वेष पूर्ण एवं उग्र व्यवहार भी था।[9]

इस सन्दर्भ में डा. राधाकृष्णन ने लिखा है कि "ब्रिटिश सत्ता के उत्थान के साथ प्राचीन व्यवस्था निर्बल पड़ती गयी और अपनी संस्कृति के प्रति भारतीयों का विश्वास क्षीण होता गया। अनेकों व्यक्ति पश्चिमी सभ्यता से चकाचौंध हो गये जो इहलौकिक सत्ता की प्राप्ति के अधिक अनुकूल प्रतीत होती थी। कुछ व्यक्ति इससे इतने मोहग्रस्त हो गये कि नवदीक्षितों जैसे उत्साह के साथ उन्होंने पश्चिमी संस्कृति को अपना लिया तथा अपना पूर्ण पश्चिमीकरण करने को सचेष्ट हो चले, कुछ ने ईसाई धर्म को भी अपना लिया। भारत की सामाजिक–धार्मिक संस्थाओं की निरर्थकता और अनुपयोगिता घोषित कर वे नयी नींव पर राष्ट्रीय जीवन के ढाँचे के पुनर्निर्माण की आकांक्षा करने लगे परन्तु इसके पक्ष में विशाल बहुमत नहीं था। अंग्रेजी शिक्षाप्राप्त वर्गों ने नियमतः न तो जीवन के परम्परागत मार्ग का, न मस्तिष्क की वृत्तियों का ही त्याग किया बल्कि पश्चिमी विद्या का उपयोग वे अपनी संस्कृति

के कुठार और सम्मान तथा उसे पश्चिम के सम्पर्क से उत्पन्न नवीन धारणों के अनुकूल बनाने के लिए करने लगी। अतएव, प्रारम्भ में आवेग इत्युक्त विचारों के संघात ने हमारे समाज एवं धर्म में कतिपय बुराईयों को जन्म दिया, परन्तु ये ज्वार की एक ऊँची लहर के समान अस्थायी थे और शीघ्र ही क्षीण पड़ गये और अपने पीछे उर्वर मिट्टी के ढेर छोड़ गये (ब्रिटिश पैरामाउण्टसी एण्ड इण्डियन रेनासां में र. च. मजुमदार द्वारा उद्धृत)। फलतः देश में दीर्घगामी चरणों में महान् बौद्धिक एवं धार्मिक क्षोभ का जन्म हुआ। अपने जीवन के अन्तकाल तक पहुँचते-पहुँचते कवीन्द्र रवीन्द्र भी पश्चिमी राष्ट्रों की सत्यनिष्ठा में अपने पूर्ववर्ती विश्वास को प्रायः पूर्णरूपेण गँवा चुके थे। पश्चिम के 'कल्पना प्रधान परिदृश्य' से उबर कर अपने निबन्ध "सभ्यता का संकट" में टैगोर ने पश्चिम के प्रति अपने मोहभंग को व्यक्त किया।

ईसाइयत का भी, कुल मिलाकर, भारत पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। के. एम. पणिक्कर के अनुसार, ईसाई मिशनों को सहन किया जाता था, उन्हें समर्थन प्राप्त नहीं था जिस कारण भारतीय जीवन पर विशेष प्रभाव डालने में वे विफल रहे।' दलित वर्गों को छोड़ अन्य हिन्दुओं ने ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार का तीव्र विरोध किया। भारतीयों को ईसाइयत के गुणों (विशेषताओं) के प्रति आश्वस्त करके ईसाई धर्म का हितवर्द्धन करने के बजाय, मिशनरियों ने उनके निर्धनता का लाभ उठा कर, उनका धर्म-परिवर्तन का प्रयास कर, और इस प्रकार ईसाई धर्म ग्रहण करने वालों की संख्या को अपनी सफलता का मापदण्ड मानकर इसकी प्रगति की गति को अवरुद्ध ही किया। भारतीय जीवन एवं विचारों पर कुछ मिशनरियों के विवेक शून्य आक्रमणों ने वेदान्तवाद की ओर वापसी को उत्प्रेरित किया। ये प्रहार इतने नृशंस (अमर्यादित) थे कि उन्नीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में उस समय के तत्कालीन ग.ज. लार्ड मिण्टो ने इस आधार पर ईसाई प्रचार पुस्तिकाओं को जब्त करने का आदेश प्रसारित किया कि ये पुस्तिकाएँ किसी भी प्रकार के तर्क के बिना, नर्क जैसी अग्नि से, बल्कि उससे भी प्रचण्डतर अग्नि से, मनुष्यों की एक पूरी जाति के विरुद्ध केवल इसलिए भरी थीं कि वे उस धर्म में विश्वास रखते थे, जो उन्हें उनके माता-पिता ने सिखाया था तथा जिसके प्रति उनके मानस में संदेह उत्पन्न होना असंभव था। इस परिस्थितियों में अद्वैत दर्शन के प्रति आग्रह में वृद्धि हुई जिसके फलस्वरूप मूर्तिपूजा, जाति और अंधविश्वासपूर्ण रीति-रिवाजों के प्रति जोर पकड़ने लगा।

अस्तु पश्चिमी शिक्षा एवं ईसाइयत की प्रगतिशील भूमिका को स्वीकार करते हुए भी, यह समझ लेना गलत होगा कि भारतीय रेनांसा तथा राष्ट्रवाद इस शिक्षा की व पश्चिमी संघात की ही संतति थे। डा. कालिकिंकर दत्ता के अनुसार, भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन साम्राज्यवाद और उसकी शोषण प्रणाली के फलस्वरूप उत्पन्न हुआ। जिस समस्या पर लो भी कहती, भारतीय बुर्जुआजी असहयोगकारी थी। अगर भारतीय बुर्जुआजी को संरक्षण में लिखे गये वेदों और भी शिक्षा मिलती पहली तो उन्हें यही अपने स्वार्थ के सिद्धान्त और मार्ग मिल जाते। ए. आर. देसाई के अनुसार, भारतीय राष्ट्रवाद का जन्म वस्तुतः नयी सामाजिक-भौतिक स्थितियों के फलस्वरूप हुआ, उन नयी सामाजिक शक्तियों के कारण हुआ जो अंग्रेजों की भारत विजय के बाद उत्पन्न हुईं। यह विभिन्न स्वार्थों के वस्तुनिष्ठ स्वार्थ का परिणाम था। भारतीयों की माँग जो-सरकारी नौकरियों का भारतीयकरण, भारतीय उद्योगों के लिए सुरक्षा, वित्तीय स्वायत्तता आदि जो उपनिवेशवाद के हितों के प्रतिकूल नहीं थीं। डा. विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ने भी पश्चिमी विचारों व विचारकों के आधुनिक भारतीय राष्ट्रवादी तथा स्वातन्त्र्य आन्दोलन पर प्रभाव का इस रूप में निर्वचन करना सर्वथा अतिशयोक्तिपूर्ण बताया है कि वह पूर्णतः पश्चिमी आदर्शों तथा पद्धतियों के साँचे में ढला था। डा. शंकर घोष लिखते हैं कि कहा जाता है कि पश्चिमी संघात ने भारत को आधुनिक राजनीतिक आदर्श प्रदान की है, यह दावा कुछ अतिशयोक्तिपूर्ण है। वास्तव में, अंशतः बाह्य शक्तियों किन्तु, बड़े अंशों में, हमारी अपनी दीर्घकालिक आध्यात्मिक परम्परा की अन्तर्निहित ओजस्विता (प्राणशक्ति) के फलस्वरूप अनेकानेक सुधारक, शिक्षक, संत तथा विद्वज्जनों का उदय हुआ जिन्होंने हिन्दू धर्म की परवर्ती अपशुद्धियों का तिरस्कार करते हुए, उसके वास्तविक एवं अनिवार्य तत्त्वों को पृथक् करते हुए, हिन्दू धर्म का परिशोधन किया, अपने निजी अनुभवों से उसके प्राचीन सत्यों की पुष्टि की, तथा इसके संदेश को यूरोप व अमेरिका तक पहुँचाया।

सन्दर्भ :

1. श्रीनिवास : आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृ. 48
2. शर्मा डी.एस. : हिन्दूइज्म- थ्रू द एजेज, भारतीय विद्या भवन, 1989, पृ. 69
3. मजुमदार आर.सी. : ब्रिटिश पैरामाउण्टसी, राजस्थानी प्रकाशन, 1965, पृ. 83-84
4. भागवती विद्युत एण्ड पाण्डेय राजेन्द्र : आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन, सेज पब्लिकेशन इन इण्डिया, आगरा, पृ. 4
6. देसाई ए.आर. : भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि, सेज पब्लिकेशन, 2010, पृ. 138
6. भगवती एस. एन. : ए नेशन इन मेकिंग, रूपा पब्लिकेशन, 2016, पृ. 1-2
7. पणिक्कर के.एम. : एशिया एण्ड वेस्टर्न डोमिनेन्स, सोमैया पब्लिकेशन्स, 1999, पृ. 422

♦♦♦

Reg. No. 653/2010-11 ISSN 2249-6114

शोध कल्पतरु

An International Multidisciplinary Research Journal

अंक 9 अप्रैल 2013 - जून 2013

A Refereed Journal, Published Trimonthly

प्रधान सम्पादक

डॉ0 मनोज कुमार सिंह

हिन्दी विभाग,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,

वाराणसी

प्रबंध सम्पादक

अमिताभ तेलंग

सम्पादक :

डॉ0 विगा सिंह

डॉ0 शब्द किशोर पाण्डेय

सह सम्पादक :

गरिमा सिंह

JOURNAL OF THE AKHIL BHARATIYA BHASHA EVAM SAHITYA ANUSHILAN SAMITI

10. मीरा : स्त्री अस्मिता की ध्वजवाहिका

–हनी दर्शन 88–95

11. पातंजलयोग तथा बौद्धयोग में साम्य

–उमा आर्या 96–108

12. आधुनिक हिन्दी नाटक में प्रेम और यथार्थ का अन्तर्द्वन्द्व : 'आषाढ़ का एक दिन'

–प्रियंका कुमारी मिश्रा 109–114

13. रेणु के उपन्यासों में नारी का स्वर

–प्रदीप कुमार मौर्य 115–121

14. समसामयिक सामाजिक विकृतियों का समाधान: स्मृति व वेदों अनुसार

–डॉ. तृप्ति शर्मा 122–127

15. दर्शन की व्यावहारिक उपयोगिता : पर्यावरण–प्रदूषण के विशेष संदर्भ में

–डॉ. श्रद्धा राय 128–132

16. रेणु की राजनीतिक दृष्टि और मैला आँचल

–प्रियंका 133–137

17. व्याकरणदर्शन में जाति की अवधारणा

–डॉ. सोमवीर 138–153

18. मैत्रेयी पुष्पा के कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन

–कंवलजीत कौर 154–159

19. आधुनिक भारत में महिला सशक्तिकरण

–विवेकानंद तिवारी 160–167

20. स्त्री अस्मिता और कृष्णा सोबती का उपन्यास–साहित्य

–विजयलक्ष्मी 168–177

21. स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि में कर्म एवं कर्तव्य

–डॉ0 उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी 178–185

22. साहित्य और युगबोध

–डॉ0 संतोष कुमार 186–191

23. सृष्टि, स्थिति एवं प्रलय विषयक चिन्तन : स्वामी दयानन्द सरस्वती के परिप्रेक्ष्य में

–हरेसी लाल मीना 192–202

24. जन चेतना का कवि त्रिलोचन

–नीलम देवी 203–207

25. 1930–40 के दशक के प्रमुख किसान आन्दोलन

–सुशील कुमार सिंह 208–213

26. योगसूत्रों की समीक्षा

–डॉ0 मनुदेव 214–223

59 [illegible] पृ. 3/26
60 [illegible] पृ. 541
61 [illegible]
62 [illegible] पृ. 148
63 [illegible] पृ. 222–24
64 वही, पृ. 1/2
65 [illegible] पृ. 371
66 [illegible] 20.32–26 श्लोक
67 [illegible] पृ. 91
68 [illegible] पृ. 29–31

सहायक ग्रन्थ-सूची :

1. [illegible] प्रकाशन, वाराणसी, 2006
2. [illegible] दिल्ली, 7
3. [illegible] 485 [illegible] दिल्ली, 6
4. बौद्धशास्त्र और दर्शन, [illegible] प्रकाशन, नई दिल्ली
5. बौद्धदर्शन, राहुल सांकृत्यायन, [illegible] इलाहाबाद
6. [illegible] (भाग 1–6) [illegible] वाराणसी, 1987
7. बौद्ध धर्म का सार (अनु.) [illegible] अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
8. भारतीय दर्शन, डॉ. आर. पी. शर्मा, [illegible]
9. बौद्धदर्शन मीमांसा, पं. बलदेव उपाध्याय, चौखम्भा विद्या भवन चौक, बनारस
10. बौद्ध [illegible] दिल्ली
11. भारतीय दर्शन, आचार्य बलदेव उपाध्याय, शारदा मन्दिर 27 बी रवीन्द्रपुरी, वाराणसी
12. धर्मशास्त्र का इतिहास, पी. वी. काणे भाग 1, 2 [illegible] पूना, 1930
13. [illegible] 1963
14. शब्दकल्पद्रुम (भाग 1–5) [illegible] वाराणसी, 1961
15. [illegible] प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 2001
16. [illegible]
17. [illegible] दिल्ली, 2003

❖❖❖

आधुनिक हिन्दी नाटक में प्रेम और यथार्थ का अर्न्तद्वन्द्व : ''आषाढ़ का एक दिन''

*प्रियंका कुमारी मिश्रा

''संवेदनाओं को अभिव्यक्त कर चेहरों से सच बोलकर बदलता व्यक्तित्व दिखलाकर बतलाने वाला साहित्य ही नाट्यशास्त्र कहलाता है।''

नाट्यशास्त्रीय भरतमुनि ने लोकवृत के अनुकरण को ही नाटक कहा है– 'लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्।' जैसा कि हिन्दी नाटक की परम्परा तो संस्कृत साहित्य की परम्परा से जुड़ी रही है, अभिव्यक्ति के माध्यम श्रव्य और दृश्य से साधारणीकरण का मार्ग सरल, सुगम रहा है। इसी नाट्य परम्परा में प्रयोगशील नाटककार के रूप में मोहन राकेश का व्यक्तित्व अवतरित हुआ। कहा जाता है :–

'समकालीन रंगरचना की पहचान का पहला प्रमाणिक तेवर है, मोहन राकेश।' अधिक नाटकों की रचना न करने पर भी ये नाटक क्षेत्र के मसीहा कहलाए, यह ना केवल प्रयोगशील नाटककार थे बल्कि वैयक्तिक और सामाजिक समस्याओं पर भी उनकी दृष्टि बराबर केन्द्रित रही है। उन्होंने कुल तीन नाटक लिखे :– 'आषाढ़ का एक दिन', 'लहरों का राजहंस', 'आधे–अधूरे', उनके संघर्षमय जीवन का प्रतिफलन उनकी रचनाओं में देखने को मिलता है। लेकिन उनकी जिन्दगी जितनी उलझी हुई थी, उनकी रचनाएँ उतनी ही सुलझी हुई है। जिस तरह वह अपने जीवन में उन्मुक्त एवं स्वतंत्र रहे उसी प्रकार उनके पात्र भी सभी बंधनों से मुक्त है।

'आषाढ़ का एक दिन' आधुनिक हिन्दी नाटक में ऐतिहासिक परिपेक्ष्य पर रचा गया ऐसा यथार्थ है, जो आज के जीवन की विषमता,

*शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005

UGC Sl. No. 46577 Reg. No. 1880/2011-12

ISSN : 2272-1832

शब्दार्थ

त्रैमासिक पत्रिका

(साहित्य, कला, संस्कृति और शोध की त्रैमासिक पत्रिका)

अंक - 10, जनवरी - मार्च 2016

सम्पादक

वशिष्ठ अनूप

प्रोफेसर, हिंदी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221006

सम्पादकीय सम्पर्क

204/11, राजेश्वर अपार्टमेंट,

रोहित नगर (नरिया) वाराणसी

शब्दार्थ अकादमी, वाराणसी

Self-attested
Sonal

- रामायण के कथा तत्व द्वारा ग्रामीण युवाओं के चरित्र निर्माण में संगीत का महत्व — 178–181
  डॉ० राजन कुमार
- भारतीय मुस्लिम महिलाओं की वर्तमान सामाजिक स्थिति : समाजशास्त्रीय अध्ययन — 182–187
  प्रशांत कुमार
- नैतिक निर्णय के विश्लेषण की वर्तमान में प्रासंगिकता — 188–192
  डॉ० कुमारी ससमा
- चित्रा मुद्गल के उपन्यासों में नारी संघर्ष — 193–196
  कृष्ण कुमार
- रामतत्व का विकास और कवि तुलसीदास — 197–199
  राम जीत शर्मा
- दलित साहित्य की संकल्पना – वैचारिकी एवं दार्शनिक आधार — 200–207
  सुरेश कुमार यादव
- मार्कण्डेय की कहानियों में ग्रामीण चेतना — 208–213
  विवेक यादव
- मृत्यु : एक भौतिक अवसाद या आध्यात्मिक असंतोष — 214–219
  डॉ० सोनल

Self-attested
Sonal

मृत्यु : एक भौतिक अवसाद या आध्यात्मिक असंतोष

डॉ० सोनल*

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह ज्ञातव्य है कि हमारा मानसिक विकास एकांगी हो गया है। हम भौतिकतावादी जीवन में अपने नैराश्य और जीजिविषाकारी प्रवृत्तियों का पूर्ण मूल्यांकन नहीं कर पा रहे हैं। हमें ज्ञात ही नहीं होता है कि हम अपनी जिन अतृप्त इच्छाओं (तृष्णा) को प्राप्त करने में अपना सम्पूर्ण जीवन व्यर्थ कर रहे हैं वो हमें जीवन के किन यथार्थ सुखों से वंचित कर रही है। मनुष्य जीवन में सदैव आनन्द की प्राप्ति करना चाहता है परन्तु भागदौड़ी जीवन में वह यह नहीं समझ पाता है कि उसके लिए **भौतिक सुख** और **आध्यात्मिक सुख**, दोनों में से कौन–सा ज्यादा कल्याणकारी है? एक तरफ भौतिक संसाधनों का विकास समाज को विकसित कर रहा है और वहीं दूसरी तरफ समाज का प्रत्येक व्यक्ति मानसिक एवं आध्यात्मिक दरिद्रता से रुग्ण हो रहा है। इस प्रकार **मानसिक** एवं **आध्यात्मिक रुग्णता** के कारण समाज में मृत्यु के विकृत रूप दिखाई दे रहे हैं।

मनुष्य के जीवन का अन्त ही 'मृत्यु' है। शरीर के वृद्ध हो जाने पर (प्राकृतिक रूप से) या फिर शरीर के क्षतिग्रस्त होने पर प्राणशक्ति का शरीर से बाहर निकल जाना ही मृत्यु है। मृत्यु के प्रकार हैं– प्रकृति के द्वारा मृत्यु को प्राप्त होना, दूसरों के द्वारा मारा जाना (हत्या), अपने आप को मार देना (आत्महत्या) और **यूथेनेसिया** (असाध्य बीमारी की दशा में चिकित्सीय इलाज के द्वारा मृत्यु देना)। सामान्य ढंग से शरीर के क्षीण होने पर या आयु के पूरा होने पर प्राणशक्ति का शरीर से बाहर निकल जाना सामान्य मृत्यु है परन्तु आज कुण्ठा एवं संताप के कारण व्यक्ति में जीवन जीने की जिजीविषा समाप्त हो गयी है। वह असमय ही अपने जीवन को समाप्त कर रहा है। उदा०– **आत्महत्या और यूथेनेसिया (इच्छामृत्यु)**। यूथेनेसिया मृत्यु का एक ऐसा प्रकार है जिसे विशेष परिस्थिति में उचित माना जा सकता है परन्तु आत्महत्या एक अपराध है। आत्महत्या शाश्वत सत्य मृत्यु को समाज में विकृत रूप से पुष्पित कर रहा है। यह समाज में नकारात्मक प्रवृत्तियों को उत्पन्न करता है। व्यक्ति अपनी इच्छाओं के अधीन होकर आत्महत्या का आलिंगन कर रहा है।

आत्महत्या लैटिन भाषा के **Suicidium** शब्द से बना है जिसका अर्थ 'स्वयं को मारना' है। यह एक संकुचित प्रवृत्ति का परिणाम है। प्रिय की मृत्यु या अलगाव, आर्थिक समस्या आदि कारण आत्महत्या जैसे भौतिक अवसाद को

* सहायक प्राचार्य, दर्शनशास्त्र विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय (अंगीभूत इकाई वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार)

Self-attested
Sonal

उत्पन्न करती है। आत्महत्या के आँकड़ों में उत्तरोत्तर वृद्धि का कारण मन की यही संताप है। प्राचीन काल से ही आत्महत्या को समाज के लिए एक अभिशाप माना गया है। वैदिक साहित्य में आत्महत्या की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने के लिये विभिन्न प्रकार के दण्ड प्रतिमानों का उल्लेख है। आत्महत्या करने वाले व्यक्तियों को साठ हजार वर्षों तक नरक की यातना झेलनी पड़ती है। इस प्रकार का व्यक्ति चाहे जीवित रहे या मर जाये वह अशुद्ध कहलाता है। वैदिक ग्रंथों में माना गया है कि ऐसे व्यक्ति की चिता को अग्नि देने वाला भी अशुद्ध हो जाता है। आत्महत्या भाई को मारने से भी बड़ा अपराध है। गरुड़ पुराण के अनुसार भी ऐसी जीवात्मा को मृत्यु के पश्चात् घोर अवगुणों से गुजरना पड़ता है। थॉमस ने अपनी पुस्तक में बताया है कि पूर्वकाल से ही आत्महत्या एक दण्डनीय अपराध है वो लिखते हैं कि "प्राचीन एथेंस में जो व्यक्ति राजा की आज्ञा के बिना आत्महत्या करता था तो उसे सामान्य रूप से दफनाने का अधिकार नहीं था। उस व्यक्ति को शहर के बाहर अकेले दफनाया जाता था। उसकी कब्र पर किसी भी प्रकार का चिह्न नहीं होता था।" अब्राहमिक धर्म में भी आत्महत्या को ईश्वर के समक्ष किया जाने वाला अपराध माना गया है। यह धर्म जीवन जीने की पवित्रता में विश्वास रखता है। हमारे देश की न्यायायिक प्रणाली की धारा 309 के तहत आत्महत्या एक अपराध है परन्तु 2008 में सरकार ने इसमें परिवर्तन करके इसे अपराध की श्रेणी से हटा दिया है। परन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि आत्महत्या करना उचित है। यह केवल इसलिये किया गया है कि उस कुण्ठित व्यक्ति को कठिन न्यायायिक प्रक्रिया से गुजरना ना पड़े। यह एक अनैतिक कर्म ही है। यह पूर्वाग्रहों से ग्रसित होकर किया जाता है। मिल और कांट भी यही मानते हैं।

प्रश्न उठता है कि हिन्दू धर्म में सती प्रथा मृत्यु का किस प्रकार का उदाहरण है? क्या यह आत्महत्या जैसे कुकृत्य को प्रश्रय देती है? ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। सती प्रथा आत्महत्या को प्रश्रय नहीं देती है। यह कृत्य निराशाभरी प्रवृत्ति के कारण नहीं होता है बल्कि प्राचीन काल में स्त्रियाँ अपने सतीत्व के रक्षार्थ जौहर शौर्य एवं उत्साहपूर्ण प्रवृत्ति से युक्त होकर करती थीं। जैसे – रानी पद्मावती का जौहर।

आधुनिक युग में सुसाइड बॉम्बर्स किस प्रकार के मृत्यु के उदाहरण हैं? क्या यह आत्महत्या का प्रकार है या इच्छामृत्यु का? यह कैसी इच्छामृत्यु है जो अपने साथ लाखों व्यक्तियों के मृत्यु का कारण बनती है। ऐसे व्यक्ति निराशावादी होते हैं जिनके जीवन का कोई लक्ष्य नहीं होता है। यह व्यक्ति अन्धविश्वास में आकर ये अपराध करते हैं। यह इच्छामृत्यु नहीं है क्योंकि इच्छामृत्यु का तात्पर्य किसी असाध्य बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को डॉक्टरी सहायता से मरीज के जीवन को समाप्त करना है। इच्छामृत्यु को 'मर्सी किलिंग' एवं 'यूथेनेसिया' भी कहा जाता है। **Euthanasia** एक ग्रीक शब्द है। Eu का अर्थ अच्छी और Thanatos का अर्थ मृत्यु है। इच्छामृत्यु के प्रकार निम्न हैं–

Self-attested
Sonal

1. **स्वैच्छिक एक्टिव यूथेनेशिया (Voluntary)**- स्वैच्छिक एक्टिव यूथेनेशिया में मरीज की मंजूरी के बाद जानबूझकर ऐसी दवा दी जाती है जिससे कि उसकी मृत्यु हो जाये। यूथेनेशिया का यह प्रकार केवल नीदरलैण्ड एवं बेल्जियम में वैध है।

2. **अनैच्छिक एक्टिव यूथेनेशिया (Involuntary)**- यह प्रक्रिया पूरी दुनिया में प्रतिबन्धित है। ऐसा मरीज जो मानसिक रूप से अपनी मृत्यु की मंजूरी देने में असमर्थ हो उस पर मरने के लिये दबा देना।

3. **सक्रिय यूथेनेशिया (Active)**- इसमें असाध्य बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति के जीवन का अन्त डॉक्टरी सहायता के द्वारा होता है।

4. **निष्क्रिय यूथेनेशिया (Passive)**- इसमें व्यक्ति अगर काफी समय से कोमा में है और उसके ठीक होने की सम्भावना काफी कम है तो ऐसी स्थिति में उसके परिवार वालों की रजामंदी से डॉक्टर के द्वारा उसके जीवनरक्षक उपकरणों का बन्द करना होता है। 9 मार्च 2018 को भारत देश में भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु को अनुमति प्रदान की गयी है।

5. **सहायता प्राप्त इच्छामृत्यु (Assisted Suicide)**- जब व्यक्ति जीवन से हताश हो जाता है तब आत्महत्या की दृष्टि से वह डॉक्टर के द्वारा ऐसी दवा लेता है जिससे उसकी मृत्यु हो जाये। नीदरलैण्ड, बेल्जियम, स्विट्जरलैण्ड और अमेरिका में इस प्रणाली को वैध माना गया है।

इस प्रकार स्विट्जरलैण्ड, नीदरलैण्ड, बेल्जियम, जर्मनी, जापान, कनाडा, फ्रांस, स्पेन, ब्रिटेन, इटली, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में अपनी कानूनी व्यवस्था में इच्छामृत्यु सम्बन्धित नियमों का निर्माण करके उसे पारित माना है।

इच्छामृत्यु की प्राचीनता को अगर देखा जाये तो इसके स्पष्ट उदाहरण महाभारत और रामायण के ही काल से मिलते हैं। महाभारत के युद्ध के समय भीष्मपितामह तब तक शरशैय्या पर लेटे रहे जब तक सूर्य उत्तरायण नहीं हो गया। सूर्य के उत्तरायण होने के पश्चात् ही उन्होंने शरीर का परित्याग किया। इसी प्रकार रामायण काल में सीताजी का धरती में समाहित होना भी इच्छामृत्यु का ही उदाहरण है। श्रीराम ने भी अपनी इच्छा से ही सरयू नदी में जलसमाधि ली थी। समकालीन स्वामी विवेकानन्दजी ने भी योगसमाधि के द्वारा और विनोबाभावेजी ने अपनी इच्छा से इच्छामृत्यु का वरण किया था। अतः स्पष्ट है कि इच्छामृत्यु प्राचीन काल से ही वैध थी। इच्छामृत्यु कठोर साधना के द्वारा ही प्राप्त हो सकती थी।

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में जैन धर्म का सल्लेखना (संथारा) सिद्धान्त कठोर साधना पद्धति के द्वारा प्राप्त होने वाला इच्छामृत्यु का ही एक प्रकार है। जैन धर्म की आत्म-उन्नयन की प्रक्रिया सल्लेखना (संथारा) कहलाती है। इसमें श्रावक और मुनि उपवास के द्वारा शरीर को क्षीण करके शरीर का त्याग करता है। सल्लेखना शब्द सत् और लेखना से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ सम्यक्

Self attested
Sonal

प्रकार से काय और कषायों को कमजोर करना है। सल्लेखना में बाह्य शरीर एवं आन्तरिक कषायों को तथा उनके कारणों का त्याग करके क्रमशः कृश (समाप्त) किया जाता है। दिगम्बर जैनशास्त्रों के अनुसार इस प्रकार की समाधि को सल्लेखना और श्वेताम्बर के अनुसार इसे संथारा कहा जाता है।

कषायों से रहित मन को शुद्ध आत्म स्वरूप में केन्द्रित करते हुए प्राणों का विसर्जन करना ही सल्लेखना है। सभी धर्माचार्यों के अनुसार जीव का अन्तकाल अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। जैनियों ने यहाँ तक कहा है कि जीवनभर की तपस्या व्यर्थ होगी अगर अन्त समय में रागद्वेष– आसक्ति रहित होकर समाधि धारण न की जाये। जैन धर्माचार्यों के अनुसार सल्लेखना प्रारम्भ करने का एक निश्चित समय होता है। समन्तभद्र आचार्य के अनुसार सल्लेखना उपसर्ग (मृत्यु) आने पर, दुर्भिक्ष (अकाल) के समय, बुढ़ापे में और असाध्य रोग होने पर तथा धर्म की रक्षार्थ किया जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि संथारा एक इच्छामृत्यु का प्रकार है। ये मृत्यु के विकृत रूप आत्महत्या जैसा अपराध नहीं है क्योंकि संथारा धर्म रक्षार्थ किया जाने वाला धार्मिक प्रवृत्ति से युक्त धार्मिक संकल्प है। यह अहिंसक एवं आध्यात्मिक आत्मस्वतन्त्रता की साधना पद्धति है जिसमें आत्मतत्व का उन्नयन होता है।

भगवती आराधना में सल्लेखना के दो प्रकारों का वर्णन मिलता है– आभ्यन्तर एवं बाह्य। सर्वप्रथम आभ्यन्तर सल्लेखना तप के द्वारा मन से कषायों (रागद्वेष, मोह, लोभ) को दूर करती है तत्पश्चात बाह्य सल्लेखना द्वारा शरीर को कृश किया जाता है। सल्लेखना वास्तव में शान्ति के उपासकों की आदर्श मृत्यु है। जैसे सूर्योदय होने के साथ सूर्यास्त निश्चित है वैसे ही जीव के जीवन के साथ उसका अन्त निश्चित होता है। अतः जीव को यह निश्चित करना है कि वह इस प्रपंचमय जगत से किस प्रकार की मुक्ति चाहता है? वह इस शाश्वत सत्य को सुखपूर्वक ग्रहण करना चाहता है कि हताश मन से शरीर का त्याग करना चाहता है। सल्लेखना सिद्धान्त के द्वारा बताया गया है कि जब जीव को लगता है कि वह मृत्यु के करीब है तो उसे कठिन प्रक्रिया के द्वारा शरीर को कृश करना चाहिए और ये सम्पूर्ण प्रक्रिया गुरु की देख–रेख में होनी चाहिये। सल्लेखना पद्धति द्वारा जीव को मृत्यु सुखपूर्वक उसी प्रकार मिलती है जिस प्रकार एक सैनिक देश की रक्षा के संकल्पार्थ सीमा पर युद्ध के समय अपने शरीर को त्यागता है। युद्ध में सैनिक को ज्ञात होता है कि उनकी मृत्यु सम्भावित है उसके बाद भी वह उस सम्भावित मृत्यु से डरते नहीं हैं बल्कि उस कर्तव्यपथ पर आयी मृत्यु को सुखपूर्वक ग्रहण करते हैं। सल्लेखना छोटी आयु वाले और स्वस्थ जीव के लिये नहीं है। यह उन मुनियों और श्रावकों के लिये जो मृत्यु के समीप हैं। सल्लेखना एक ऐसा महोत्सव है जिसमें जीव सभी दुःखों से मुक्त हो आत्म उन्नयन करता है।

संक्षेप में, आत्महत्या दुःख एवं शोकयुक्त प्रवृत्ति का परिणाम है जबकि सल्लेखना सुखपूर्वक शोकरहित ढंग से मृत्यु के वरण करने की कला है।

Self attested.
Sonal

आत्महत्या कायरता का सूचक है क्योंकि विकृति में व्यक्ति हीन भावना से युक्त होता है, सल्लेखना वीरों का आभूषण है जो धर्म से प्रेरित होकर किया जाता है। आत्महत्या एक अंधविश्वास है जो दूसरों के विचारों से प्रभावित होकर किया जाता है दिल्ली का बुराड़ी काण्ड इसका स्पष्ट उदाहरण है जिसमें अंधविश्वास के कारण एक ही परिवार के 11 सदस्यों ने सामूहिक आत्महत्या की थी। आत्महत्या पलायनवादी नीति से प्रभावित होता है। इसमें व्यक्ति जब जीवन की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाता है तब वह जीवन से पलायन कर लेता है जैसे बक्सर, बिहार के डी० एम० ने किया। सल्लेखना में अंधविश्वास को स्थान प्राप्त नहीं है। यह स्वयं की इच्छा से की जाती है। आत्महत्या क्षोभ एवं असंतोष का परिणाम है जबकि सुख और संतोष का फल सल्लेखना है क्योंकि यह जीवनभर की तपस्या के द्वारा प्राप्त होता है। आत्महत्या संसार में भटकन को जन्म देती है जिससे संसार में हिंसा की प्रवृत्ति बढ़ती है जबकि सल्लेखना के द्वारा धार्मिक वातावरण बनता है ये मृत्यु जैसे अवसाद को महोत्सव का रूप देती है। आत्महत्या के द्वारा व्यक्ति सबकुछ खो देता है, सल्लेखना के द्वारा वह परम पुरुषार्थ को प्राप्त करता है। इस प्रकार आत्महत्या में तीव्र कषायों (रागद्वेष, मोह) के आवेश में आकर शरीर को हानि पहुँचायी जाती है। यह मृत्यु **भौतिक अवसाद** का परिणाम है जबकि सल्लेखना प्रमादरहित समाधि की अवस्था है जो **आध्यात्मिक संतोष** की प्राप्ति कराती है।

हिन्दू समाज में जीवन का चरमलक्ष्य मोक्ष पुरुषार्थ को प्राप्त करना है। चाणक्यनीति में कहा गया है कि "जिस मनुष्य ने चारों पुरुषार्थों में किसी एक की सिद्धि नहीं की है तो उसका जीवन मृतक के समान होता है।" आत्महत्या के द्वारा प्राप्त मृत्यु हमें पुरुषार्थ की सिद्धि नहीं करने देती है जिसके कारण व्यक्ति आत्मा के यथार्थ स्वरूप को समझ ही नहीं पाता है और वो इस संसार से कभी भी मुक्त नहीं हो पाता है। इसके विपरीत इच्छामृत्यु का वरण करने वाला पुरुष आत्मा के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करके मोक्षानुभूति प्राप्त करता है।

निष्कर्षतः आधुनिक समय में आत्महत्या के आंकड़ों में उत्तरोत्तर वृद्धि का कारण पारिवारिक कलह और वैवाहिक सम्बन्धों में आई समस्याएं हैं। ऋणग्रस्तता, दहेज, परीक्षा में विफलता, प्रेम–सम्बन्ध में विफलता, शर्मिंदगी, लम्बी और असाध्य बीमारी, मानसिक रोग, गरीबी, बेरोजगारी, नशीली दवाओं के व्यसन आदि भी आत्महत्या के उत्तेजक घटक हैं। इन समस्याओं को दूर करने का परम कर्तव्य राष्ट्र का है। राष्ट्र का कर्तव्य है कि वह एक ऐसा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक वातावरण निर्मित करे जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की **नकारात्मक प्रवृत्तियों** का निरोधन हो सके और वह व्यक्ति राष्ट्र में जीवन को जीने की एक **सकारात्मक** राह ढूंढ सके। मृत्यु के शाश्वत सत्य को ज्ञान के साथ स्वीकार करते हुए, मृत्यु के विकृत रूप को हतोत्साहित करते हुए जीवन को एक महोत्सव की भांति व्यक्ति को जीवन जीने की कला सीखने की चेष्टा करनी

Self- attested

चाहिए ताकि वह जीवन को पूर्ण त्वरित और पूर्ण उत्साह के साथ जी सके एवं अपने जीवन को एक अर्थ प्रदान कर सके।

युवाओं में इस समस्या के समाधान के लिये सरकार को समाज में **नैतिक शिक्षा** का प्रचार प्रसार करना होगा। नैतिक (दार्शनिक) शिक्षा के द्वारा ही शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा का आध्यात्मिक विकास सम्भव है। नैतिक शिक्षा व्यक्ति को उसके अस्तित्व के प्रति एक गहन दृष्टि प्रदान करती है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने **भौतिक अवसादों** का निराकरण करके एक सन्तुष्ट एवं खुशहाल जीवन जीने की कला सीखता है और **आध्यात्मिक संतोष** की प्राप्ति करता है।

सन्दर्भ-सूची

1. पराशर स्मृति– 4/1-2, महा0 शान्ति पर्व–70/28, भागवतपुराण– 14/21-22।
2. गरुड़पुराण– 2/8।
3. Fatal Freedom: The Ethics and Politics of Suicide, P. no-11, Thomas
4. [illegible] (In. Encyclopedia of Jainism.com)
5. आचार्य तुलसी अभिनन्दन ग्रन्थ, अध्याय– 04, पृ0– 53।
6. रत्नकरण्डश्रावकाचार, श्लोक– 122।
7. गीता– 16-21।
8. [illegible]

◆ ◆ ◆

Self-attested

Reg. No. : N-1316/2014-15
Approved by UGC

ISSN : 2394-2207

उन्मेष
Unmesh

An International Multilingual Half Yearly Refereed Research Journal

Vol. : 3 No. 1 November, 2016-April, 2017

सम्पादकद्वय
डॉ० राधेश्याम मौर्य
शिवेन्द्र कुमार मौर्य

सह-सम्पादक
डॉ० मनोहर लाल
डॉ० अरविन्द कुमार

प्रकाशक
जन सेवा एवं शोध शिक्षा संस्थान, प्रतापगढ़-२३०००१ (उ०प्र०)

■ vd/'ky fpUrl ,d fo'y"k.k — 181&183
जय प्रकाश यादव

■ Hkkjr esa Hkkfe lajpuk dk lekt'kkL=h; v/;;u — 184&186
संजय भारती

■ jhfrdkyhu uhfrdforkvksa ,o nksgks a l — 187&189
पल्लवी मिश्रा

■ vkfn dky ls Hkkjrh; lekt esa foKkiu ds cnyrs Lo:i% ,d v/;;u — 190&192
अजय प्रकाश जायसवाल

■ Yksd thou vkSj lkfgR; — 193&197
डॉ० विजय कुमार रंजन

■ dk'kh esa ;{k iwtk dh ijEijk — 198&199
डॉ० उमाशंकर गुप्ता

■ iz;{k leh.kk % dk'ehj 'kon'ku ds vkyksd esa — 200&202
सर्वेश त्रिपाठी

■ tuokn vkSj n/khuPh fl g dk dFkk lkfgR; — 203&206
प्रदीप जायसवाल

■ iz lkn dk lkfn; prus — 207&209
गोपाल यादव

■ yksd dykdkj 'fHk[kkjh Bkdqj' dk lkfgR; fo'ks"k lnHkZ 'lq=/kkj' — 210&214
रवीन्द्र कुमार यादव

■ egkRek xka/kh vkSj b lkb /keZ — 215&217
श्याम कुमार सिंह

■ cM+ dh nf'V esa fopkj vkSj lr — 218&220
सोनी कुमारी

■ Hkkjrh; Lora=rk vkanksyu esa i=dkfjrk dh Hkwfedk vkSj fgUnh i=dkfjrk — 221&226
डॉ० अमित कुमार सिंह कुशवाहा

■ vkWuykbu leppkj i=ksa dh vUroZLrq dk
;ksx fo|kfFkZ;ksa ij izHkko
'fgUnh v[kckjks ds oc laLdj.kk ds lekpkj ,o foKkiu ij vk/kkfjr v/;;u' — 227&232
प्रदीप कुमार

■ ifreks&ikB rFkk vfdr y[k — 233&235
स्वतंत्र कुमार मौर्य

■ Lokra=;ksRrj vk/kqfud xqtjkrh dfork dk çeq[k çofÙk;k — 236&240
समर विजय

■ dlek;uh vkSj fgUnh vkykspuk — 241&242
अवनीश कुमार पाण्डेय

■ v lk/;ok.kk esa fgUnh n'ku — 243&245
मिथलेश कुमार

■ vtufc;r d vkbus esa ubZ dgkuh — 246&250
शिवानी सक्सेना

■ dFpk dk dkuu — 251&253
प्रियंका कुमारी मिश्रा

■ fgUnh uotkxj.k ls cky.N".k HkV~V ds fuca/kksa dh nfu;k — 254&263
डॉ० समीर कुमार पाठक

उन्मेष Unmesh - ISSN 2394-2207
Vol. III, No. 1, November-2016, April-2017

dPph dk dkuu

fi;dk dekjh feJk*

आज भी भारत की अधिकांश जनसंख्या गांवों में रहती है और आधुनिकता की दौड़ में ये गाँव और वहाँ के लोग बहुत पीछे हैं। हिन्दी साहित्य में इतनी बड़ी जनसंख्या को तुलनात्मक रूप से बहुत कम जगह मिली है। आधुनिक युग में भी गाँव के जीवन, यहाँ के लोगों की चुनौतियों, खुशियों, तकलीफों, सपनों को, पढ़ने समझने वाले लेखक बहुत कम हैं। शिवमूर्ति ही ऐसे लेखक हैं, जो गाँव और उससे जुड़े सभी पहलुओं को अपनी लेखनी के माध्यम से उसका सजीव चित्रण करते हैं। वह अपनी कहानियों में ग्रामीण समाज को उतने ही बेढंगेपन, उतने ही कुरूप, उतने ही खुरदरे उतने ही विभिन्न रूप में चित्रित करते हैं जितना वह वास्तव में है।[1]

शिवमूर्ति जी का नवीनतम उपन्यास 'कुच्ची का कानून' एक ऐसे विधवा स्त्री की कहानी है जो अपने कोख के अधिकार के लिए पंचायत से लड़ती है और उसे इस लड़ाई में समाज के बयोवृद्ध व नई पीढ़ी के स्त्रियों व पुरुषों का सहयोग मिलता है और वह इस लड़ाई में जीतती है। यह उपन्यास स्त्री सशक्तिकरण और पितृसत्तात्मक समाज पर चोट करती है। यह आधुनिक स्त्री की एक विजय–गाथा है। इस उपन्यास का केन्द्र भी गांव है, साथ ही शहरी संस्कृति का प्रभाव ग्रामीण संस्कृति में कैसे परिवर्तन लाता है, इसे दिखाने का प्रयास किया गया है।

शिवमूर्ति के कथा संसार के स्त्रीपात्र बड़े ही सजीव व मार्मिक रूप से हमारे ग्रामीण समाज के गरीब व दलित स्त्री वर्ग की दयनीय स्थिति को उजागर करते हैं। 'कुच्ची का कानून' स्त्री संघर्ष की एक नई गाथा है। यह कहानी एक विधवा स्त्री के अपनी मर्जी के पुरुष से बच्चा पाने और भरी पंचायत में अपनी कोख पर अपने हक के लिए लड़ जाने की बेहद सशक्त, मार्मिक और शानदार कहानी है। इस कहानी में स्त्री पंचायत में हारती नहीं है, वह गांव के बूढ़ों को अपनी तर्कशीलता से उन्हीं की खाट में निरुत्तरित कर देती है और एक विजयी के रूप में उभरती है।[2] और उसे इस संघर्ष में नव–चेतना से युक्त समाज का बल मिलता है। इस कहानी की मुख्य पात्र कुच्ची है, जो विधवा है। विधवा होने के पश्चात् परिस्थितियों सामने ने जाकर बूढ़े सास–ससुर की सेवा के लिए ससुराल में ही रहने लगती है। उसकी पैतृक सम्पत्ति पर कब्जा करने के लिए जेठ बनवारी से लेकर गाँव के लोग ललचाई भरी नजरों से देख रहे थे। यह स्त्री विरोधी समाज में अपने सास–ससुर और अपनी स्वयं की अस्मिता रक्षा के लिए संघर्ष करती है और अपनी कोख से किसी और का बच्चा पैदा कर अपनी सम्पत्ति के लिए वारिस पैदा करने का संकल्प लेती है। उसका यह कार्य पितृसत्तात्मक समाज में भूचाल ला देता है क्योंकि यह मातृसत्तात्मक शक्ति का विस्तार ही रहा था। उसकी जेठ बनवारी द्वारा पंचायत में उसे कुलटा और अपमानित करने के उद्देश्य से पंचायत बुलाता है। उसे पंचायत में अवैध गर्भ के लिए घेरा जाता है। लेकिन अशिक्षित कुच्ची दिलेरी और हिम्मत से अपने कोख में पल रहे बच्चे को जन्म देने का हक दिये जाने की बात करती है और कहती है– "मैं दूसरे से बीज लेकर अपने लिए सहारा पैदा कर रही हूँ। मैं अपनी कोख का उद्धार करना चाहती थी। कोख मेरी है तो हक किसका होगा।"[3]

विधवा कुच्ची पुत्र के नाम के आगे माँ के नाम को ही पर्याप्त मानती है। उसे इस बात पर बड़ी हैरानी होती है कि गोद लिए गये बच्चे को तो पति की विरासत में हिस्सा मिल जायेगा लेकिन स्वेच्छा से किसी पुरुष से पैदा होने वाले बच्चे को हक नहीं मिलेगा। वह कहती है, "जो मेरी कोख से पैदा होगा, उसका

*शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

अच्छा चाहे जिसका हो लेकिन अच्छा खून तो मेरा होगा। गोद वाले बच्चे में तो मेरे खून की एक बूँद भी नहीं होगी। दोनों में से मेरा ज्यादा सगा कौन हुआ? वह सिर घुमाकर चारों तरफ देखती है– मुझे तो विश्वास नहीं होता कि यह जवाहर लाल नेहरू ऐसा अच्छा कानून पास करवाये होंगे, जोहू ने तो बहुत गऊ आदमी लगते हैं।”

यह कानून पर सवाल उठाने के पश्चात् पुत्र के आगे माँ के नाम को ही पर्याप्त मानता है। यह इस तर्क को ऐतिहासिक पुराण व आख्यान का सहारा लेती है। उसका यह निर्णय समाज पर दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। जिससे समाज के कथित विघटन की ज्यादा आशंका है। स्त्री का पुरुष के कब्जे से मुक्त हो उसे स्वतंत्र अस्तित्व के स्थापित हो जाने का भय है, जो जर–जमीन, उत्तराधिकार के साथ उसे आर्थिक मजबूती दे ज्यादा स्वतंत्र करता है।” कुच्ची का यह निर्णय एक क्रांति की तरह है। जो इक्कीसवीं सदी के समाज में समानता की वकालत करता है।

स्त्री का यौन शोषण होना और प्रतिरोध किये जाने पर उसके ऊपर शारीरिक व मानसिक अत्याचार किया जाना पितृसत्तात्मक समाज की सामान्य प्रवृत्ति है। नारी के जीवन को निर्धारित करने के लिए बहुत सारी नैतिकता रूपी आचार–संहिता निर्धारित की जाती है और पुरुषों को एक खुले सांड़ की तरह छोड़ दिया जाता है। पंचायत भी पुरुषों को नैतिकता के नाम पर खुली छूट दिया हुआ है जबकि स्त्री के लिए बहुत सारे बंधन। कुच्ची के प्रतिरोध को बल इसी समाज के खुले नियमों ने प्रदान की। और उसका समर्थन बौद्धिक वर्ग के पुरुष और जागरूक स्त्रियाँ द्वारा मिलता है। जिसके कारण कुच्ची पर सवाल उठाने वाले खुद सवालों के घेरे में आ जाते हैं और पंचायत से भाग खड़े हो जाते हैं।

इस उपन्यास में समाज के रिश्तों का जो मोल दिखाई दिया है, वह आज के गांव में अभी भी दिखाई पड़ता है। कुच्ची अपने सास–ससुर को माँ–बाप की तरह सेवा करती है, तो उसका चचेरा जेठ धन–संपत्ति के लिए अनेक कुचक्र रचता है और अपनी भवह की अस्मिता पर भी हमला करता है। उसे बदनाम करने के लिए और घर से बाहर निकालने के लिए पंचायत बुलाता है। कुच्ची के मन में आये इस परिवर्तन के लिए इलाज के दौरान अस्पताल में मिली नर्स और कुच्ची के संवाद ही जिम्मेदार है। कुच्ची के युवा मन में नर्स कुट्टी की बातें सुनकर अचानक आ धमके वैधव्य के कारण निःसंतान रह जाने तथा निःसंतानता के कारण पारिवारिक संपत्ति व सामाजिक वजूद खो देने की स्थिति पैदा होने की पीड़ा असहय हो उठती है। वह सास को इस बात के लिए तैयार करती है और अपने कोख में बच्चा धारण करती है। कुच्ची को बाद धन्नू बाबा से मिलता है जो उसे पंचायत में बहस के लिए ज्ञान देते हैं।

शिवमूर्ति जी का उपन्यास 'कुच्ची का कानून' नये स्त्री सशक्तिकरण और नवजागृत समाज के उदय से सम्बन्धित है। यह पितृसत्तात्मक सत्ता पर चोट करती हुई कथानक है। अब गाँवों की पंचायत का बदलता स्वरूप और नारी चेतना का नव स्वरूप दिखाई पड़ता है। इस कथानक का प्रारम्भ कुच्ची के विधवा होने और उसके चचेरे जेठ द्वारा संपत्ति हड़पने की साजिश से प्रारम्भ होती है। कुच्ची के गर्भवती होने से गाँव में उथल–पुथल, पंचायत का बैठना और उसमें गर्भ धारण को नैतिक समर्थन मिलना एक नये समाज के उदय को दर्शाता है। शिवमूर्ति जी ने 'कुच्ची का कानून' में पंचायत को एक तरह के शास्त्रार्थ की वेदी की भाँति प्रस्तुत किया है। जहाँ शास्त्रार्थ का विषय किसी निगूढ़ आध्यात्मिक दर्शन अथवा धार्मिक विचार के निष्पादन से जुड़ा नहीं है। यहाँ विचारणीय विषय एक विधवा स्त्री के कोख के अधिकार से जुड़ा है। माँ बनने के उस विधवा के संकल्प से जुड़ा है। यहाँ एक विधवा सामान्य अबला है– 'वह धर्म–शास्त्रों की ज्ञाता नहीं है, किन्तु उसका व्यावहारिक ज्ञान प्रबल है। उसकी साधारण बुद्धि में असाधारण तर्कशीलता समाहित है।”

यह उपन्यास सिर्फ नारी के कोख के अधिकार को नहीं दर्शाता, बल्कि भारत के नये गाँव के स्वरूप का दर्शन होता है। इसमें घटी घटना या संवाद गाँव के यथार्थ के करीब होता है। गाँव के प्रचलित पुरानी परम्पराओं का विघटन है तो अकेली स्त्री का नई दिशा में बढ़ने का साहस है। पंचायत के फैसले को धन–बल से नहीं बल्कि तर्कपूर्ण संवाद से ही बदले जायेंगे। बाह्य समाज का प्रभाव गाँव में एक नई चेतना लाता है। इसका उद्देश्य गाँवों में नये सामाजिक मूल्यों को स्थापित करना है।

शिवमूर्ति की रचनाओं में मुख्यतः स्त्री विमर्श का मुद्दा है किन्तु उनके स्त्री विमर्श के केन्द्र में आज की पढ़ी–लिखी, जागरूक भद्र नारी नहीं बल्कि निम्नवर्गीय आंखों के दैहिक ताप व उत्पीड़न जिजीविषा

प्रतिरोध पारिवारिक क्लेश आदि पर केन्द्रित है जो परिवार समाज के दायरे में घूमती है। ये अनपढ़, गरीब, शोषित, उपेक्षित औरतें हैं जो मात्र संघर्षपूर्ण जीवन बिताती हैं। ऐसी परिस्थितियों में ये औरतें किस प्रकार अपने आत्मविश्वास से जोड़ते हुए संघर्ष करती हैं। कोख पर स्त्री के अधिकार जैसे मुद्दे से इतर भी इस कहानी में बहुत कुछ ऐसा है, जो हमारी संवेदना को भीतर तक आंदोलित करता है। यह जिला अस्पताल की व्यवस्था और समाज के भ्रष्ट तरीकों को उजागर करते हैं।

शिवमूर्ति जी का लेखन हमेशा से ग्रामीण यथार्थ पर लिखने का कार्य किया, वह स्त्री सशक्तिकरण के पक्ष में लिखे और अपने पात्रों द्वारा समाज के सभी पहलुओं को उजागर कर दिया है। वह अन्य रचनाओं की तरह आम बोलचाल के शब्दों, मुहावरों व कहावतों का धड़ल्ले से प्रयोग करके अपनी भाषा को अत्यन्त स्वाभाविक, सुग्राह्य एवं रोचक बना देते हैं। उनका उद्देश्य सामाजिक मूल्यों की स्थापना का है। जहाँ परम्परा के प्रति विद्रोह की स्थिति है। इसमें जड़ पारम्परिक सिद्धान्तों के पुनर्मूल्यांकन एवं नूतन मूल्यों के प्रतिपादन भी है।

lUnHkZ

1. इण्डिया इनसाइड, पृष्ठ 20
2. वही, पृष्ठ 21
3. कुच्ची का कानून, शिवमूर्ति, पृष्ठ 36
4. वही, पृष्ठ 37
5. इण्डिया इनसाइड, पृष्ठ 45
6. वही, पृष्ठ 24
7. इण्डिया इनसाइड, पृष्ठ 25

*****|

[illegible] अंक–7, 8 ISSN 0975-3788

वीक्षा

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान की अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका

प्रधान संपादक

सदानन्द शाही

संपादक

बृजराज सिंह

कमल कुमार

लोकायत प्रकाशन

हिन्दी कहानियों में वर्णित प्रेम के विविध रूप [illegible]
    [illegible] झा
विष्णु नागर की कविता [illegible]
    [illegible] तिवारी
[illegible] [illegible]
    कमलजीत कौर
परम्परा और स्त्री : 'कस्तूरी कुण्डल बसै' के विशेष सन्दर्भ में [illegible]
    मनोज कुमार सिंह
[illegible] की प्रासंगिकता : [illegible] [illegible]
    डॉ. ज्योति सिंह
"राजस्थान में प्रतिपादित वास्तु–विवेचन एवं उस पर [illegible] का प्रभाव" [illegible]
    सुशीला कुमारी मीणा
[illegible] [illegible]
    प्रियंका सिंह
[illegible] [illegible]
    डॉ. शर्मिला [illegible]/पूजा [illegible]
गोदान : कृषक जीवन [illegible]
    अभिषेक सिंह
बाईसवीं शताब्दी के [illegible] साहित्य में [illegible] का चित्रण [illegible]
    गीतांजली सिंह
बेटी विशेष : [illegible] की समस्याओं का सजीव अंकन [illegible]
    [illegible] सिंह
जयशंकर प्रसाद और [illegible] की कहानियों का तुलनात्मक अध्ययन [illegible]
    [illegible] कुमार सिंह
स्वास्थ्य विज्ञान और मानव समाज [illegible]
    [illegible] सिंह
विवेकानन्द द्वारा धर्मों की एकरूपता पर [illegible]
    डॉ. अनूप [illegible] तिवारी
ललित निबन्ध और उसकी विकास यात्रा [illegible]
    [illegible] सिंह
साहित्य और इतिहास का सम्बन्ध [illegible]
    [illegible] उपाध्याय
जयप्रकाश नारायण : सम्पूर्ण क्रांति [illegible]
    डॉ. [illegible] शर्मा
[illegible] का [illegible] : केदारनाथ अग्रवाल [illegible]
    [illegible] यादव
स्त्री विमर्श और कबीर [illegible]
    विनय कुमार शुक्ल 'विद्रोही'
भारत में शिक्षक शिक्षा नीतियों का आलोचनात्मक अध्ययन [illegible]
    [illegible]
भारतीय [illegible] पर वैश्वीकरण का प्रभाव [illegible]
    दिलीप कुमार
मुगलकाल में [illegible] साम्प्रदायिक सद्भाव [illegible]
    डॉ. [illegible] पाण्डेय/डॉ. नीलम मिश्रा
शुद्ध [illegible] [illegible]
    [illegible] कुमार भारती
[illegible] एक सामाजिक समस्या एवं रोकथाम के उपाय [illegible]
    [illegible]

❁❁❁

 ISSN 0975-3788

शिवमूर्ति के गाँव का बदलता यथार्थ

प्रियंका मिश्रा

भारतीय संस्कृति के यथार्थ का आधार ही ग्रामीण जीवन रहा है। जिसमें वास्तविक यथार्थ के साथ, सरल जीवन और स्वार्थ रहित जनमानस में बसने वाला प्रेम है तो बदलते समय का स्वार्थ और कपट की राजनीति भी है।

नेहरू युग के आदर्शों से मोहभंग के बाद, राजनीति, समाज और ग्राम्य व्यवस्था सबमें बदलाव आया। सन् ८० के बाद ग्रामीण संस्कृति में कई बदलाव आये, बाजार, नगरीकरण और औपनिवेशिकता की लहर वहाँ तक भी पहुँची है। ग्रामीण जीवन का यथार्थ परिलक्षित हुआ। आजादी के बाद का भारत भी भी ग्रामीण भारत अपनी तमाम विद्रूपताओं और [illegible] अभिव्यक्त हुआ है तो वह कथाकार है 'शिवमूर्ति'। सन् ८० के बाद का गाँव प्रेमचंद और रेणु का गाँव ही है अपने बदलते समय के साथ वह शिवमूर्ति का गाँव भी है। जैसे भी कहा गया है कि– "व्यक्ति जिस वर्ग या वर्गों में पैदा होता है। उसी की नीति, आदर्श व आकांक्षाओं का अंगीकार कर लेता है और समाज में जो उसे मान–सम्मान, तिरस्कार–घृणा, प्यार, हिंसा या भय जो मिलता है, वही उसके अवलोकन का हिस्सा बन जाता है।"

शिवमूर्ति इसी बदलते समय के ग्रामीण जीवन को जीने वाले हैं अतः इनके अवलोकन में भी बदलते समय के कटु यथार्थ को इनकी रचनाओं (कथा साहित्य) में देखा जा सकता है। आजादी के बाद के गाँव का रूप अलग है। इसी भिन्नता को उन्होंने अपनी रचनाओं– 'कसाईबाड़ा', तिरिया–चरित्तर, भरतनाट्यम् सिरी उपमा जोग, अकालदण्ड, केसर–कस्तूरी आदि में संकलित किया है। इनके कथा उपन्यासों में अवध की ग्रामीण संस्कृति का गहरा अंकन मिलता है। प्रेमचन्द के बाद आये कथाकार रेणु, मार्कण्डेय, शेखर जोशी और शिवमूर्ति आदि ने कथालेखन के भीतर गाँव को प्रमुख विषय बनाकर रखा है। उन्होंने गाँव को केवल शोषित किसान का पर्याय समझने के बजाय, ग्रामीण संरचना में शामिल कई पक्षों जैसे स्त्री–जीवन, जातिवाद, सरकारी भ्रष्टाचार और आपसी ईर्ष्या आदि को कथानकों का आधार बनाया।

शिवमूर्ति की एक अति प्रसिद्ध कहानी 'तिरिया–चरित्तर' है। जिसमें गाँव के जीवन का यथार्थ हर तरफ से दिखता है। एक लाचार स्त्री की दारुण पीड़ा को उस कहानी में व्यक्त किया गया है। जैसाकि लोकतंत्र सबसे बड़ी प्रभावी सत्ता रही है, परन्तु वही लोकतंत्र देश को सबसे कमजोर वर्ग के लिए क्या कर पा रहा है। 'तिरिया–चरित्तर' की नायिका विमली अपने पैरों पर खड़ा होना तो जानती है, परन्तु पुरुष वर्ग के चक्रव्यूह को भेदना नहीं जानती है। पारिवारिक संस्कार से बंधी रहती है, पितृसत्ता उसके सफल व्यक्तित्व के बनने में बाधक बनती है। एक स्त्री को आत्मनिर्भर बनने से रोकती है और जब इस सफलता को पाने के लिए घर से बाहर जाती है तो स्त्रियों के लिए भयावह, असुरक्षित, शोषित व चरित्र पर दाग पैदा करने वाले संसार के रूप में चित्रित होती है।

'कसाईबाड़ा' और तिरिया–चरित्तर से लेकर 'आखिरी छलांग' (उपन्यास) तक जो परिदृश्य है, वह समकालीन भारत का यथार्थ रूप है। परिवार, थाना, कोर्ट, जाति–पाँति, किसान, दलित वर्ग, साम्प्रदायिकता, खेती–नौकरी, पारिवारिक विघटन का जो एक स्पष्ट चित्र निर्मित होता है जो असुंदर और दागदार है। भ्रष्टाचार का हल्लाबोल प्रशासनिक व्यवस्था से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में भी फैलता गया है, जिसे 'भरतनाट्यम' कहानी में प्रस्तुत किया गया है। स्वार्थ की गन्ध तो दूसरों से अपेक्षित होती है, परन्तु बदलते समय में एक संयुक्त परिवार का

शोधछात्रा (हिन्दी विभाग),
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी



An Appraisal of Urban Land Use and Planning of Mirzapur City

Akhilendra Nath Tiwary, G.N. Singh and P.R. Sharma

Cities are distinctive spatial units of the people, their activities and the institutions. The urban land is a boon for the development of the modern society. The land capacity is fixed, while the human population is increasing day by day. The occupancy of the land by man changes dynamically in space and time. This requires a scientific study of the land use related to their types, intensities and interconnections. Mirzapur city, which is situated on the southern bank of river Ganga in Eastern Uttar Pradesh, is significant both historically and culturally since ancient times. The urban land use of the city has emerged with a cultural hub around Vindhyavasini in the west and a commercial hub around Ghanta Ghar (Clock Tower) in the east. This paper aims to study the land use and also to present a model plan for the development of the city.

Key words : Urban land use, urban planning, land use planning, participatory planning, heritage city, commercial hub, urban models, urban structure.

Introduction

Urban Geography is studied with three dimensions-urban landscape and evolution, urban land use and morphology and urban planning (Sharma et al, 2005). This paper refers to the urban land use and planning of Mirzapur city (25°7'15"N – 25°11'15"N and 82°30'E – 82°38'30"E), which is situated on the southern bank of river *Ganga* in Eastern Uttar Pradesh (Fig.1). Mirzapur City in its present form is the result of colonial period, although the *Vindhyachal* region in the west has very long history since ancient times. The reference of *Vindhyachal* region can be found in almost all the ancient Indian chronicles epics and literatures (Sharma and Tiwary, 2005).

Objectives

The study has been attempted with the following objectives:

(I) to study the present land use of the city.

(II) to find out the problems which have hindered the urban development.

(III) to propose a model plan of land use for its future development.

Data Base and Methodology

Dr. Akhilendra Nath Tiwary is UGC Senior Research Fellow, Department of Geography, Banaras Hindu University, Varanasi, U.P., India (Email: antiwary2000@gmail.com)
Dr. G.N. Singh is lecturer in SAPS College, Bhadohi, Varanasi, U.P., India.
Dr. P. R. Sharma is Professor and Ex-Head, Department of Geography, Banaras Hindu University, Varanasi, U.P., India (Email: prsharma1950@gmail.com)

National Geographical Journal of India (ISSN : 0027-9374/11/58), Vol. 58, Pts. (3-4), Sept.-Dec. 2012 : 17-30

Self Attested
Akhilendra Nath Tiwary
26.10.21

2

Appraisal of People Centric Sustainable Development Goals in India

Dr. Akhilendra Nath Tiwary
Asst. Professor & HOD
Deptt of Geography
SVP College, Bhabhua, Kaimur
V.K.S.U, Bihar

Dr. Meeta Ratawa Tiwary
Former Reader of Geography
Deptt of Geography
Yobe State University, Nigeria

Introduction

